भोपाल, बुधवार 11 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष : 13, अंक : 220 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 31 न्यून. 17 haribhoomi.com

भ्रातु: आयु: सुखं चैव,
आरोग्यं च सदा भवेत्।
भगिन्या: स्नेहसंपन्नं,
जीवनं मंगलं भवेत्॥

भाई का जीवन लंबा, सुखी और निरोगी हो तथा बहन का स्नेह हमेशा उसके जीवन को मंगलमय बनाए

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

प्यार और विश्वास का हर रंग अनूठा होता है

भाई दूज आज



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026 का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

बिरसा मुंडा के गौरव और बलिदान को समर्पित होंगे आठ दिन

मप्र में जनजातीय गौरव सप्ताह तीन दिन होंगे बड़े आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मप्र में एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत तीन दिन तक बड़े कार्यक्रम होंगे। राज्य सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश के तीन अलग-अलग अंचलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। राज्य स्तर के बड़े कार्यक्रम जनजातीय बहुल विकासखंडों में होंगे। स्कूल-कॉलेज और छात्रावासों ▶▶शेष पेज 6 पर



डॉ. मोहन यादव

हर जिले में निकलेगी सांस्कृतिक रैली

छात्रावासों में युवाओं से संवाद

14 नवंबर को जबलपुर, 15 को धार और 16 को खंडवा में होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम

समाज, भाजपा और राज्य सरकार मिलकर करेंगे विभिन्न आयोजन

प्रदेशभर में होंगे जनजातीय अस्मिता, लोक-कला, संस्कृति और समग्र विकास पर केंद्रित कार्यक्रम




हेमंत खंडेलवाल, सीएम यादव सहित अन्य

मप्र देश में सर्वाधिक जनजातीय आबादी वाला राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश में सर्वाधिक जनजातीय आबादी वाला राज्य है। केंद्र और राज्य सरकार में भी जनजातीय जनप्रतिनिधियों को प्रमुख स्थान दिया गया है। मप्र से केंद्रीय मंत्री श्रीमती ▶▶शेष पेज 6 पर

प्रत्येक जिले में भव्य जुलूस और रैली: खंडेलवाल



हेमंत खंडेलवाल

खंडेलवाल ने कहा कि 11 से 18 नवंबर तक प्रदेश स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस मनेगा। यह हमारी जनजातीय लोककला, जनजातीय अस्मिता, संस्कृति और विकास पर केंद्रित है। भाजपा प्रत्येक जिले में भव्य जुलूस और रैली निकालेगी। शहरों के ▶▶शेष पेज 6 पर

खबर संक्षेप

कल भोपाल आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशीबाई के निधन पर शोक



जताने के लिए नेताओं का भोपाल पहुंचना जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 नवंबर को भोपाल आएंगे। वे शाम 4:40 बजे राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 5:15 बजे होशंगाबाद रोड स्थित वृंदावन गार्डन पहुंचकर शिवराज सिंह से मुलाकात करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भी भोपाल आने की संभावना है।

एक्टर पवन कल्याण का तीसरा तलाक


अमरावती। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण तथा उनकी पत्नी अन्ना



कोनिडेला ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया है। शादी के 13 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया। उपमुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह निर्णय आपसी समझ और सम्मान के साथ लिया गया है। दोनों ने अच्छे दोस्त बने रहने और बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी साझा करने की बात कही है। बच्चों की खुशी और भलाई उनकी प्राथमिकता रहेगी।

आईसीएसई-आईएससी की परीक्षाएं 9 फरवरी से

नई दिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने




10वीं (आईसीएसई) और 12वीं (आईएससी) बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 9 फरवरी से शुरू होकर 8 अप्रैल 2027 तक चलेंगी। इस बार कुल 3,79,980 विद्यार्थी भारत और विदेश के 2,835 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। इनमें 12वीं के 1,10,025 विद्यार्थी 60 विषयों की परीक्षा में शामिल होंगे।

सोनिया गांधी की किताब- बिलॉगिन्ग: ए जर्नी ऑफ लव में कई अहम खुलासे

बेटा खोने का दर्द सहा, पीएम के लिए हां की तो प्रियंका रोईं, मोदी नजरें नहीं मिलाते

पढ़ाई के लिए इटली से कैम्ब्रिज पहुंचीं सोनिया की मुलाकात जनवरी 1965 में राजीव गांधी से हुई। सोनिया के पिता स्टेफानो शुरुआत में इस रिश्ते के खिलाफ थे, लेकिन बाद में मान गए।



- 25 फरवरी 1968 को 1-सफदरजंग रोड पर सादे समारोह में दोनों की शादी हुई
- सोनिया ने नेहरू के काते धागे से बनी गुलाबी खादी की साड़ी पहनी थी
- 23 जून 1980 को विमान हादसे में संजय गांधी की मौत ने परिवार को गहरा सदमा दिया

मां का सहारा बनने के लिए राजीव राजनीति में आए और 1981 में अमेठी से सांसद बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गांधी परिवार की बहू और कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉगिन्गः ए जर्नी ऑफ लव' मंगलवार को बाजार में आ गई। कुल 7 चैप्टर 544 पेज वाली इस किताब में सोनिया गांधी ने कई खुलासे किए हैं।

जिसमें उन्होंने दो बार कैंसर से जंग लड़ने और एक प्रीमैच्यूर बेटे के खोने के दर्द का भी जिक्र किया है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके सियासी रिश्तों पर खुलकर कहा है कि वे कभी नजरें तक नहीं मिला पाते। किताब में प्रधानमंत्री मोदी के ▶▶शेष पेज 6 पर



पीएम मोदी-सोनिया एक दूसरे को अभिवादन करते हुए (फाइल फोटो)

नेहरू पर पीएम मोदी के बयानों को लेकर भी निशाना

उनके मुताबिक, नेहरू ने भारत को लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष रास्ते पर आगे बढ़ाया था, इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संघ परिवार से जुड़ी वेबसाइटों पर नेहरू के खिलाफ गलत और अपमानजनक बातें लिखी जाती हैं। सोनिया गांधी ने भाजपा ▶▶शेष पेज 6 पर

राहुल-प्रियंका नहीं चाहते थे सोनिया बनें प्रधानमंत्री

सोनिया गांधी ने लिखा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दोनों नहीं चाहते थे कि वह प्रधानमंत्री बनें। दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की हत्या का सदमा झेल चुके बच्चों को इस पद के साथ जुड़ा खतरा परेशान करता था। सोनिया के मुताबिक, 2004 के लोकसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने बच्चों को स्पष्ट कर दिया था कि कांग्रेस की जीत पर भी वह प्रधानमंत्री नहीं बनेंगी। चुनाव के ▶▶शेष पेज 6 पर

तब डिप्रेशन में चली गई थीं सोनिया

किताब में उन्होंने बताया कि जनवरी 1969 में समय से पहले (प्रीमैच्योर) एक बेटे को जन्म दिया था, जिसकी कुछ ही घंटों में मौत हो गई। इससे मुझे गहरा सदमा लगा और अवसाद में चली गई। 19 जून 1970 को राहुल का जन्म हुआ, जिससे पूरा परिवार और खासतौर पर दादी इंदिरा ▶▶शेष पेज 6 पर

मेनका से रिश्तों में पड़ी गई थी दरार

किताब में संजय गांधी की पत्नी मेनका के साथ अपने शुरुआती मधुर रिश्तों से लेकर बाद में बढ़ी तल्खी और परिवार के बिखराव तक का जिक्र किया है। सोनिया के मुताबिक, 18 साल की उम्र में मेनका परिवार की छोटी बहू बनकर आई थीं। शुरुआत में ▶▶शेष पेज 6 पर

मंदसौर में सात साल की बच्ची से रेप के बाद निर्मम हत्या

संतरे का लालच देकर मासूम को ले गया, शव बरगद के खोखले तने में छिपाया



अस्पताल से लेकर थाने तक ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

सिर पर पत्थर से वार कर हत्या की आशंका आरोपी हिरासत में

ग्रामीणों का हंगामा आरोपी को सौंपने की मांग पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के लुक्का गांव में सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बच्ची का शव मंगलवार सुबह गांव में कुए के पास बरगद के पेड़ के खोखले तने में छिपा मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने पत्थर से सिर पर वार कर उसकी हत्या की। मामले में पुलिस ने विजय (27) नाम के युवक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने ▶▶शेष पेज 6 पर

लापता होने पर परिजनों ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

बच्ची के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद गरोठ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मंगलवार सुबह पुलिस और ग्रामीण बच्ची की तलाश में जुटे थे। करीब 11:30 बजे कुएं के पास बरगद के पेड़ के नीचे उसका शव मिला। इसके बाद पुलिस ने संदेह के आधार ▶▶शेष पेज 6 पर

सोते समय ढहा पुराना मकान

परिवार में मां-बेटे और दो साल की बच्ची की मौत, पांच घायल



सीएम ने मृतकों के परिजन को एक-एक लाख की सहायता के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बरहपान गांव के जलहथनी टोला में सोमवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। भोजन के बाद घर में सो रहे परिवार पर करीब 50 साल पुराना कच्चा मकान अचानक ढह गया। मलबे में दबने से अरुण विश्वकर्मा (36), उनकी मां संतुलिया (65) और दो साल की बेटी की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही ▶▶शेष पेज 6 पर

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

48 घंटे से ज्यादा न्यायिक हिरासत पर सरकारी कर्मचारी स्वतः निलंबित




अलग से आदेश जारी करने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार कर 48 घंटे से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रखा जाता है, तो उसे स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके लिए अलग से निलंबन आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनमोहन की पीठ ने बिहार के समस्तीपुर सदर अस्पताल के प्रशासक विश्वजीत सिंह को जमानत देते ▶▶शेष पेज 6 पर

चुनाव आयोग के निर्देश

आदर्श आचार संहिता में रिटायर्ड अफसरों पर भी कसेगा शिकंजा



नहीं कर सकेंगे राजनीतिक प्रचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दौरान सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की राजनीतिक निष्पक्षता को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों पर लागू राजनीतिक प्रतिबंध अब उन सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी लागू होंगे, जो राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों से किसी भी रूप में जुड़े हैं। ऐसे अधिकारी ▶▶शेष पेज 6 पर

दोपहर संपन्न हुई प्रक्रिया

शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के 'कपाट'



आज केदारनाथ के कपाट बंद होंगे

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

चारधामों में प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट मंगलवार को अन्नकूट पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर कपाटबंदी की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली ढोल-दमाऊं और सेना बैंड की धुनों के बीच जयकारों के साथ शीतकालीन प्रवास मुखवा (मुखीमठ) के लिए रवाना हुई। कपाट बंद करने ▶▶शेष पेज 6 पर

आज स्वच्छ सर्वेक्षण में मप्र के 9 शहरों को राष्ट्रपति पुरस्कार

इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत छोटे शहरों ने बनाई जगह, भोपाल सूची से 'बाहर'

इंदौर के मार्गदर्शन में देपालपुर को भी मिली राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मध्य प्रदेश के 9 शहरों का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में इन शहरों को सम्मानित करेंगी। हालांकि, प्रदेश की राजधानी भोपाल इस बार पुरस्कार की सूची में जगह नहीं बना सकी। वहीं, स्वच्छता के लिए देशभर में पहचान बना चुके इंदौर के साथ छोटे शहर देपालपुर को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा।



फाइल फोटो

इन्हें मिलेगा सम्मान

पुरस्कार के लिए चयनित शहरों में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, देवास, रीवा, सागर, बुधनी और देपालपुर शामिल हैं। इन शहरों ने स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी के क्षेत्र में बेहतर काम किया है। खास बात यह है कि सूची में बड़े नगर निगमों के साथ छोटे शहरों को भी स्थान मिला है। इस बार स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत इंदौर को देपालपुर का मेंटर बनाया गया था। इंदौर के मार्गदर्शन में ▶▶शेष पेज 6 पर

राहुल के पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर केंद्रीय मंत्री का पलटवार

'दिमागी नक्सली' वाले बयान पर जुबानी जंग तेज

किरेन रिजिजू बोले- अगला टारगेट दिमागी नक्सलियों का खात्मा करना

मनमोहन सिंह ने भी नक्सलवाद को देश के लिए सबसे बड़ा आंतरिक खतरा बताया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिमागी नक्सली' वाले बयान पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने उन पर तीखा पलटवार किया है। रिजिजू ने कहा कि सशस्त्र माओवादियों को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना चाहिए। अब हमारा अगला लक्ष्य दिमागी नक्सलियों का खात्मा है।



किरेन रिजिजू



राहुल गांधी

नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई बेहद जरूरी

रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी को जवाब देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद को देश के लिए सबसे बड़ा आंतरिक खतरा बताया था। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

पीएम मोदी के बयान से शुरू हुआ विवाद

दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ दीपावली मनाने के दौरान कहा था कि जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों का सफाया होने के बावजूद दिमागी नक्सली अब भी देश के कई संगठनों और राजनीतिक दलों में मौजूद हैं। ये लोग संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को पहचानकर हराना जरूरी है।

राहुल ने दी थी बहस की चुनौती

पीएम मोदी के बयान पर राहुल गांधी ने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि जवानों के चेहरों ने सब कुछ बयां कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए लिखा ▶▶शेष पेज 6 पर

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 11 नवंबर 2026

5 पांच दिनी केरल फेस्ट आज से, दिखेगी ...



9 गोवर्धन पर्वत अपनी अंगुली पर रखकर श्रीकृष्ण ने...





तेंदुए की तलाश करते वन विभाग के अधिकारी

लहारपुर इकोलॉजिकल पार्क के आसपास 20-25 किमी के दायरे में तलाश

वन विभाग की सर्चिंग के बाद भी तेंदुए का सुराग नहीं, न मिले पगमार्क और न कैमरे में आई तस्वीर

16 साल के किशोर पर तेंदुआ कर चुका हमला, वन विभाग ड्रोन और कैमरों की मदद से आसपास के जंगल और रिहायशी इलाकों में कर रहा निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स क्षेत्र से लगे लहारपुर इकोलॉजिकल पार्क के आसपास तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग की टीमें लगातार सर्चिंग अभियान चला रही हैं। सोमवार शाम से शुरू हुई तलाश मंगलवार को भी दिनभर जारी रही, लेकिन करीब दो दिन की मशक्कत के बाद भी तेंदुए की मौजूदगी का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है।

न तो कहीं उसके पगमार्क मिले हैं और न ही ट्रैप कैमरों में उसकी तस्वीर कैद हुई है। वन विभाग ड्रोन कैमरों की मदद से भी आसपास के जंगल और रिहायशी इलाकों में निगरानी कर रहा है।

दरअसल, सोमवार दोपहर इकोलॉजिकल पार्क के पीछे बायपास के पास एक 16 वर्षीय किशोर पर तेंदुए के हमले की बात सामने आई थी। किशोर और उसके परिजनों ने दावा किया था कि तेंदुए ने सीने पर पंजे से हमला किया, जिससे चार घाव हो गए। इसके बाद किशोर को उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग ने सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया।

तेंदुए को ढूंढने 10-12 स्थानों पर लगाए ट्रैप कैमरे

तेंदुआ दिखाई देने पर विभाग को सूचना देने की अपील

तेंदुए की मौजूदगी से इंकार नहीं, लेकिन घाव देखकर तेंदुए के हमले पर संदेह

वन विभाग के अधिकारी तेंदुए की मौजूदगी से पूरी तरह इनकार नहीं कर रहे हैं, लेकिन किशोर के शरीर पर मिले घावों को देखकर हमले को लेकर संदेह भी जता रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, तेंदुए के हमले में आमतौर पर अधिक गंभीर चोटें आती हैं। इस क्षेत्र में जंगली बिल्लियों की संख्या अधिक है। इसके अलावा सियार भी घूमते रहते हैं। ऐसे में किसी अन्य जंगली जानवर के हमले की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, विभाग किसी तरह की लापरवाही नहीं बरत रहा है।

मुनादी कराकर रात में सावधानी रखने की सलाह

वन विभाग की टीमें इकोलॉजिकल पार्क के आसपास करीब 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में अलग-अलग स्थानों पर सर्चिंग कर रही हैं। तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जंगल और आसपास के क्षेत्रों में 10 से 12 स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। रात में भी कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जंगल और उससे लगे इलाकों में तलाश जारी है। वहीं, गांवों में मुनादी कराकर लोगों को रात के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं तेंदुआ दिखाई दे तो उसके नजदीक जाने या उसे भगाने की कोशिश न करें और तत्काल विभाग को सूचना दें।

हड़ताल खत्म, फिर भी सड़कों से नहीं उठा कचरा, नगर निगम के सफाई के दावों की खुली पोल

वीआईपी इलाकों तक सिमटा सफाई अभियान पांच दिन बाद भी कई इलाकों में लगे कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सड़क किनारे पड़े कचरे के कारण आसपास फैल रही गंदगी | दुर्गंध और गंदगी से लोगों के बीमार होने की आशंका, साफ-सफाई की मांग

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन भोपाल की सड़कों से कचरे के ढेर नहीं हट पाए हैं।

दीपावली के बाद शहर को साफ करने के नगर निगम के दावे जमीनी स्तर पर खोखले साबित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र एमपी नगर जोन-1 में जैन मंदिर के पास कई दिनों से कचरा जमा है। यहां न कचरा गाड़ी पहुंच रही है और न ही सफाई कर्मचारी नजर आ रहे हैं। सड़क किनारे पड़े कचरे के कारण आसपास गंदगी फैल रही है, लेकिन जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं है।

करोंद मंडी, छोला, एमपी नगर जोन-1 में जैन मंदिर के पास से कचरा नहीं हटाया



करोंद मंडी के पास लगा कचरे का ढेर।

नगर निगम रोजाना पूरे शहर में सफाई कराने और कचरा उठाने के दावे कर रहा है। धूल वाली सड़कों पर पानी का छिड़काव करने की बात भी कही जा रही है, लेकिन आम इलाकों की स्थिति इन दावों से बिल्कुल उलट है। ऐसा लग रहा है कि सफाई अभियान मंत्रियों, अधिकारियों और वीआईपी कॉलोनियों तक ही सीमित रह गया है। शहर के व्यस्त बाजारों और आम रहवासी क्षेत्रों में कचरे के ढेर निगम की व्यवस्था की हकीकत बता रहे हैं।

राजधानी की करोंद मंडी और छोला में सड़ रहा कचरा

पुराने शहर के करोंद मंडी और छोला क्षेत्र में भी जगह-जगह कचरा जमा है। कई स्थानों पर कचरा सड़ने लगा है। इससे उठने वाली बदबू के कारण दुकानदारों और स्थानीय रहवासियों को परेशानी हो रही है। मंडी और आसपास के रास्तों से गुजरने वाले लोगों को भी गंदगी के बीच से निकलना पड़ रहा है। इसके बावजूद नियमित कचरा उठाने की व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है।



एमपी नगर में जैन मंदिर के पास बिखरा पड़ा कचरा।

2700 टन कचरा जमा होने के बाद भी सबक नहीं लिया

गौरतलब है कि वेतन वृद्धि और स्थाई नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी तीन दिन की हड़ताल पर चले गए थे। इस दौरान शहर में करीब 2700 टन से अधिक कचरा जमा हो गया था। हड़ताल खत्म होने के बाद निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाकर जल्द ही पूरे शहर को साफ करने का दावा करते हुए कहा था कि 72 घंटों का कचरा मात्र 13 घंटों में साफ कर दिया गया है, लेकिन ये किसी जुमले से कम नही, सामान्य दिनों का कचरा उठाने में निगम के दावे फेल हुए हैं।



झाड़ू लगाकर प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी शर्मा।

स्वच्छता रैंकिंग से भोपाल बाहर निगम मुख्यालय में झाड़ू लगाकर कांग्रेस ने जताया विरोध

भोपाल के स्वच्छता रैंकिंग से बाहर होने पर नगर निगम की सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमित शर्मा ने नगर निगम मुख्यालय में झाड़ू लगाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने महापौर मालती राय और निगम प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि जब शहर की सफाई व्यवस्था ही नहीं संभल रही तो बड़े-बड़े दावों और प्रचार का क्या मतलब, जनता को विज्ञापन नहीं, जवाब चाहिए। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों लोगों ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए खुद भी सफाई की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया।

50 रुपए में लोगों को मिलेगा कार्ड

मेट्रो में कल से चलेगा स्मार्ट कार्ड अब हर यात्रा पर मिलेगी 25% छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल और इंदौर मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को 12 नवंबर से स्मार्ट कार्ड की सुविधा मिलने जा रही है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरुआत करने की तैयारी की है।

इस कार्ड से यात्रियों को हर बार टिकट खरीदने की जरूरत नहीं होगी। मेट्रो में यात्रा करने पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस कार्ड का इस्तेमाल देश के उन सभी मेट्रो शहरों में भी किया जा सकेगा, जहां एनसीएमसी की सुविधा लागू है।



टिकट काउंटर से खरीद सकेंगे एनसीएमसी कार्ड

यात्री भोपाल और इंदौर मेट्रो के सभी स्टेशनों पर टिकट काउंटर से एनसीएमसी कार्ड खरीद सकेंगे। इसके लिए 50 रुपए शुल्क देना होगा। यह शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। मेट्रो स्टेशन पर प्रवेश और बाहर निकलते समय कार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे टिकट काउंटर पर कतार में लगने का समय बचेगा।

20 रुपए से अधिक किराए पर मिलेगी 25% छूट

एनसीएमसी कार्ड से यात्रा करने पर यात्रियों को 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट उन यात्राओं पर लागू होगी, जिनका निर्धारित किराया 20 रुपए से अधिक है। भोपाल और इंदौर दोनों मेट्रो में यह सुविधा मिलेगी। पहले से सिंगल जर्नी टिकट पर दी जा रही 25 प्रतिशत की छूट भी जारी रहेगी।

कई माध्यमों से करा सकेंगे कार्ड रिचार्ज

कार्ड में राशि जोड़ने के लिए यात्रियों को कई विकल्प मिलेंगे। मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर, टिकट वेंडिंग मशीन और एमपी मेट्रो मोबाइल एप के माध्यम से कार्ड रिचार्ज कराया जा सकेगा।

30 सेकंड में मिल रहा मेट्रो का क्यूआर टिकट

मेट्रो स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीन से भी यात्री खुद टिकट निकाल सकते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 30 सेकंड का समय लगेगा। मेट्रो में यात्रियों की संख्या बढ़ाने और सफर को किफायती बनाने के लिए प्रमोशनल डिस्काउंट व्यवस्था भी लागू है। यह व्यवस्था 11 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक लागू रहेगी।

टीईटी 20 दिसंबर से 34199 सरकारी, निजी शिक्षक देंगे परीक्षा

भोपाल। प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला मुख्यालय पर निर्धारित केंद्रों पर होगी। सुप्रीम कोर्ट ने हर साल दो परीक्षा लेने के आदेश दिए हैं लेकिन मप्र में चालू साल में एक ही परीक्षा हो पाएगी। इसके लिए परीक्षा तिथि का निर्धारण माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कर दिया है। यह परीक्षा जिला मुख्यालयों में होगी। जारी अधिसूचना के अनुसार जिला मुख्यालयों में परीक्षा ली जाएगी और यह पात्रता परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी। ऑफलाइन होगी परीक्षा, 34199 सरकारी और निजी स्कूलों के शिक्षक इस परीक्षा को देंगे। प्रदेश में परीक्षा के दायरे में शिक्षकों की संख्या करीब डेढ़ लाख बताई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग को बुझाया, थाने में नहीं हुई अब तक रिपोर्ट

शिक्षा विभाग के निदेशक का घर दिवाली की रात जलकर हुआ राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नीलबड़ में डॉ. मनोज सिंह के घर आगजनी

लाखों रुपए का कीमती सामान जला

शिक्षा विभाग के निदेशक का घर दीपावली रात जलकर पूरी तरह से राख हो गया। वे शहर से बाहर गए हुए हैं। घटना की जानकारी पुलिस को पड़ोसियों से मिली थी। पुलिस का कहना है कि नुकसान और कारणों को लेकर अभी जांच शुरू नहीं हुई है। दरअसल अभी तक उनके पास आधिकारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा के अनुसार आगजनी की घटना नीलबड़ में हुई है। यहां शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह का निजी आवास हैं। वे शहर में अभी नहीं हैं। आगजनी दीपावली की रात को हुई थी। आग से बंगले का हॉल बुरी तरह से जलकर राख हो गया। सोफा सेट, व्यायाम के काम आने वाले उपकरण समेत लाखों रुपए का माल तबाह हो गया।

बाइक और कार जलकर हुई खाक

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित महावीरपुरा में मोहन सिंह यादव के घर आग लग गई। उन्होंने बताया कि यह इरादतन लगाई गई है। वे शासकीय उचित मूल्य की दुकान चलाते हैं। आग लगाने से पूर्व उनके घर में लगे कैमरों को बंद भी किया गया था। उन्होंने बताया कि नवरात्र में सामने घर के नजदीक लगी डीपी से अर्थिंग के लिए तार डाला जा रहा था। उसका उन्होंने विरोध किया था। उस समय दो युवकों ने भविष्य में नुकसान होने की चेतावनी दी थी। इस संबंध में जहांगीराबाद थाने में आगजनी का प्रकरण दर्ज करा दिया है। आग के कारण पल्सर बाइक और वेगन आर कार बुरी तरह से जल गई है।

जीएमसीः डॉ. कविता संचालनालय पदस्थ टंडन प्रभारी डीन बने

भोपाल। स्वास्थ्य विभाग ने गांधी मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं के दृष्टिगत महत्वपूर्ण तबादला किया हैं। चिकित्सा महाविद्यालय की डीन डॉक्टर कविता एन सिंह को संचालनालय में पॉलिसी एंड रेगुलेशन डायरेक्टर पदस्थ किया गया है। जबकि मौजूदा अधीक्षक एवं अस्थि रोग विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर सुनीत टंडन को प्रभारी डीन बनाया गया है। मंगलवार की शाम विभाग की अवर सचिव बबीता बसुनिया द्वारा यह आदेश जारी किए गए हैं।



शहर के साथ गांवों में बढ़ा कच्ची शराब का अवैध कारोबार, कलेक्टर का आदेश

पंचायत सचिव, पटवारी, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता रखेंगी गांवों में अवैध शराब पर नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध और कच्ची शराब का कारोबार बढ़ रहा है। जिसको लेकर आबकारी विभाग आए दिन अवैध और कच्ची शराब जब्त कर रहा है।



शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आदेश जारी कर पंचायत सचिव, पटवारी, एएनएम को अवैध और कच्ची शराब की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी है। आदेश में कहा गया है कि पटवारी, एएनएम, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा कार्यकर्ताओं के क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री या निर्माण हो रहा है, तो तुरंत एसडीएम, तहसीलदार या नजदीकी थाना पुलिस को जानकारी दें। दरअसल गांव में कच्ची या अवैध शराब की बिक्री, लाइसेंसी दुकान से पैकारी, अथवा एजेंट, डायरी या किसी अन्य माध्यम से अवैध बिक्री की जानकारी मिलने पर निकटतम एसडीए, तहसीलदार या पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी में जो सबसे नजदीक हो, उसे सूचित किया जाए।

मुखबिर तंत्र बढ़ाएंगे

जिला आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में अवैध और कच्ची शराब को लेकर अमला लगातार निगरानी कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में अवैध और कच्ची शराब के लिए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय रखा गया है। जहां भी सूचना मिलती है, कार्रवाई की जाती है। मुखबिर तंत्र को और सक्रिय कर कार्रवाई की जाएगी।

रात में सर्दी, दिन में हल्की गर्मी, दिन-रात के पारे में 20 डिग्री का अंतर

शहर में पॉल्यूशन का लेवल कम नहीं हुआ, दिवाली के तीसरे दिन भी एक्यूआई 300 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में दिन में धूप और रात में उत्तरी हवाएं असर दिखा रही हैं। इससे मंगलवार को दिन और रात के तापमान में करीब 20 डिग्री का अंतर दर्ज हुआ है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले एक से दो दिन में रात का पारा एक से 2 डिग्री और गिरेगा। मंगलवार को शहर में रात का पारा एक डिग्री गिरकर 13 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री कम है।

दिन का तापमान दशमलव 8 डिग्री गिरकर 32.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 1.7 डिग्री अधिक है। हवाओं की गति भी मध्यम बनी हुई है। इससे हवा में धूल और धुएं का असर दीवाली के तीसरे दिन भी बरकरार रहा।

सबसे प्रदूषित हवा पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में पाई गई



स्थानः बड़ा तालाब, समयः शाम 5.27 बजे, मंगलवार।

शहर में सबसे प्रदूषित हवा पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 328 रहा। यह रेड लेबल के वेरी पूअर कैटेगरी में दर्ज हुआ है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद खतरनाक माना गया है। टीटी नगर में 224 और कलेक्टोरेट इलाके में एक्यूआई 153 पर रहा है। टीटी नगर में पॉल्यूशन का लेबल ऑरेंज और कलेक्टोरेट इलाके में येलो पर दर्ज हुआ।

तापमान में बड़ा अंतर

मौसम केंद्र के अनुसार अगले एक से दो दिन में रात के तापमान में एक से 2 डिग्री तक और गिरावट होगी। इससे रात में सर्दी का असर पूरे प्रदेश सहित भोपाल में भी तेजी से बढ़ेगा। वहीं, दिन में धूप का असर रहने से तापमान में बदलाव जारी रहेगा। दिन और रात के तापमान में करीब 20 डिग्री तक का अंतर मौसमी बीमारियों का कारण बन सकता है। तापमान में बदलाव और पारे में अंतर का यह क्रम नवंबर के महीने में जारी रहने की उम्मीद है।

गलती से दूसरे का झोला लेकर चला गया था परिवार

शोरूम से गायब हुए 6.94 लाख रुपए पुलिस ने तलाश कर मैनेजर को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में एक शोरूम से गायब हुए 6 लाख 94 हजार 200 रुपए पुलिस ने कुछ ही घंटों में तलाश कर वापस दिला दिए। दरअसल, शोरूम मैनेजर हिसाब-किताब कर रहा था, तभी काउंटर पर रखे झोले में से रकम गायब हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से झोला ले जाने वाले व्यक्ति की पहचान कर रकम बरामद कर ली। पुलिस के मुताबिक शोरूम मैनेजर सुमित अहिरवार निवासी गुमान नगर ने थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने झोला ले जाने वाले व्यक्ति की पहचान की। उसने बताया कि वह परिवार के साथ शोरूम गया था और अपना झोला समझकर गलती से दूसरा झोला भी साथ ले आया।

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है बिहार के **श्रवण पासवान** की **मधुबनी कला.**

Hero

हीरो संग त्योहार है हर कहीं...

भाई दूज की शुभकामनाएँ

Splendor+ XTEC 2.0

HF Deluxe Pro

हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर® जीतने का मौका पाएं.

ऑफर का अंतिम दिन

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2 500~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10 000^ तक SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹6 999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर ₹2 200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

T&C Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, 100% finance applicable on Ex-showroom price, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरल अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्साटानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, **(देवास नाका)** 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **रतलाम:** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमच:** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौर:** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावरा:** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोशिएट डीलर: आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज़ 7428594665, **बदेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज़ 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **मनावर:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज़ 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज़ 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** वृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिरोली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **इबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकटन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाईल्स, 9615908908, **सौंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, **नीलबड़:** **महाकाल मोटर्स,** 9586778889, **तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स,** 6267121700, **नेहरु नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगर:** आर जे मोटर्स, 8827588411, **स्नेहलतागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेरा:** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुटी:** अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, **जावद:** शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंह:** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **वोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स,** 9399900143, **कड़ी: श्री राम मोटर्स,** 9584997081, **पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स,** 9981562315, **योध्या बाईपास, भोपाल:** शिवांश मोटर्स, 6262363123, **फंदा:** अवनि मोटर्स, 9993160799, **परवलिया सड़क, भोपाल:** एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, **गांधी नगर:** श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, **बंगरासिया:** शाही सवारी, 9202342023, **डोडी:** कप्तान ऑटोमोबाइल्स, 8770850811, **रेहटी:** मां विंजासन मोटर्स, 9009828428, **चांदबाद:** श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, **खाचरौद:** विनायक मोटर्स, 9009152131, **उदयपुर:** सपना मोटर्स, 9826620434, **बारी:** श्री राम मोटर्स, 9893352212, **शोभापुर:** अफजल मोटर्स, 8839223122, **तलेन:** श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, **संडावता:** विजय मोटर्स, 8269770075, **करेड़ी:** वासुदेव मोटर्स, 7566920711, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलिया मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906.

Cheil 33547/26

ई-बसों के संचालन और चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार से ग्रीन मोबिलिटी को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा से प्रदेश में स्वच्छ और आधुनिक परिवहन को मिलेगा नया विस्तार



- वर्ष 2027 तक 1,100 बसों का बेड़ा तैयार करने का लक्ष्य
- यात्रियों को मिलेगी सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सफर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू की गई मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा ग्रीन मोबिलिटी को नई दिशा दे रही है। सात शहरों में 351 बसों के संचालन से शुरू हुई इस सेवा के तहत इलेक्ट्रिक बसों, डिजिटल टिकटिंग और आधुनिक तकनीक के माध्यम से परिवहन व्यवस्था को सुविधाजनक बनाया जा रहा है।

प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक बसों का बेड़ा बढ़ाकर 1,100 करना है। इसके लिए ई-बसों के संचालन के साथ चार्जिंग नेटवर्क, स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन सुविधाओं और आधुनिक डिपो का विस्तार किया जाएगा। इससे यात्रियों को बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिलने के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और प्रदेश में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने इसके लिए बस संचालन, बिजली की जरूरत और यात्री सुविधाओं को जोड़कर प्रदेशव्यापी रूपरेखा तैयार की है। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने, जरूरी सुविधाएं तैयार करने, पैसा जुटाने और बड़े स्तर पर सेवाएं शुरू करने की चुनौतियों का समाधान सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से किया जाएगा। नीतिगत सहयोग, निवेश के अवसर और साझा कार्ययोजना इसके प्रमुख आधार होंगे।

छह माह में नौ नए चार्जिंग केंद्र विकसित करने की योजना

आगामी छह माह में नौ नए चार्जिंग केंद्र विकसित करने की योजना है। इस कार्ययोजना के माध्यम से बसों की संख्या बढ़ाने के साथ उनके नियमित और निर्बाध संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। रूट और और परिवहन आवश्यकताओं की जरूरत के अनुसार इलेक्ट्रिक बसों के साथ कम कार्बन उत्सर्जन वाले दूसरे ईंधन विकल्पों का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही शहरों के भीतर, शहरों के बीच, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

प्रमुख परिवहन मार्गों पर चार्जिंग स्टेशन किए जाएंगे विकसित

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत ई-बसों के संचालन के लिए प्रमुख परिवहन मार्गों पर चार्जिंग स्टेशन विकसित किए जाएंगे। डिपो को पर्याप्त क्षमता वाले बिजली नेटवर्क से जोड़ने के साथ सौर सहित नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। स्मार्ट चार्जिंग, बैटरी चार्जिंग और बिजली के बेहतर प्रबंधन से संचालन को अधिक भरोसेमंद बनाया जाएगा। इसके साथ बैटरी बदलने की सुविधा, सुरक्षित रखरखाव, पर्यावरण के अनुकूल बस टर्मिनल और आधुनिक परिवहन केंद्र विकसित किए जाएंगे। चार्जिंग, ऊर्जा आपूर्ति और बस संचालन की योजना एक साथ तैयार की जाएगी, ताकि बढ़ते बेड़े की जरूरतें समय पर पूरी की जा सकें।

तकनीक से समय पर और भरोसेमंद सेवा

प्रदेश स्तरीय इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), जीपीएस आधारित निगरानी, एकीकृत टिकटिंग और यात्री सूचना प्रणाली से बस सेवाओं को जोड़ा जाएगा। यात्रियों को बसों की लोकेशन और सेवा से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने के साथ संचालन के आंकड़ों का नियमित विश्लेषण किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल तकनीक से बसों की उपलब्धता, समय पर संचालन और सेवा की गुणवत्ता बेहतर करने में मदद मिलेगी। एनसीसी (नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट) और तय नतीजों पर आधारित अन्य संचालन मॉडल में इस बात पर जोर रहेगा कि बसें अधिक समय सेवा के लिए उपलब्ध रहें। सुरक्षा मानकों का पालन हो। संचालन व रखरखाव बेहतर तरीके से हो।

एमपी में बस सेवाओं की गुणवत्ता और राजस्व की होगी कड़ी निगरानी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना के तहत संचालित बस सेवा की निगरानी करेगी। योजना के तहत चल रही परिवहन सेवाओं का प्रभावी अधीक्षण, अनुश्रवण और मूल्यांकन करेगी। बसों के संचालन से होने वाली राजस्व संग्रहण और वित्तीय पारदर्शिता की नियमित समीक्षा करेगी। यह समिति राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी, सहायक क्षेत्रीय कंपनियों और जिला स्तरीय यात्री परिवहन समितियों के माध्यम से राज्य में सुगम, सुरक्षित, दक्ष एवं विनियमित परिवहन सेवा की समीक्षा कर सुधार के लिए अनुशंसाएं भी करेगी। बस परिवहन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर (अधोसंरचना) के निर्माण, संचालन, रखरखाव और उसके अपग्रेडेशन के लिए आवश्यक सलाह देगी। बस सेवाओं की गुणवत्ता और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं में सुधार के लिए सरकार को सुझाव भी देगी।

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित

डीजीपी ने मप्र पुलिस की 'सांख्यिकी डाटा पुस्तिका 2025' का किया विमोचन

भोपाल। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने आज पुलिस मुख्यालय में मप्र पुलिस की 'सांख्यिकी डाटा पुस्तिका-2025' का विमोचन किया। यह पुस्तिका मध्यप्रदेश पुलिस की संगठनात्मक संरचना, स्वीकृत बल, उपलब्ध संसाधनों एवं कार्यक्षमता का समग्र चित्र प्रस्तुत करने वाला महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज है। इसमें वर्ष 2025 के दौरान पुलिस संगठन से संबंधित महत्वपूर्ण सांख्यिकीय जानकारियों को संकलित कर सरल स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तिका में एक जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक की अवधि के आंकड़ों को शामिल किया गया है। इसके नवीनतम संस्करण को अधिक उपयोगी, तथ्यपरक एवं व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से अनावश्यक एवं दोहराव वाले आंकड़ों को हटाकर महत्वपूर्ण जानकारियों को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही जटिल सूचनाओं को सरल एवं व्यवस्थित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे पुलिस अधिकारियों एवं अन्य संबंधित इकाइयों को आवश्यक जानकारी सहजता से उपलब्ध हो सकेगी।

पुस्तिका में समाहित प्रमुख सांख्यिकीय जानकारियां एवं महत्वपूर्ण तथ्य

वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश पुलिस के स्वीकृत बल में कुल 2,673 नवीन पदों की वृद्धि हुई है। इनमें तकनीकी सेवाएं (एफएसएल) के 1,266, पुलिस बैंड के 932, हॉक फोर्स के 325 तथा जिला बल उज्जैन के 150 पद शामिल हैं। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में पुलिस के आवासीय परिसरों के प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 1211.34 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

सिंहस्थ क्षेत्र में किए जाएंगे स्थाई और पक्के निर्माण कार्य, बनेंगी पक्की सड़कें

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ क्षेत्र में स्थायी और पक्के निर्माण कार्य किए जाएंगे। मेला क्षेत्र में पक्की सड़कें बनाई जाएंगी और पेयजल व सीवेज की लाइनें बिछाई जाएंगी, ताकि सिंहस्थ के दौरान साधु-संतों को किसी तरह की परेशानी न हो। घाटों के ऊपरी हिस्से में श्रद्धालुओं के पैदल चलने के लिए रास्ता बनाया जाएगा। त्रिवेणी से सिद्धवट तक सीवेज लाइन डाली जाएगी, जिससे शहर का गंदा पानी शिप्रा नदी में नहीं मिलेगा। डॉ यादव मंगलवार को उज्जैन में 1211.34 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ के लिए उज्जैन में लगातार विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। उज्जैन की पौराणिक पहचान अंगारेश्वर से भी है। आज यहां के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है।





उज्जैन मं विकास कार्यों का भूमिपूजन करते सीएम।

- प्रदेश के उज्जैन में तीर्थाटन में हुई वृद्धि से बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा

विकास से उज्जैन में सम्पूर्ण बदलाव

सीएम ने कहा कि मप्र सहित देशभर में धार्मिक पर्यटन को गति दी जा रही है, उज्जैन में तीर्थाटन में हुई वृद्धि से बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। वर्ष 2022 के बाद उज्जैन, तीर्थ क्षेत्रों के विकास में सम्पूर्ण बदलाव हुआ है। सरकार ने उज्जैन सहित प्रदेश के टियर 2 शहरों में अधोसंरचना विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्व-त्योहारों को भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिनमें प्रदेश की जनता पूर्ण रूप से सहभागी बन रही है। उन्होंने कहा कि उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के भव्य आयोजन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सिंहस्थ कुंभ 12 वर्ष में एक बार आता है। उज्जैन में उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ गढ़कालिका माता के तीर्थ क्षेत्र में भी विकास कार्यों का भूमि-पूजन हो रहा है।

जू एंड रेस्क्यू सेंटर का भूमि-पूजन 17 को

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में 17 नवंबर को बहुप्रतीक्षित जू (चिड़ियाघर) और रेस्क्यू सेंटर का भूमि-पूजन किया जाएगा। उज्जैन में सड़कों के चौड़ीकरण कार्य के लिए स्वेच्छा से अपना मकान छोड़ने वाले परिवारों को मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार जिनकी दुकानें टूटी हैं, उन्हें उज्जैन की खाली जमीन पर मार्केट विकसित कर दुकानें दी जाएंगी। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए किसानों को जमीन अधिग्रहण के 4 गुना मुआवजा के चेक प्रदान किए गए हैं। हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ, सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने शहडोल दुर्घटना पर व्यक्त किया गहरा शोक, मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृत

- रेडक्रॉस से प्रत्येक परिवार को 25-25 हजार रुपए की तत्काल सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शहडोल जिले में तालाब में डूबने से तीन किशोरों के निधन की घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में परिवारजन के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत किशोरों को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने का संबल प्रदान करने की प्रार्थना बाबा महाकाल से की है।

घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने घटना की गंभीरता को देखते हुए दुर्घटना की जांच के लिए अपर कलेक्टर सरोधन सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की है। समिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन को सदस्य बनाया गया है। समिति घटना के सभी पहलुओं की जांच कर तीन दिवस के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

मप्र में सरकार और समाज ने मिलकर किए गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम

धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण राज्य के रूप में उभर रहा मप्र



वाराणसी में आयोजित अखिल भारतीय गोवर्धन पूजा में शामिल हुए सीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े स्थानों को तीर्थ स्थान बनाकर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक महत्वपूर्ण राज्य बनकर उभर रहा है। मप्र में गौमाता के संरक्षण के लिए कांजी हाऊस के स्थान पर 10 हजार गायों की देखभाल के लिये हाईटेक गौशालाएं प्रारंभ की जा रही हैं। राज्य में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए सुनियोजित तरीके से कार्य योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। समाज और सरकार ने मिलकर प्रकृति के पूजन के इस त्यौहार को उत्साह के साथ मनाया है। मुख्यमंत्री वाराणसी में मंगलवार की शाम आयोजित अखिल भारतीय गोवर्धन पूजा उत्सव को संबोधित कर रहे थे।

- अखिल भारतीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम का आयोजन
- मुख्यमंत्री ने किए देव दर्शन, मीडिया से भी की चर्चा

भगवान श्रीकृष्ण थे लोकतंत्र के नायक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण लोकतंत्र के नायक थे। उनका जीवन धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। अन्याय के विरूद्ध सत्य की लड़ाई लड़ते हुए वे विजयी हुए। उन्होंने पूरे जीवन में साहस और मुस्कराकर जीने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम को पूर्व सांसद डीपी यादव, उत्तरप्रदेश सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल, उत्तरप्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर यादव, संयोजक गोपाल यादव, शिवनाथ यादव ने भी संबोधित किया।

तबादलों के कारण सार्वजनिक और श्वेतपत्र जारी करने की मांग

न्यूनतम दो साल निर्धारित हो आईएएस-आईपीएस का कार्यकालः पटवारी

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिख कर सुझाव दिया है कि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं महत्वपूर्ण विभागीय पदों पर पदस्थ



आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का सामान्य परिस्थितियों में न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित किया जाए। समय से पहले तबादले की स्थिति में उसके लिखित कारण सार्वजनिक किए जाएं। केवल राजनीतिक असहमति, जनप्रतिनिधियों की नाराजगी अथवा सत्ता-संगठन के दबाव को तबादले का आधार नहीं बनाया जाए। इसके साथ ही प्रत्येक वर्ष तबादलों, उनके कार्यकाल तथा समय से पूर्व स्थानांतरण के कारणों पर श्वेतपत्र जारी किया जाए। और बार-बार तबादलों से प्रभावित विभागों की प्रशासनिक कार्यक्षमता का स्वतंत्र मूल्यांकन कराया जाए। पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा की शिवराज सरकार के कार्यकाल में 'तबादला उद्योग' चलता था और अब तो मध्यप्रदेश में बाकायदा 'तबादला फैक्ट्री' खुल गई है।

पटवारी ने कहा कि किसी भी अधिकारी को जिले की स्थानीय समस्याओं, प्रशासनिक कमजोरियों, विभागीय संसाधनों और जवाबदेही की व्यवस्था समझने में समय लगता है। अधिकारी अपनी टीम तैयार करता है, कार्ययोजना बनाता है और परिणाम देने की दिशा में आगे बढ़ता है, लेकिन अचानक तबादला होने पर उसकी पूरी प्रक्रिया बीच में ही समाप्त हो जाती है। विकास कार्य प्रभावित होते हैं, कानून-व्यवस्था की जवाबदेही कमजोर होती है, योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित होता है और प्रशासन में जवाबदेही के बजाय अनिश्चितता का वातावरण बनता है।

हनुमान जी की पूजा-अर्चना, महाआरती के साथ प्रारंभ होगा यात्रा का दूसरा चरण

ब्रेक के बाद आज से फिर शुरू होगी दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा'

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' पांच दिनों के दीपावली अवकाश के बाद 11 नवंबर से पुनः शुरू हो रही है।

उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही इस 930 किलोमीटर लंबी पदयात्रा का पहला चरण 17वें दिन राघौगढ़ क्षेत्र के ग्राम पाटई आश्रम में संपन्न हुआ था। अब 11 नवंबर की सुबह पाटई आश्रम में हनुमान जी की पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ यात्रा का दूसरा चरण विधिवत प्रारंभ होगा।

राघौगढ़ दिग्विजय का गृह क्षेत्र है, जहां पहले चरण के समापन पर स्थानीय नागरिकों और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया था। विश्राम के बाद शुरू हो रहे इस नए चरण में यात्रा राघौगढ़ से आगे बढ़ते हुए आरोन, सिरोंज, अशोकनगर और चंदेरी होते हुए बुंदेलखंड व उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करेगी। पदयात्रा का अंतिम पड़ाव प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या है। दिग्विजय इस पदयात्रा के जरिए सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप सत्य, सहिष्णुता, शांति और 'वसुधैव कुटुंबकम' के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।

भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने किसानों पर की विवादित टिप्पणी

किसान 3 महीने मेहनत करते हैं और 9 महीने ताश खेलते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा एक बार फिर अपने विवादित बयान के चलते सुर्खियों में आ गए हैं। सोशल



मीडिया पर उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे देश के अन्नदाता यानी किसानों की जीवनशैली पर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में सांसद जनार्दन मिश्रा कहते सुनाई दे रहे हैं कि किसान सिर्फ 3 महीने ही मेहनत करता है और बाकी के 9 महीने ताश खेलता है, गुटखा खाता है, बोतल से पीता है। सांसद का यह बयान जबलपुर और रीवा समेत पूरे विंध्य इलाके में आग की तरह फैल गया है।

विपक्ष ने की माफी की मांग

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया के कमेंट सेक्शन में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों का कहना है कि खेती कोई 3 महीने का काम नहीं है। बीज बोने से लेकर फसल की सिंचाई, खाद-कीटनाशक डालना, फसल काटना, उसे मंडी में बेचना और कर्ज चुकाना। भाजपा सांसद के तरफ से यह बयान सामने आने के बाद कांग्रेस और विभिन्न किसान संगठनों ने इसे सीधे तौर पर अन्नदाताओं का अपमान बताया है। किसान संगठनों ने सांसद से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर माफी नहीं मांगी गई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बोहरा समाज के धर्मगुरु, सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब से उज्जैन में भेंट की

व्यापारिक गतिविधियों में अग्रणी, शांति प्रिय और सच्चा देशभक्त है बोहरा समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब से भेंट की। उन्होंने सैफुद्दीन साहब ने दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने डॉ. सैयदाना मुफद्दल सैफुद्दीन का अभिनंदन किया।

भेंट के दौरान प्रदेश में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सिंहस्थ-2028 के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित बोहरा समाज के भाई-बहनों को दीपावली पर्व की बधाई दी।



सीएम ने बोहरा समाज के धर्मगुरु, सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन से उज्जैन में भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि बोहरा समाज शांतिप्रिय, व्यापारिक गतिविधियों में अग्रणी और देशभक्त समाज है। देश के विकास में समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आगे भी यह योगदान निरंतर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश सर्वधर्म सद्भाव की भावना में विश्वास रखने वाला देश है, जो सभी धर्मों और समाजों को साथ लेकर चलता है।



बोहरा समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री।

आंगनबाड़ी केंद्रों में 'माटी अनमोल' नवाचार से निखर रही बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा

नन्हें हाथों से आकार ले रही मिट्टी, खेल-खेल में प्रकृति का महत्व सीख रहे आंगनबाड़ी के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कहीं नन्हें हाथ मिट्टी से हाथी-घोड़े बना रहे हैं, तो कहीं छोटी-छोटी मटकियां, दीये और मनपसंद आकृतियां आकार ले रही हैं। मिट्टी को गूंथते, उसे आकार देते और प्राकृतिक रंगों से सजाते हुए बच्चे न केवल अपनी कल्पनाओं को साकार कर रहे हैं, बल्कि खेल-खेल में प्रकृति और मिट्टी का महत्व भी समझ रहे हैं। जबलपुर जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में 'प्रकृति से जोड़ो' अभियान के अंतर्गत संचालित 'माटी अनमोल' नवाचार बच्चों के लिए आनंद और अनुभव से सीखने का माध्यम बन रहा है। इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार को बच्चे मिट्टी से विभिन्न खिलौने और कलात्मक वस्तुएं बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखार रहे हैं।


बच्चों के बनाए खिलौने।




बच्चों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।


मिट्टी से खिलौने बनाकर जान रहे प्रकृति और पर्यावरण का महत्व

'माटी अनमोल' गतिविधि में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित मिट्टी उपलब्ध कराती हैं। इस दौरान बच्चों को सरल और रोचक तरीके से बताया जाता है कि मिट्टी में पेड़-पौधे उगते हैं, इससे अन्न मिलता है और मिट्टी से घड़े, दीये तथा अनेक उपयोगी वस्तुएं बनाई जाती हैं। इस प्रकार बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव के साथ पर्यावरण संरक्षण की समझ भी विकसित की जा रही है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के सीओपी-31 में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

सीओपी 31 में भारत की आवाज़ बनेंगी मप्र की डॉ. साक्षी भारद्वाज

भोपाल। मध्यप्रदेश के युवाओं की उपलब्धियों में एक अध्याय और जुड़ गया है। जंगलवास की संस्थापक, माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञ और मध्यप्रदेश राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ.साक्षी भारद्वाज संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी 31 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। डॉ. साक्षी ने बताया कि सीओपी 31 सम्मेलन में पर्यावरण को लेकर भारत के विचार, पर्यावरण संरक्षण के लिए जंगल वास के कार्य, बायोडायवर्सिटी, माइक्रोफोरेस्ट्री, ग्लोबल वार्मिंग, एग्री वोल्टाइक फार्मिंग आदि विषयों पर अपनी बात रखेंगी। इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के पर्यावरणविद और इस दिशा में काम करने वाले विद्वान भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में भाग लेने और प्रतिनिधित्व करने के लिए डॉ साक्षी मंगलवार को भारत से रवाना हुईं। यह सम्मेलन 9 से 20 नवंबर तक तुर्की के अंताल्या में आयोजित हो रहा है। इससे पूर्व डॉ साक्षी अज़रबैजान के बाकू में आयोजित सीओपी 29 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं हैं। डॉ.साक्षी एक बार फिर वैश्विक जलवायु मंच पर मध्यप्रदेश और देश की आवाज़ बनेंगी। इसी वर्ष डॉ साक्षी भारद्वाज को युवा मंत्रालय ने विकसित भारत यंग लीडर कार्यक्रम में भी पर्यावरणीय विषयों पर ज्यूरी के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ साक्षी भारद्वाज मध्य प्रदेश के प्रमुख शिक्षाविद और अन्तरराष्ट्रीय राजनीति के विद्वान स्व डॉ रामदेव भारद्वाज की पुत्री हैं।



केंद्रीय मंत्री सुरेश सहित कई विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल

पांच दिनी केरल फेस्ट आज से, दिखेगी केरल और मप्र की संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केरल और मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं और परंपराओं का संगम 11 नवंबर से भोपाल में देखने को मिलेगा। यहां केरल फेस्ट 2026 के तृतीय संस्करण का पांच दिवसीय आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस महोत्सव में केरल की पारंपरिक और शास्त्रीय कलाओं के साथ मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

आयोजन का उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान के जरिए राष्ट्रीय एकता और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम में उपलक्ष्य में मंगलवार को शाम को रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें केरल की सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। रोड शो का आयोजन लालघाटी से शुरू हुआ। जो कि कमला पार्क, दस नंबर होते हुए बिट्टन मार्केट में इसका समापन हुआ। महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन 11 नवंबर को होगा। इसमें केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा करीब 13 अन्य मंत्री, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, प्रदेश के मंत्री और कई गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।



मंगलवार को राजधानी में केरल के कलाकारों ने रोड शो किया, जिसे बेहद सराहना मिली।

स्थापना दिवसों को समर्पित रहेगा आयोजन

इस बार केरल फेस्ट को केरल और मध्यप्रदेश के स्थापना दिवसों के स्मरण को समर्पित किया गया है। इसमें दोनों राज्यों की ऐतिहासिक विरासत, परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को मंच मिलेगा। इसके साथ ही पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भोपाल वासियों को देश की विविध लोक कलाओं और परंपराओं को केरल के भोजन को करीब से जानने का अवसर मिलेगा।



पुलिकली लोक कला का दिखेगा रंग

केरल फेस्ट में केरल की प्रसिद्ध लोककला पुलिकली यानी बाघ नृत्य विशेष आकर्षण रहेगा। इसमें कलाकार शरीर पर बाघ की आकृतियां बनाकर पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर प्रस्तुति देंगे। वहीं, पडयणी अनुष्ठानिक लोककला के माध्यम से देवी भगवती की आराधना और पारंपरिक कोलम की झलक दिखाई जाएगी। इसका प्रदर्शन कडम्मनिट्टा गोत्र कलाकलारी के कलाकार करेंगे। इसके अलावा कुरथियाट्टम और ओट्टंथुल्लल की प्रस्तुतियां भी होंगी। ओट्टंथुल्लल में नृत्य, कविता, संगीत और हास्य-व्यंग्य के जरिए सामाजिक संदेश दिए जाते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, संगीत और ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुतियां भी होंगी।

ब्यूटी क्वीन ऑफ इंडिया का सम्मान प्राप्त करतीं अश्विनी।

अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर करेंगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व

गांव की बहू ने जीता इंटरनेशनल ब्यूटी क्वीन ऑफ इंडिया का ताज

भोपाल। बैतूल जिले के ग्राम गुणखेड़ (आठनेर) की बहू अश्विनी अरुण वागद्रे ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मिस एंड मिसेज मध्यप्रदेश सीजन-4 (2026) के आयोजन में उन्हें इंटरनेशनल ब्यूटी क्वीन ऑफ इंडिया का ताज पहनाया गया। इसके साथ ही उन्हें मिसेज एमपी शाइनिंग स्टार अवार्ड 2026 से भी सम्मानित किया गया। अब वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। राजधानी के एक होटल में आयोजित इस भव्य समारोह में अश्विनी को यह सम्मान मिला। छोटे से गांव से निकलकर प्रदेश स्तर के मंच पर अपनी पहचान बनाने तक का उनका सफर मेहनत, आत्मविश्वास और परिवार के सहयोग की मिसाल है।

समूह लोकनृत्य, लोकगायन, पेंटिंग, कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक में होगी प्रतियोगिताएं


प्रतीकात्मक चित्र

जिला स्तरीय युवा उत्सव कल से 15 से 29 वर्ष के युवा देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनकी रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 12 नवंबर को किया जाएगा। इस वर्ष युवा उत्सव की थीम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रखी गई है। युवा उत्सव का आयोजन लिटिल बैलेट, शांति नगर मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल में होगा। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे।

माय भारत पोर्टल पर पंजीयन जरूरी

आयोजन में शामिल होने युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आयोजन में युवाओं को नशामुक्ति का संदेश देने के साथ विकसित भारत के निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। पिछले वर्ष युवा उत्सव में भाग ले चुके युवा इस वर्ष पुनः भाग नहीं ले सकेंगे। चयनित प्रतिभागियों को 26 नवंबर को आयोजित संभाग स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

व्यंग्य से समाज की विसंगतियों पर प्रहार

राजेश खरे की पुस्तक 'निन्यानवे के फेर में हिंदुस्तान' का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वरिष्ठ व्यंग्यकार राजेश खरे 'अमृत' के व्यंग्य संग्रह ' निन्यानवे के फेर में हिंदुस्तान' का मंगलवार को शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में विमोचन किया गया। इस अवसर पर साहित्य, पत्रकारिता और कला जगत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि मप्र के चुनाव आयुक्त मनोज श्रीवास्तव थे। अध्यक्षता व्यंग्यकार प्रियदर्शी खैरा ने की, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव का विशिष्ट अतिथि थे। व्यंग्यकार विजी श्रीवास्तव, रंगकर्मी और कार्टूनिस्ट हरिओम तिवारी, व्यंग्यकार अरुण अर्णव खरे, रंगकर्मी गिरीश थत्ते, प्रसिद्ध कॉमेन्ट्रेटर दामोदर आर्य, अधिवक्ता राजेश व्यास सहित अनेक साहित्यप्रेमियों ने सहभागिता की।

व्यंग्य की भाषा व अभिव्यक्ति पर चर्चा

मुख्य अतिथि मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि व्यंग्य साहित्य की ऐसी विधा है, जो समाज की वास्तविकताओं और विसंगतियों को सामने लाने का काम करती है। वरिष्ठ व्यंग्यकार प्रियदर्शी खैरा ने व्यंग्य लेखन की भाषा और उसकी अभिव्यक्ति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि व्यंग्य की असली ताकत उसकी सहज भाषा और कथ्य की धार में होती है। वहीं उन्होंने कहाक कि व्यंग्यकार को अपनी बात इस तरह रखनी चाहिए कि पाठक मुस्कराने के साथ-साथ उस पर विचार करने भी मजबूर हो।



79वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा में विशेष पहल

टंकियों के ओवर फ्लो रोकने, पानी के ट्रीटमेंट पर रहेगा जोर

तीन दिन में चार करोड़ लीटर तक पानी की होगी बचत, वुजू-वॉशरूम में होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में होने वाले 79वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा पूरी दुनिया में इस्लाम का पैगाम और जल संरक्षण को लेकर खास होने वाला है। देशभर के उलेमा की तकरीरों से जहां इस्लाम को मानने वालों को सीधा रास्ता दिखाया जाएगा, वहीं बड़े आयोजन में उपयोग होने वाले पानी की बचत को लेकर भी इज्तिमा की इंतजामिया कमेटी ने काम शुरू कर दिया है, जिसके तहत यहां आम दिनों में यहां ठहरने वाले करीब ढाई लाख लोगों के लिए वुजू, वॉशरूम और टॉयलेट में उपयोग किए जाने वाले पानी में से तीस फीसदी बचाने करने की पहल की जा रही है, जिसके लिए पाइपलाइनों, जलापूर्ति कनेक्शन, टंकियों और नलों की नियमित निगरानी की जाएगी।

14 और 15 नवंबर को दुकानों के आवेदन

इज्तिमा परिसर में लगने वाली अस्थायी दुकानों के लिए 14 और 15 नवंबर को आवेदन लिए जाएंगे। इच्छुक आवेदक सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक ईंटखेड़ी इज्तिमा परिसर में आवेदन कर सकेंगे। दुकानों के लिए सभी धर्मों के लोगों को आवेदन का अवसर दिया गया है। आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन के लिए आधार कार्ड और तीन पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। निर्धारित तारीखों के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

यह भी किए जाएंगे उपाय

इज्तिमा कमेटी के प्रवक्ता बदरुद्दीन खान का कहना है कि इज्तिमा में बड़ी संख्या में लोग पांचों वक्त की नमाज के लिए वुजू करते हैं। जिससे वुजू स्थलों पर पानी की बचत विशेष प्राथमिकता होगी। नलों से पानी के तेज बहाव को रोकने, जल प्रवाह को नियंत्रित रखने और वुजू के दौरान नल खुला छोड़ने और पानी व्यर्थ बहाने से बचने की अपील की जाएगी। इसके साथ वॉलेंटियर्स से वुजू स्थलों, स्नानघरों, पेयजल केंद्रों और अन्य प्रमुख स्थानों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

वॉलेंटियर्स रहेंगे तैनात

लीकेज, टूट-फूट या अनावश्यक रूप से पानी बहने की स्थिति सामने आने पर सुधार कराया जाएगा। प्रमुख जलापूर्ति स्थानों पर वॉलेंटियर्स की तैनाती की जाएगी, जिससे पानी की बर्बादी रोकी जा सके।

साढ़े तेरह करोड़ लीटर पानी की जरूरत

प्रतिदिन ढाई लाख लोगों को देखते हुए पानी का प्लान तैयार किया गया है। जिसमें प्रति व्यक्ति करीब 135 लीटर पानी की जरूरत आंकी गई है। रोजाना करीब 3.375 करोड़ लीटर और चार दिन में 13.50 करोड़ लीटर पानी की जरूरत होगी। ऐसे में करीब 4.05 करोड़ लीटर पानी की बचत की जाएगी।

पेज एक का शेष...

14 नवंबर को ...

में बिरसा मुंडा के कार्यों एवं उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, मप्र शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जंयती के उपलक्ष्य में होने वाले 'जनजातीय गौरव सप्ताह' को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज में स्वाभिमान और स्वतंत्रता की अलख जगाई है। 25 वर्ष की आयु में आदिवासी अस्मिता को बचाने और देश को आजादी दिलाने के लिए अपना बलिदान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 11 से 18 नवंबर तक 'जनजातीय गौरव सप्ताह' मनाया जाएगा। इस सप्ताह के तहत भाजपा प्रदेश के सभी जिलों में भव्य सांस्कृतिक जुलूस निकालेगी।

कांग्रेस कुंठित मानसिकता के साथ चलती है: मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कुंठित मानसिकता के साथ चलती है। किंतु प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय नायकों के कार्यों पर समाज का ध्यान आकर्षित करवाने के लिए जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के मूल विचार में बड़ा अंतर है। हमारी सरकार ने सभी जनजातीय नायकों के सम्मान, उनकी विरासत और जनजातीय गौरव को आगे बढ़ाया है। अब जननायक भगवान बिरसा मुंडा को भी इसमें शामिल किया है।

मप्र देश में ...

सावित्री ठाकुर और दुर्गादास उइके, केंद्रीय कैबिनेट में शामिल हैं। जबकि कुंवर विजय शाह, श्रीमती संपतिया उइके, नागर सिंह चौहान, सुश्री निर्मला भूरिया को प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। यह हमारी राजनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रत्येक जिले में ...

भवन, सड़के और विकास परियोजनाओं के नाम जनजातीय नायकों के नाम पर करने की तैयारी भी प्रदेश सरकार ने की है। 12 और 13 नवंबर को जिलों में बैठकें आयोजित की जाएंगी। 14 नवंबर को प्रतिमाओं और देवस्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। प्रदेश में 16 और 17 नवंबर को जनजातीय छात्रावासों में युवाओं से सीधा संपर्क और संवाद अभियान संचालित किया जाएगा। 18 नवंबर से तीन दिन तक सभी पूर्व और वर्तमान सांसद-विधायक जनजातीय चौपाल आयोजित करेंगे।

बेटा खोने का...

साथ अपने संबंधों और राजनीतिक मतभेदों के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच मतभेद व्यक्तिगत नहीं बल्कि विचारधारा को लेकर हैं। हार्परकॉलिन्स इंडिया की ओर से प्रकाशित किताब में औपचारिक मुलाकातों और कभी-कभार होने वाली छोटी बातचीत के अलावा दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई है। सोनिया के मुताबिक, दोनों नेताओं की मुलाकात ज्यादातर संसद के औपचारिक कार्यक्रमों में होती है। इनमें संसद का हर सत्र खत्म होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में होने वाली बैठक भी शामिल है। जब प्रधानमंत्री मोदी मेरे सामने आते हैं तो हम औपचारिक रूप से एक-दूसरे को नमस्ते करते हैं। पहले अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेता आपस में अच्छे संबंध रखते थे और सहजता से मिलते थे। लेकिन अब वह मुझसे नजरें मिलाने से बचते हैं।

सोनिया गांधी ने अपनी किताब में संसद में प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों और कांग्रेस के प्रति भाजपा के रवैये की भी आलोचना की है। उन्होंने लिखा कि संसद में बोलते समय प्रधानमंत्री मोदी कई बार उसी तरह की सख्त और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं जैसी वह चुनावी रैलियों में करते हैं। सोनिया गांधी ने लिखा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू भाजपा और उसके नेताओं के निशाने पर रहते हैं।

सर्जरी के लिए गई थीं इटली: सोनिया ने अपनी किताब में खुलासा किया है कि वह दो बार कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ चुकी हैं। दूसरे यूपीए कार्यकाल के दौरान उन्हें इन स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। 2010 में डॉक्टरों की सलाह पर उन्होंने इटली के मिलान स्थित यूरोपियन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी में ब्रेस्ट कैंसर की सर्जरी कराई थी। मीडिया की चर्चाओं से बचने और निजता बनाए रखने के लिए उन्होंने मुंबई के बजाय इटली में इलाज कराने का फैसला किया। इसके एक साल बाद अग्न्याशय में ट्यूमर का पता चला। इसके इलाज के लिए वह नीदरलैंड्स के रोटरडैम स्थित इरास्मस यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर पहुंचीं। जांच में ट्यूमर शुरुआती कैंसर-पूर्व अवस्था में मिला। किताब में उन्होंने 2016 में वाराणसी के रोड शो के दौरान बेहोश होने और कंधा टूटने की घटना का भी जिक्र किया है। इसके बाद उन्हें कंधे की सर्जरी करानी पड़ी थी।

नेहरू पर पीएम ...

के 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ कांग्रेस पार्टी को खत्म करना नहीं बल्कि उसकी नीतियों और विचारधारा को भी मिटाना है। सोनिया ने इस विरोध की वजह प्रधानमंत्री मोदी की आरएसएस से जुड़ी वैचारिक पृष्ठभूमि को बताया है। उनके अनुसार, इसमें हिंदू धर्म की एक ऐसी व्याख्या को राजनीतिक रूप दिया गया है जो दूसरे विचारों और समुदायों को जगह नहीं देती और कठोर सोच पर आधारित है।

राहुल-प्रियंका नहीं ...

बाद पार्टी और यूपीए के सहयोगी दलों ने उन पर पद स्वीकार करने का भारी दबाव बनाया। गठबंधन के नेता उनके आवास पर करीब एक घंटे तक उन्हें मनाते रहे। दबाव में उनके मुंह से निकला ठीक है को नेताओं ने सहमति समझ लिया। प्रियंका ने यह सब देखकर राहुल को बताया। राहुल ने मां से पूछा कि क्या उन्होंने हां कर दी है। प्रियंका ने भी उन्हें अपने फैसले पर कायम रहने की सलाह दी और रोने लगीं। सोनिया ने लिखा कि उस रात वह विदेशी मूल के मुद्दे, देश में संभावित राजनीतिक तनाव और परिवार की सुरक्षा को लेकर असमंजस में रहीं। रातभर विचार करने के बाद उन्होंने पीएम पद ठुकराने का फैसला किया। अगले दिन कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्होंने मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का समर्थन किया।

तब डिप्रेशन में...

बहुत खुश हुईं। दिल्ली के खान मार्केट में बुक स्टोर के बाहर सोनिया की किताब का पोस्टर, इसके कवर पर लगा फोटो राजीव गांधी ने 1966 में क्लिक किया था। किताब के 7 चैप्टर में राजीव से मुलाकात, प्यार-शादी, भारत आना, राजीव के निधन के बाद कांग्रेस का नेतृत्व करने और पार्टी को बहुमत मिलने के बावजूद प्रधानमंत्री न बनने के फैसले का जिक्र किया गया है।

मेनका से रिश्तों में ...

दोनों के रिश्ते अच्छे थे। प्रियंका भी अपनी चाची मेनका के पास बैठकर उनकी कहानियां सुनती थीं। हालांकि, धीरे-धीरे घर का माहौल बदलने लगा। सोनिया को बहुरानी और मेनका को छोटी बहू कहकर बुलाया जाता था। मेनका शायद इसे अपने साथ भेदभाव मानती थीं। सोनिया लिखती हैं कि मेनका के व्यवहार और संजय के साथ उनके बढ़ते विवादों से घर में तनाव रहने लगा। कई बार वह सास इंदिरा गांधी के सामने भी अपशब्दों का इस्तेमाल करती थीं। मेनका का संजय पर बढ़ता प्रभाव राजीव और संजय के रिश्तों पर भी असर डालने लगा। कभी बेहद करीब रहे दोनों भाइयों के बीच कड़वाहट बढ़ गई। आखिरकार मेनका गांधी परिवार छोड़कर अलग हो गईं।

संतरे का लालच...

आया है कि सोमवार को गांव में छोड़ फाड़ उत्सव चल रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे आरोपी की नजर बच्ची पर पड़ी। उसने बच्ची को संतरा खिलाने का लालच दिया और अपने साथ ले गया। आरोपी उसे अपने घर से करीब 500 फीट दूर स्थित पुराने बरगद के पेड़ के पास ले गया। आशंका है कि वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और फिर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को पेड़ के खोखले तने में छिपा दिया।

अस्पताल से थाने तक ग्रामीणों का प्रदर्शन: बच्ची का शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण गरोठ सिविल अस्पताल के बाहर जमा हो गए। उन्होंने आरोपी को उनके हवाले करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर जाम लगा दिया और एसपी विनोद कुमार मीणा की गाड़ी भी रोकने की कोशिश की। बाद में शाम करीब चार बजे ग्रामीण थाने परिसर में पहुंच गए और आरोपी को सौंपने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। उनका कहना था कि वे आरोपी को खुद सजा देंगे। पुलिस बल ने उन्हें रोककर स्थिति नियंत्रित की। एसपी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी जरूरी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जांच जारी है।

लापता होने पर ...

पर विजय को हिरासत में ले लिया। वह गरोठ के माली मोहल्ले का रहने वाला है और लुक्का गांव में मजदूरी करता है।

परिवार में मां...

ग्रामीणों और प्रशासनिक टीम ने जेसीबी की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। रात करीब एक बजे तक मलबे से शवों और घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों को बैढ़न ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। एसडीएम सुरेश यादव और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया।

घायल बेलामती ने बताया कि मकान की एक दीवार में पहले से दरार थी और उसमें से आवाज भी आ रही थी। परिवार को मकान गिरने की आशंका हुई, लेकिन इससे पहले कि कोई संभल पाता, पूरा घर ढह गया।

बताया गया कि मकान में दोहरी कच्ची छत थी। अरुण के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान भी स्वीकृत था, जिसका निर्माण जारी था। विधायक रामनिवास शाह के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को एक-एक लाख और घायलों को 25-25 हजार रुपये की सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

48 घंटे से ज्यादा ...

हुए यह टिप्पणी की। विश्वजीत सिंह पर एक संविदा कर्मचारी का 36,421 रुपए बकाया वेतन जारी करने के बदले 4,000 रुपए रिश्वत मांगने का आरोप था। इस मामले में पिछले साल सतर्कता थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद वह करीब 15 दिन न्यायिक हिरासत में रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई 2026 के पटना हाई कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें शिकायतकर्ता की याचिका पर सिंह की नियमित जमानत निरस्त कर दी गई थी। पीठ ने कहा कि रिश्वत की रकम जमानत रद करने का प्रासंगिक आधार नहीं थी। अदालत ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि न्यायिक हिरासत से बाहर आने के बाद सिंह को दोबारा उसी अस्पताल में उसी पद पर तैनात कर दिया गया। पीठ ने बिहार सरकार से इस मामले पर तत्काल ध्यान देने और कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की उम्मीद जताई।

आदर्श आचार...

राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे और न ही अपने पद या आधिकारिक प्रभाव का इस्तेमाल किसी दल या उम्मीदवार के पक्ष में कर सकेंगे। आयोग ने 9 नवंबर 2026 को गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिवों तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर पुराने निर्देशों को दोहराया है। इसमें कहा गया है कि चुनाव के दौरान सरकारी कर्मचारियों की तरह सरकार की ओर से नियुक्त या दोबारा नियुक्त सेवानिवृत्त अधिकारियों को भी राजनीतिक निष्पक्षता बनाए रखनी होगी। आयोग ने स्पष्ट किया कि रिटायर्ड अधिकारियों के आचरण को लेकर अलग नियम नहीं होने के कारण उन पर भी सरकारी सेवकों जैसे प्रतिबंध लागू होंगे। इसके अलावा, सरकारी वित्तपोषित संस्थाओं, समितियों, निगमों और आयोगों पर भी आदर्श आचार संहिता के प्रावधान लागू होंगे। इन संस्थाओं के कर्मचारियों को भी चुनाव के दौरान नियमों का पालन करना होगा।

शीतकाल के लिए....

की प्रक्रिया सुबह चार बजे पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई। सुबह साढ़े आठ बजे धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए। परंपरा के अनुसार मां गंगा की स्वयंभू मूर्ति से मुकुट सहित अन्य कलेवर उतारे गए। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा की पाषाण मूर्ति के निर्वाण दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मां गंगा की डोली मंगलवार रात मार्कंडेय पुरी स्थित देवी मंदिर में विश्राम के बाद बुधवार को भैयादूज पर सोमेश्वर देवता की अगवानी में डोली मुखवा पहुंचेगी। यहां उत्सव प्रतिमा को गंगा मंदिर में विराजमान किया जाएगा। अगले छह माह तक श्रद्धालु मुखवा में ही मां गंगा के दर्शन और पूजन कर सकेंगे। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि निर्धारित मुहूर्त में कपाटबंदी की गई। बुधवार को केदारनाथ धाम के कपाट बंद होंगे।

इन्हें मिलेगा...

देपालपुर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास किए गए, जिसका फायदा उसे राष्ट्रीय पहचान के रूप में मिला। दूसरी ओर, भोपाल के सूची से बाहर होने पर नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। आदमपुर छावनी में पुराने कचरे के ढेर और उसके वैज्ञानिक निस्तारण की चुनौतियां भी इसकी बड़ी वजह मानी जा रही हैं। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने इसे चिंताजनक बताते हुए कहा कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद राजधानी राष्ट्रीय सम्मान हासिल नहीं कर सकी।

राहुल ने दी थी ...

कि उन्होंने हमें नक्सली कहा है। राहुल ने चुनौती दी कि कोई भी उनसे कहीं भी बहस कर सकता है कि देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है। इसी बयान के जवाब में अब रिजिजू ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है।

नाम परिवर्तन की सार्वजनिक सूचना

मैं, जिनी कुरियाकोस (JINY KURIAKOSE), स्वर्गीय मैथ्यू कुरियाकोस एवं श्रीमती एल्सम्मा कुरियाकोस की पुत्री, यह घोषणा करती हूँ कि मेरी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूचियों में मेरा नाम JINY KURIAKOSE दर्ज है। वर्तमान में मैं ट्रीसा अर्चना (TREESA ARCHANA) के नाम से जानी जाती हूँ। अतः अब से मैं सभी सरकारी, शैक्षणिक एवं कानूनी कार्यों में TREESA ARCHANA के नाम से जानी जाऊँगी। मेरे दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

पता : माउंट कार्मेल स्कूल, अरविंद विहार, बागमुगलिया, हुजूर, भोपाल, मध्यप्रदेश-462043

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

ग्रीन मेडोस, अरेरा हिल्स, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक 15, ट्रिप्लेक्स, टाईप लोटस विला मण्डल द्वारा श्री सुशील कुमार शुक्ला आत्मज स्व. श्री प्रेम नारायण शुक्ला के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02/02/2011 को पंजीकृत है। श्री सुशील कुमार शुक्ला द्वारा उक्त सम्पत्ति का मुख्तार आम श्रीमती रिमि शुक्ला पत्नि श्री सुशील कुमार शुक्ला को नियुक्त कर दिनांक 21/09/2026 को पंजीकृत किया गया है। उक्त मुख्तारग्रहिता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रजनीश अग्रवाल आत्मज श्री प्रहलाद दास अग्रवाल को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 12/10/2026 को निष्पादित करा दिया है।

क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्री रजनीश अग्रवाल आत्मज श्री प्रहलाद दास अग्रवाल के नाम हस्तांतरण करने हेत हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रं./3973/न.पा.नि./स्वा. शाखा/2026-27/

बीरगांव, दिनांक 07 / 11 / 2026

जेम पोर्टल बिड आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव सीमा अंतर्गत आगामी 12 माह के लिये सड़क व नाली सफाई हेतु पात्र फर्मों / सेवा प्रदाताओं से जेम पोर्टल में बिड के माध्यम से दरें आमंत्रित है। Gem Bid No. GEM/2026/B/8206542, GEM/2026/B/8247475, GEM/2026/B/8247495 and GEM/2026/B/8246469. Bid Due Date - As per Bid, Physical Submission Last Date - At least 30 minutes prior to the scheduled date and time for bid Opening. Bid Opening Date- As per Bid (Scheduled).

इच्छुक सक्षम निविदाकार नियम व शर्तें, धरोहर राशि, बैंक साल्वेंसी, Key Dates इत्यादि विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे Gem Portal के माध्यम से बिड भरने की कार्यवाही कर सकते हैं।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

NOTICE FOR INDUSTRY CONSULTATION

Onboarding of Consent Manager(s) under the DPDP Act, 2023

Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited (MPSeDC), Bhopal, invites interested firms/agencies, technology providers and industry stakeholders to participate in an Industry Consultation on the proposed RFP for onboarding of Consent Manager(s) for Government of Madhya Pradesh in accordance with the Digital Personal Data Protection Act, 2023 and applicable DPDP Rules, 2025.

MPSeDC is developing various e-Governance solutions for Government departments and agencies, in which consent management facilities are envisaged to be implemented, wherever required, as per the provisions of the DPDP Act, 2023. As different departments and applications may require consent management services simultaneously, the proposed framework may provide for onboarding of multiple eligible Consent Managers.

The consultation will seek industry inputs on the proposed scope, onboarding/engagement model, technical architecture, interoperability, integration with Government applications, security, regulatory compliance, service levels and commercial framework.

Date of Consultation : 18.11.2026, Time: 03:00 PM
Mode : Online/Offline
Last Date for Submission of suggestions/comments : 17.11.2026

Interested participants may submit their suggestions/ comments to **marketing@mpsedc.com.** The draft consultation document and further details will be available at **https://mpsedc.mp.gov.in/**


M.P. Madhyam/129034/2026 **MANAGING DIRECTOR**



हरिभूमि सत्यनिष्ठ ही नहीं, विश्वसनीय भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू
बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल Veronika Khushi Heights Main Road Abbas Nagar Bhopal

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

शब्द पहेली - 6403



बाएँ से दाएँ
1. शरीफ, नेकनीयत-5
4. जिसे सुनाई न दे-3
6. मां का भाई-2
7. एकमात्र, सिर्फ एक-3
8. अधिकार-2
10. सिर झुकाना-3
11. दुर्घटना-4
14. दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16. राजदार-4
17. राजा की पत्नी-2
18. वीज, वीर्य-2
19. मीठा पेय पदार्थ-4
21. पानी की बूंद-3
22. अवरोध, बाधा-4
24. मैला, अस्वच्छ-3
25. पानी, जल-2
27. पुत्र, लड़का-3
28. लाश, पार्थिव देह-2
29. थकावट-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2. अस्थमा-2
3. राज्य, सल्तनत-4
4. तन, काया, देह-3
5. रास्ता, मार्ग-2
7. नखरा, भुगतान-2
9. डोली उठाने वाले-3
12. बिजली, विद्युत रश्मि-3
13. भद्रता, नेकनियत -4
15. कमल, पंकज-3
16. बुखरा, ज्वर ताप-4
17. आराम, मदद-3
18. घना वन-3
20. मन को भाने वाला -2,3
21. कथा, गाथा-3
22. कहासुनी-4
23. मनन करना-3
24. शराब-2
26. घोड़ागाड़ी-2
28. बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली-6402 का हल

■	रा	ह	ज	नी	■	फि	स	ल	ना	■
अ	■	क	हा	र	■	त	न	य	■	बु
ह	क	■	न	व	■	र	म	■	फ	न
म	म	ता	■	ता	क	त	■	चा	त	क
क	र	त	ब	■	म	■	त	ल	वा	र
■	■	■	ल	ह	र	दा	र	■	■	■
ला	व	ज	मा	■	बं	■	स	ह	ल	ज
ज	त	न	■	म	द	द	■	म	ग	न
वा	न	■	क	न	■	ह	म	■	न	म
ब	■	त	म	स	■	ली	ट	र	■	त
■	मे	ह	य	ब	■	ज	र	ब	फ्त	■

सूडोकु नवताल - 6413

कठिनतम

	9	7			6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6412 का हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4

खबर संक्षेप

दिवाली बलिप्रतिपदा पर बंद रहा शेयर बाजार

नई दिल्ली। दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में अवकाश रहा। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में कारोबार नहीं हुआ। दोनों एक्सचेंजों पर इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट में भी ट्रेडिंग नहीं हुई।

एचपी ओमनीबुक 5,प्रोबुक 4 जी2आईएस लांच

नई दिल्ली। टेक्नोलॉजी कंपनी एचपी इंडिया ने दो नए लैपटॉप एचपी ओमनीबुक 5 और एचपी प्रोबुक 4 जी2आईएस पेश किए हैं। इन्हें छात्रों, रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े युवाओं, कारोबारियों और मोबाइल प्रोफेशनल्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एचपी ओमनीबुक 5 खासतौर पर छात्रों की पढ़ाई और रचनात्मक कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है।

अमेजन प्रोग्राम से जुड़े 2 लाख क्रिएटर्स

बेंगलुरु। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम से जुड़ने वाले क्रिएटर्स की संख्या 2 लाख के पार पहुंच गई है। पिछले एक साल में इसमें दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी क्रिएटर्स को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कमाई और कारोबार बढ़ाने के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। प्रोग्राम के तहत क्रिएटर्स यूट्यूब और पिंटरेस्ट पर अपने कंटेंट में अमेज़न के उत्पादों को टैग कर सकते हैं ।

किआ साइरोस ईवी में 526 किमी तक की रेंज

मुंबई । किआ साइरोस ईवी, टाटा नेक्सन ईवी और महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ ईवी शामिल हैं। किआ साइरोस ईवी दो बैटरी विकल्पों में आती है। इसका 42 किलोवाट-घंटा वाला मॉडल 443 किलोमीटर, जबकि 51.4 किलोवाट-घंटा वाला मॉडल 526 किलोमीटर की प्रमाणित रेंज देता है। इसमें 30 इंच का पैनोरमिक डिस्प्ले, हवादार सीटें, छह एयरबैग और दूसरे स्तर की उन्नत चालक सहायता प्रणाली जैसे फीचर हैं।

सिग्मा का राजस्व 417 करोड़ रुपए पहुंचा

हैदराबाद। सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन करते हुए 417.07 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड ऑपरेशनल रेवेन्यू दर्ज किया है। यह पहली तिमाही के 374.27 करोड़ रुपए के मुकाबले 11.43 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का ऑपरेशनल एबिटडा 82.28 करोड़ रुपए रहा, जो पिछली तिमाही के 61 करोड़ रुपए से 35.06 प्रतिशत अधिक है। वहीं, शुद्ध लाभ 48.60 करोड़ रुपए दर्ज किया गया।

'घर लाएं आशीर्वाद-2' प्रतियोगिता शुरू

नई दिल्ली। आशीर्वाद ने 'घर लाएं आशीर्वाद-2' प्रतियोगिता शुरू की है। इसके तहत लोग व्हाट्सएप के जरिए अपनी रंगोली साझा कर सकेंगे। इस बार एआई टूल की मदद से डिजिटल रंगोली बनाने का विकल्प भी दिया गया है। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को अभिनेत्री रूपाली गांगुली की ओर से उनकी रंगोली पर आधारित खास दिवाली वीडियो शुभकामना संदेश मिलेगा। प्रतियोगिता में हर दिन 100 विजेताओं का चयन होगा।

ऑडिबल पर पौराणिक कथाओं की कहानियां

मुंबई। ऑडिबल भारतीय पौराणिक इतिहास और परंपराओं पर आधारित ऑडियोबुक्स की खास पेशकश लेकर आया है। इनमें रामायण, सीता के आत्मबल और हनुमान की अटूट भक्ति जैसी कहानियों को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।इस संग्रह में बच्चों के लिए सुधा गुप्ता की 'रामायण', देवदत्त पटनायक की 'राम की किताब', अमीश त्रिपाठी की 'सीता- वॉरियर ऑफ मिथिला' और परवेज दीवान की 'द बुक ऑफ हनुमान' शामिल हैं।

कैट ने ठेंगड़ी की 106वीं जयंती स्वदेशी संकल्प दिवस के रुप में मनाई

विदेशी निर्भरता छोड़ो, स्वदेशी अपनाओ, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनाओ : भरतिया

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭भोपाल

भारत की आर्थिक मजबूती का रास्ता विदेशी निर्भरता से नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादन, स्थानीय उद्योगों और छोटे व्यापारियों के सशक्तिकरण से होकर गुजरता है। महान राष्ट्रचिंतक एवं स्वदेशी अर्थव्यवस्था के प्रखर विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी का यही चिंतन आज आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है। यह बात स्वदेशी व्यापारी मंच के राष्ट्रीय संयोजक बालकृष्ण भरतिया ने ठेंगड़ी की 106वीं जयंती पर आयोजित स्वदेशी संकल्प दिवस के अवसर पर कही।


दत्तोपंत ठेंगड़ी

स्वदेशी व्यापारी मंच एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दत्तोपंत ठेंगड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय उत्पादों को अपनाने, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने और देश के लघु एवं कुटीर उद्योगों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। भरतिया ने दो टूक कहा कि स्वदेशी केवल सामान खरीदने का नारा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक आजादी, रोजगार और राष्ट्रीय स्वाभिमान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जिस अर्थव्यवस्था में किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष करे, मजदूर अपने अधिकारों के लिए जूझे और छोटा व्यापारी बड़े आर्थिक दबावों के बीच अपना अस्तित्व बचाने को मजबूर हो, उस अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठेंगड़ी के विचारों को नीति और व्यवहार दोनों में उतारना होगा।

छोटा व्यापारी मजबूत होगा तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा


कैट के राष्ट्रीय संयोजक बालकृष्ण भरतिया और भोपाल के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा

उन्होंने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने पूंजीवाद और साम्यवाद के बीच भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय आवश्यकताओं पर आधारित आर्थिक व्यवस्था का वैकल्पिक दर्शन दिया। भारतीय मजदूर संघ (1955), भारतीय किसान संघ (1979) और स्वदेशी जागरण मंच (1991) जैसे संगठनों की स्थापना के माध्यम से उन्होंने श्रमिकों, किसानों और स्वदेशी आर्थिक व्यवस्था को संगठित आवाज प्रदान की। भरतिया ने कहा कि आज भारत वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। ऐसे समय में देश को केवल बड़े उद्योगों की नहीं, बल्कि छोटे दुकानदारों, स्थानीय निर्माताओं, कुटीर उद्योगों और घरेलू उद्यमों की भी उतनी ही जरूरत है। भारतीय उत्पादों को बाजार में प्राथमिकता मिलेगी, तभी स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आर्थिक आत्मनिर्भरता का सपना साकार होगा।

देश की पूंजी देश में रहे स्थानीय कारोबार फले-फूले और किसान खुश रहेः धर्मेंद्र

कैट भोपाल के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी का आर्थिक चिंतन आज के व्यापारिक दौर में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। स्वदेशी उत्पादन, स्थानीय व्यापार और समाज के हर वर्ग की आर्थिक भागीदारी ही मजबूत राष्ट्र की बुनियाद है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करते हुए भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें, स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी करें और लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को केवल आयोजनों और नारों तक सीमित रखने के बजाय प्रत्येक नागरिक को इसे अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम में यह संदेश प्रमुखता से सामने आया कि देश की पूंजी देश में रहे, स्थानीय कारोबार फले-फूले और किसान, मजदूर एवं व्यापारी आर्थिक विकास के वास्तविक भागीदार बनें।

मुथूट फाइनेंस की बड़ी पहल

स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के लिए खर्च होंगे एक करोड़ रुपए



3.75 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान की

13,411 विद्यार्थियों को अब तक 3.75 करोड़ की छात्रवृत्ति, एमजी जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती पर 11 नई सीएसआर परियोजनाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

मुथूट फाइनेंस ने अपने पूर्व ग्रुप चेयरमैन स्वर्गीय एम.जी. जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती पर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी 11 नई सीएसआर परियोजनाओं की शुरुआत की है। कंपनी ने उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के उन्नयन के लिए 1 करोड़ रुपए खर्च करने की घोषणा की है। वहीं, पिछले एक दशक में कंपनी 13,411 से अधिक विद्यार्थियों को 3.75 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान कर चुकी है।

मुथूट ग्रुप के प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने नई दिल्ली स्थित कॉरपोरेट ऑफिस नॉर्थ में आयोजित कार्यक्रम में इन पहलों की घोषणा की। स्वच्छता परियोजना के तहत सरकारी स्कूलों में एक से चार तक शौचालय इकाइयों का निर्माण या नवीनीकरण किया जाएगा। इसमें छात्राओं के लिए सुरक्षित शौचालय और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हरियाणा के करनाल जिले के बरौली स्थित सरकारी स्कूल में नया शौचालय ब्लॉक बनाकर शुरू किया गया है, जिससे करीब 800 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। कंपनी की सीएसआर पहल के तहत भोपाल के मिसरोद स्थित सरकारी स्कूल में 700 से अधिक विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल सुविधा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा फरीदाबाद, गोरखपुर और भोपाल के वृद्धाश्रमों एवं देखभाल संस्थानों को मोटराइज्ड व्हीलचेयर, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन जैसे उपकरण दिए गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली के 100 मेधावी विद्यार्थियों को एम. जॉर्ज एक्सीलेंस अवॉर्ड दिया जाएगा। छात्राओं को 50 साइकिलें, वडोदरा में 22 क्लासरूम बेंच और राजकोट में डिजिटल स्मार्ट कंप्यूटर लैब उपलब्ध कराई जाएगी।

एसबीआई ने अमेरिका में बढ़ाया कारोबार, टेक्सास के फ्रिस्को में खोली नई शाखा

भोपाल। भारतीय स्टेट बैंक ने कारोबार का विस्तार करते हुए टेक्सास के फ्रिस्को में नई शाखा शुरू की है। एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने इसका उद्घाटन किया। यह एसबीआई की अमेरिकी अनुषंगी कंपनी एसबीआईसी बैंक की कैलिफोर्निया के बाहर पहली शाखा है। इसके साथ अमेरिका में बैंक की शाखाओं की संख्या आठ हो गई है।नई शाखा के माध्यम से ग्राहकों को जमा, कारोबारी ऋण, अंतरराष्ट्रीय धन हस्तांतरण और अनिवासी भारतीयों के लिए विशेष बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी। बैंक का उद्देश्य स्थानीय ग्राहकों और भारतीय प्रवासी समुदाय को बेहतर सुविधाएं देना है।

निफ्टी हो सकता है 2027 में 28,000 के पार

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। प्रमुख शेयर सूचकांक निफ्टी-50 वर्ष 2027 के अंत तक 28,000 का स्तर पार कर सकता है। ब्रोकरेज फर्म सिटी रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, मजबूत कॉरपोरेट आय, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े निवेश में वैश्विक बदलाव भारतीय बाजार को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में मदद कर सकते हैं। मौजूदा करीब 25,000 के स्तर के मुकाबले यह लगभग 12 प्रतिशत की संभावित बढ़त होगी। रिपोर्ट के अनुसार, कुछ समय पहले तक भारतीय शेयर बाजार अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में कमजोर प्रदर्शन कर रहा था। इसकी प्रमुख वजह एआई से जुड़े शेयरों और कारोबार को लेकर वैश्विक बाजारों में अत्यधिक उत्साह तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतें थीं। भारत दुनिया के बड़े तेल आयातक देशों में शामिल है, इसलिए, महंगे कच्चे तेल का असर महंगाई, कंपनियों की लागत और निवेशकों की धारणा पर पड़ रहा था। रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार तक के पिछले सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी-50 में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। इस तेजी के पीछे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की वापसी को अहम माना जा रहा है।

करोंद गल्ला मंडी में आज होगा कांटा पूजन मुहूर्त सौदा और दीपावली स्नेह सम्मेलन

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭भोपाल

विधि-विधान से की पूजा अर्चना, सुख समृद्धि और व्यापार में उन्नति की कामना

राजधानी के करोंद स्थित कृषि उपज मंडी में आज बुधवार को दीपावली के अवसर पर नए व्यापारिक वर्ष का शुभारंभ किया जाएगा। भोपाल ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन की ओर से शुभ कांटा पूजन, मुहूर्त सौदे और दीपावली स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन के अनुसार कांटा पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 7.30 से 9 बजे तक अमृत चौघड़िया और सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक शुभ चौघड़िया है।

भोपाल ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश कुमार ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि मंडी में किसानों की उपज की नीलामी दो सत्रों में होगी। पहले सत्र में सुबह 10.45 से दोपहर 1 बजे तक धान, सोयाबीन, गेहूं और दलहन की अलग-अलग नीलामी की जाएगी। वहीं दूसरे सत्र में दोपहर 3.30 बजे से नीलामी समाप्त होने तक कारोबार होगा। दोपहर 12 बजे एसोसिएशन हॉल, कृषि उपज मंडी प्रांगण में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग शामिल होंगे।

पुराने भोपाल के हनुमानगंज, जुमेराती बाजार स्थित प्रतिष्ठान के थोक व्यापारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कांटा पूजन का आयोजन किया । इस अवसर पर जुमेराती क्षेत्र के सभी व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में व्यापारियों ने विधि-विधान से कांटे (तौल उपकरण) का पूजन किया और व्यापार में बरकत, सुख-समृद्धि एवं निरंतर उन्नति की कामना की। तेल-शक्कर ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि और व्यापार में उन्नति की कामना की। साथ ही नए व्यापारिक वर्ष का श्रीगणेश किया और माता लक्ष्मी से वर्षभर धन-धान्य, बरकत एवं खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। परंपरा के अनुसार शुभ मुहूर्त में कारोबार की शुरुआत करना व्यापारियों के लिए विशेष महत्व रखता है। दीपावली अवकाश के बाद बाजारों में व्यापारिक गतिविधियां फिर से शुरू होने से व्यापारियों में उत्साह नजर आया।



मंडी के विस्तार के लिए आवंटित 3.74 हेक्टेयर भूमि का किया निरीक्षण

मंडी बोर्ड आयुक्त राघवेंद्र सिंह ने मंडियों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक एवं आईएएस अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने जबलपुर संभाग के अंतर्गत नरसिंहपुर और गाडरवारा कृषि उपज मंडियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में किसानों और व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त सिंह ने मंडी विस्तार के लिए आवंटित 3.74 हेक्टेयर भूमि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इस भूमि पर प्रस्तावित भवनों और अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में कार्यपालन यंत्री (ईई) को आवश्यक तकनीकी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने


मुख्य मंडी परिसर का भ्रमण कर प्रवेश और निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि उपज लेकर आने वाले वाहनों की आवक-जावक व्यवस्थित और सुगम होनी चाहिए। मुख्य गेट पर यातायात व्यवस्था पारदर्शी रखने के साथ कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी से जिम्मेदारी निभाने के निर्देश भी दिए। आयुक्त सिंह ने मंडी की वित्तीय स्थिति, कृषि उपज की आवक और मंडी से होने वाली आय की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने।

निरीक्षण के दौरान मंडी में स्थापित ग्रेडिंग प्लांट की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए उसे अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने मंडी परिसर में किसानों, हम्मालों और व्यापारियों की सुविधा के लिए संचालित कैंटीन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैंटीन का संचालन नियमित और गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडी आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा परिसर में निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल और अन्य मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बिजनेस न्यूज

बैंक ऑफ बड़ौदा ने नए प्रधान कार्यालय का किया उद्घाटन


नई दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा ने गुयाना में अपने नए प्रधान कार्यालय, जॉर्जटाउन शाखा भवन और विरासत केंद्र का उद्घाटन किया। गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने नए परिसर का लोकार्पण किया। बैंक ने गुयाना में 1966 में अपना कारोबार शुरू किया था और अब यहां छह दशक पूरे कर लिए हैं।इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ. देबदत्त चांद सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बैंक का कारोबार वित्त वर्ष 2022-23 के 28.7 अरब गुयाना डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 51.2 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। बैंक का शुद्ध लाभ भी 774 मिलियन गुयाना डॉलर तक पहुंचा है।बैंक भविष्य में डिजिटल भुगतान और यूपीआई आधारित सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रहा है। वहीं, राष्ट्रपति इरफान अली ने लघु एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया।

आईवीएफ फेल होने पर न बदलें जल्दबाजी में इलाजः डॉ. शिल्पी

भोपाल। आईवीएफ और आईयूआई के बार-बार असफल होने पर निराश दंपती अक्सर जल्दबाजी में डॉक्टर या ट्रीटमेंट बदलने का फैसला कर लेते हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि अगला कदम बदलने से पहले बीमारी की सही वजह जानना ज्यादा जरूरी है। ऐसे मामलों में सेकंड ओपिनियन उपचार की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, भोपाल की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. शिल्पी श्वेता के अनुसार, सेकंड ओपिनियन का अर्थ केवल दूसरे डॉक्टर की सलाह लेना नहीं, बल्कि पुरानी मेडिकल हिस्ट्री, जांच रिपोर्ट और असफल ट्रीटमेंट साइकल का नए सिरे से मूल्यांकन करना है। उन्होंने बताया कि इंफर्टिलिटी का कारण स्पष्ट न होना, आईवीएफ-आईयूआई के कई साइकल असफल होना, स्पर्म काउंट या मोटिलिटी में कमी और कम ओवेरियन रिजर्व जैसी स्थितियों में दूसरी विशेषज्ञ राय उपयोगी हो सकती है। एएमएच और एंट्रल फॉलिकल काउंट की रिपोर्ट को अकेले आधार बनाकर उपचार तय करना उचित नहीं है। डॉ. श्वेता ने स्पष्ट किया कि दूसरी राय लेने का मतलब पहले डॉक्टर का निदान गलत होना नहीं है।

होटल यशोदा प्रिविलेज में लांच हुआ 'ग्रैंड पूल' वेन्यू

भोपाल। शादी हो, रिसेप्शन या फिर कोई खास सेलिब्रेशन... अब भोपाल में आयोजनों को शाही और स्टाइलिश अंदाज देने के लिए एक नया डेस्टिनेशन तैयार है। नरेला शंकरी, अयोध्या बायपास रोड स्थित होटल यशोदा प्रिविलेज मैरिज गार्डन ने अपने नए 'ग्रैंड पूल' वेन्यू को लांच किया है। पूल साइड एंबियंस, आकर्षक डेकोरेशन और शानदार लाइटिंग के साथ तैयार यह वेन्यू शहर में आउटडोर सेलिब्रेशन का नया विकल्प बनकर सामने आया है। होटल यशोदा प्रिविलेज मैरिज गार्डन के मैनेजिंग डायरेक्टर बृजेश शुक्ला के मुताबिक, ग्रैंड पूल को 'आराम करें, जश्न मनाएं और यादें बनाएं' की थीम पर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य मेहमानों को



पारंपरिक बैंक्वेट और मैरिज गार्डन से अलग एक प्रीमियम सेलिब्रेशन अनुभव देना है। नया ग्रैंड पूल वेन्यू सिर्फ शादी और रिसेप्शन तक सीमित नहीं है। यहां सगाई समारोह, कॉकटेल पार्टी, पूल पार्टी, बर्थडे सेलिब्रेशन, प्री-वेडिंग फंक्शन और कॉर्पोरेट इवेंट भी आयोजित किए जा सकते हैं। यानी निजी समारोहों से लेकर प्रोफेशनल आयोजनों तक के लिए एक नया आउटडोर विकल्प उपलब्ध होगा।अयोध्या बायपास रोड के नरेला शंकरी क्षेत्र में स्थित होटल यशोदा प्रिविलेज मैरिज गार्डन शहर की भीड़भाड़ से अलग शांत लोकेशन पर है। ग्रैंड पूल के लॉन्च के बाद अब यहां मेहमानों को पारंपरिक आयोजन स्थलों के साथ पूल साइड सेलिब्रेशन का विकल्प भी मिलेगा।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड नर्मदापुरम

दूरभाष कमांक 07574-253119 Email Address - eephedhos@mp.nic.in

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 13.11.2026 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (PAC) (रु.मे)	धरोहर राशि (e-EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	रिमार्क
24/26-27 Date 05-11-2026	2026_PHED_547884_1 (Second Call)	SUPPLY OF NEW FURNITURE FOR NEW OFFICE BUILDING IN NARMADAPURAM	847300/-	16946/-	2000/-	10 दिवस (वर्षा काल सहित)	-

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
नर्मदापुरम

जी - 21235/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, भोपाल
लिंक रोड न0-2 माता मंदिर चौराहा के समीप, हर्षवर्धन नगर के सामने, भोपाल

Tel.:-(0755) 2924467 : e-mail:-eephbpl@mp.nic.in

क्र. 2841/तक/का.य./लो.स्वा.या.खंड/भोपाल/2026-27 दिनांक 06/11/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारो से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनो सहित ई टेंडरिंग पद्धति द्वारा आनलाईन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

सिस्टम जनरेट आई डी क्र.	खण्ड	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र की राशि रू.	ठेके की अनु. राशि रू.	अमानत राशि रू.	निविदा आनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रमांक
1	2	3	4	5	6	7	8
2026_PHED_548341_1	भोपाल	Providing 01 No. Four wheeler Vehicle on rent with driver but excluding POL (Diesel) for One Year for supervision, inspection and physical verification of various constructions -Maintenance work Under Block Phanda. (Vehicle Model-2024. Make- Mahindra Bolero, TUV, XUV 3X0, XUV 300, Hyundai Venue and any Other it's equivalent.) For Assistant Engineer Public Health Engineering Sub Division Bhopal, District Bhopal.	2000.00	313900/-	6278.00	23.11.2026	(1) 12 माह (वर्षाकाल सहित) (2) लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धति से पंजीयन शिथिल किया गया है। (3) प्रथम आमंत्रण
2026_PHED_548342_1	भोपाल	Providing 01 No. Four wheeler Vehicle on rent with driver but excluding POL (Diesel) for One Year for supervision, inspection and physical verification of various constructions -Maintenance work Under Block Berasia. (Vehicle Model- 2024. Make- Mahindra Bolero, TUV, XUV 3X0, XUV 300, Hyundai Venue and any Other it's equivalent.) For Assistant Engineer Public Health Engineering Sub Division Berasia, District Bhopal.	2000.00	313900/-	6278.00	23.11.2026	(1) 12 माह (वर्षाकाल सहित) (2) लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धति से पंजीयन शिथिल किया गया है। (3) प्रथम आमंत्रण

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।


कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड भोपाल

जी - 21262/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

रोजगार के मौके और महिलाओं की भागीदारी बढ़ना शुभ संकेत

देश में बेरोजगारी दर का पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत पर आना राहत देने वाला है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि श्रमबल में भागीदारी और वास्तव में काम कर रहे लोगों का अनुपात भी बढ़ा है। खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव की ओर शुभ संकेत करती है। जुलाई-सितंबर 2026 की तिमाही के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में कई सकारात्मक संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 54.6 प्रतिशत से बढ़कर 55.5 प्रतिशत हो गई है। इसका अर्थ है कि काम करने या रोजगार तलाशने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। वहीं, कामगार-जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में भी एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 52.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताता है कि कामकाजी आयु वर्ग के लोगों में वास्तव में रोजगार पाने वालों का अनुपात बढ़ा है। यानी सुधार केवल नौकरी तलाशने वालों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिक लोग काम से भी जुड़ रहे हैं। इस रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक पक्ष महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि है। महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर 33.2 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत और कामगार-जनसंख्या अनुपात 31.3 प्रतिशत से बढ़कर 32.8 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं का रोजगार से जुड़ना केवल परिवार की आमदनी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। अर्थव्यवस्था को भी इसका लाभ मिलता है, क्योंकि अधिक आबादी की कार्यक्षमता का उपयोग संभव होता है। ग्रामीण भारत ने इस तिमाही में रोजगार के मोर्चे पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांवों में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरों में यह 6.7 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियों की तेजी और स्वरोजगार में वृद्धि ने श्रम बाजार को सहारा दिया। कृषि क्षेत्र में कामगारों की हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत से बढ़कर 56.7 प्रतिशत और स्वरोजगार का अनुपात 61.4 प्रतिशत से बढ़कर 62.7 प्रतिशत हो गया। इस अवधि में 15 वर्ष से अधिक आयु के औसतन 57.9 करोड़ लोग रोजगार में थे। हालांकि, इन सकारात्मक आंकड़ों के साथ कुछ चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। ग्रामीण रोजगार में कृषि और स्वरोजगार की बढ़ती हिस्सेदारी को स्थायी तथा बेहतर आय वाले रोजगार में बदलना होगा। कृषि पर मौसमी निर्भरता कम करने के लिए ग्रामीण उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन देना होगा। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में मामूली वृद्धि बताती है कि नियमित और वेतनभोगी नौकरियों के अवसर बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है। रोजगार के इन आंकड़ों को अर्थव्यवस्था की दिशा में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली लक्ष्य ऐसे रोजगार पैदा करना है जो नियमित हों, सम्मानजनक आय दें और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हों। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसरों के माध्यम से और गति देनी होगी। रोजगार के अवसरों का विस्तार और महिलाओं की आर्थिक सक्रियता साथ-साथ बढ़ेगी, तभी विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा।



मुद्दा

ओमकार चौधरी

केवल दिवाली प्रदूषण का कारण नहीं

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। सामान्य दिनों में ऊंचाई के साथ हवा ठंडी होती जाती है और ज़मीन की गर्म हवा धुएं को लेकर ऊपर उठ जाती है।

सर्दी की रातों में ज़मीन तेज़ी से ठंडी होती है और ठंडी हवा की परत के ऊपर गर्म हवा की परत आ जाती है। इसे तापमान व्युत्क्रमण कहते हैं। यह गर्म परत ढक्कन की तरह प्रदूषकों को ऊपर नहीं जाने देती। इसी के साथ वह ऊंचाई घट जाती है, जहां तक प्रदूषक फैल सकते हैं। गर्मियों में यह दो से चार किलोमीटर होती है, सर्दियों में कुछ सौ मीटर रह जाती है। उतना ही धुआं बहुत कम हवा में सिमट जाता है। हवा की गति भी धीमी रहती है और मानसून के बाद बारिश नहीं होती, इसलिए कण न बहकर निकलते हैं, न धुलते हैं। नमी और कोहरे में गैसें रासायनिक क्रिया से सल्फेट और नाइट्रेट के महीन कणों में बदलती हैं और स्मॉग बनता है। भूगोल इस संकट को और गहरा करता है। सिंधु-गंगा का मैदान चारों ओर ज़मीन से घिरा है, उत्तर में हिमालय हवा का रास्ता रोकता है और दिल्ली तक समुद्री हवा नहीं पहुंचती। पटाखे प्रदूषण के कई स्रोतों में से एक हैं और उनका असर दिवाली के आसपास के कुछ दिनों तक रहता है। बाक़ी स्रोत पूरे मौसम, बल्कि पूरे साल सक्रिय रहते हैं। इनमें सबसे पहले वाहन हैं, जिनसे पेट्रोल-डीज़ल का धुआं और टायर-ब्रेक के घिसने से बने कण निकलते हैं। उद्योग, ताप बिजली घर और ईंट भट्ठे कोयला और अन्य ईंधन जलाकर गैसें और कण छोड़ते हैं। अक्टूबर-नवंबर में उत्तर-पश्चिमी हवाएं पंजाब और हरियाणा की पराली का धुआं दिल्ली-एनसीआर तक लाती हैं, हालाँकि इसका हिस्सा चरम दिनों में ऊंचा और पूरे मौसम के औसत में कम रहता है। सड़कों और निर्माण कार्य की धूल, ठंड में तापने के लिए जलती लकड़ी, उपले और कोयला, खुले में जलता कचरा और लैंडफिल की आग इस सूची को पूरा करते हैं। अध्ययनों में हर स्रोत के हिस्से के आंकड़े अलग-अलग हैं। फिर भी वे एक बात पर सहमत हैं: दिल्ली के प्रदूषण का बड़ा हिस्सा शहर की सीमा के बाहर से आता है। प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के मार्च 2026 के विश्लेषण में निगरानी वाले 238 शहरों में से 204 में पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक से ऊपर मिला। सबसे ऊपर गाजियाबाद रहा, जहां स्तर लगभग 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। उसके बाद नोएडा (166) और दिल्ली (163) रहे, जबकि दैनिक मानक 60 है। सबसे अधिक प्रभावित पट्टी पंजाब से पश्चिम बंगाल तक फैला सिंधु-गंगा का मैदान है। लुधियाना, रोहतक, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, पटना और कोलकाता सब इसी में आते हैं। इसके बाहर राजस्थान का भिवाड़ी, असम-मेघालय सीमा का बर्नीहाट और



सिंगरौली, कोरबा, धनबाद जैसे खनन और बिजलीघर वाले इलाक़े भी गंभीर रूप से प्रभावित हैं। दक्षिण और तटीय भारत की स्थिति बेहतर है। मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा। कर्नाटक का चामराजनगर लगभग 19 माइक्रोग्राम के साथ सबसे स्वच्छ शहरों में गिना गया। सेहत के लिए सबसे बड़ा ख़तरा पीएम 2.5 के महीन कण हैं, जो फेफड़ों की गहराई तक और वहाँ से ख़ून में पहुंच जाते हैं। शरीर इन्हें बाहरी हमला मानकर सूजन पैदा करता है और लंबे समय तक बनी यही सूजन बीमारियों की जड़ बनती है। तुरंत असर आंखों की जलन, खांसी, सांस फूलने और दमे के दौरों के रूप में दिखता है। लंबे समय में यह फेफड़ों के कैंसर, दिल के दौरे, स्ट्रोक और डायबिटीज़ का जोखिम बढ़ाता है। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुज़ुर्ग और दिन भर सड़क पर काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। आंकड़े इस बोझ का आकार बताते हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 के अनुसार 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं। 2021 में पांच साल से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौतें इससे जुड़ी पाई गईं। लैंसेट काउंटडाउन ने 2022 में असमय मौतों की आर्थिक क़ीमत 339.4 अरब डॉलर आंकी, जो GDP का 9.5 प्रतिशत है। शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण औसत भारतीय की उम्र 3.5 साल घटा रहा है। दिल्ली में यह कमी 8.2 साल, बिहार में 5.6, हरियाणा में 5.3 और उत्तर प्रदेश में 5 साल आंकी गई है। तुलना के लिए, इसी रिपोर्ट में कुपोषण से 1.6 साल और तंबाकू से 1.5 साल की कमी बताई गई है। दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है। आईक्यूएयर की 2025 की रिपोर्ट में पाकिस्तान पहले, बांग्लादेश दूसरे और भारत छठे स्थान पर रहा। दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर गाजियाबाद का लोनी रहा, जहां पीएम2.5 का सालाना औसत 112.5 माइक्रोग्राम दर्ज हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के केवल 14 प्रतिशत शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक पर खरे उतरे। चीन इस बात का उदाहरण है कि हालात बदले जा सकते हैं। बीजिंग में पीएम 2.5 का सालाना औसत 2013 में 89.5 माइक्रोग्राम था। चीन के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2025 में यह 27 रह गया, यानी लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट। भारत के मानक डब्ल्यूएचओ से काफ़ी ढीले हैं। पीएम 2.5 की सालाना सीमा भारत में 40 माइक्रोग्राम है और डब्ल्यूएचओ की पांच। 46 प्रतिशत भारतीय ऐसे इलाक़ों में रहते हैं, जहां हवा भारत के अपने मानक से भी ख़राब है। 2019 में शुरू हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 131 शहर शामिल हैं।

आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार इसका 64 प्रतिशत पैसा सड़क की धूल घटाने पर ख़र्च हुआ, जबकि उद्योग और वाहनों के उत्सर्जन पर एक से 13 प्रतिशत तक। दिल्ली-एनसीआर में हवा बिगड़ने पर ग्रैप के तहत निर्माण रोकने, ट्रकों का प्रवेश बंद करने और स्कूल ऑनलाइन करने जैसी पाबंदियां लगती हैं। ये आपात उपाय हैं और स्रोतों को नहीं घटाते। तात्कालिक प्रयोगों के नतीजे भी सीमित रहे हैं। अक्टूबर 2025 में दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के परीक्षणों से उल्लेखनीय बारिश नहीं हुई। ऑड-ईवन का असर अध्ययनों में सीमित और अस्थायी पाया गया। उत्तर भारत में पीएम 2.5 का सालाना औसत मानक से ऊपर रहता है और गांवों में चूल्हे का धुआं घर के भीतर की हवा बिगाड़ता है। बचाव के लिए ठीक से फ़िट किया गया एन95 मास्क और बंद कमरे में एचइपीए फ़िल्टर वाला प्यूरीफ़ायर कारगर हैं, पर ये इलाज नहीं, सिर्फ़ ढाल हैं। आंकड़े साफ़ हैं। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

डॉ. मोनिका शर्मा



आपराधिक आंकड़े बढ़ाता है क्षणिक आक्रोश

तकनीकी विकास और जीवनशैली के मोर्चे पर बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में मानवीय व्यवहार में उपजा बेवजह का आक्रोश आपराधिक आंकड़े रहा है। सहज सी बातों को लेकर हो रहे विवाद जान लेने तक जा पहुंच जाते हैं। विवेक और आत्म-नियंत्रण को खो देने के परिणामस्वरूप मन-मस्तिष्क का यह अंधकार और विस्तार ही पा रहा है। हाल में हरियाणा के फरीदाबाद में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वैवाहिक समारोह में शामिल होने भारत आए परमजीत की मात्र पार्किंग की जगह और वहां कुत्ते को शौच कराने की बात को लेकर हुई कहासुनी के कारण जान ले ली गई। इन्हीं दिनों अहमदाबाद में सब्जी को लेकर हुए मामूली विवाद में पत्नी ने अपने सेवानिवृत्त फौजी पति की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं कानपुर में भी क्षणिक आक्रोश के कारण हुई एक दर्दनाक घटना में पानी मांगने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर लकड़ी का पटरा मारकर उसकी हत्या कर दी। क्षणिक आक्रोश यानी पल भर का क्रोध समाज और परिवार में गंभीर अपराधों का अहम कारण बन गया है। पल भर के गुस्से में लोग दूसरों का जीवन छीनने से नहीं चूक रहे।


इतना ही नहीं, क्षणिक आवेश में स्वयं अपनी जान लेने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। कभी पालतू जानवरों को लेकर कहासुनी तो कभी बच्चों से जुड़े मामलों पर बहसबाजी। कहीं पड़ोसियों में घर की बाड़ या दीवार को लेकर विवाद तो कहीं एक ही घर के करीबी संबंधियों में तकरार। कहीं सड़क पर गाड़ी का छू जाना या आगे निकल जाना तो कहीं दुकान पर लेन-देन को लेकर कहासुनी होना। आम सी बात पर शुरू हुई नोकझोंक के कारण आया क्रोध लोगों को जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे धकेलने वाला साबित हो रहा है। साथ ही मन-मस्तिष्क की क्षणिक दिशाहीनता किसी अन्य का जीवन समाप्त करने की वजह तो बनती ही है। विडम्बना ही है कि मामूली विवाद भी हिंसक रूप ले रहे हैं। जिसके चलते छोटी सी बात बड़े अपराध के रूप में सामने आती है। चिंतनीय है कि क्षणिक रोष और असंतोष का यह मेल महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक आपराधिक घटनाओं के आंकड़े बढ़ा रहा है। शिक्षित और अशिक्षित हर वर्ग, हर उम्र के लोग इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और कई सामाजिक अध्ययनों के साझे आंकड़े बताते हैं कि बहुत से मामलों में हत्या, हत्या के प्रयास और गंभीर मारपीट की घटनाएं किसी पुरानी दुश्मनी के कारण नहीं, बल्कि मामूली सी बात पर उपजे आक्रोश के कारण होती हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार साल 2022 में हत्या के सबसे अधिक मामलों का कारण मामूली विवाद था। पुलिस रिकॉर्ड भी बताते हैं कि कई घटनाओं के पीछे कोई सुनियोजित साजिश नहीं होती। बड़ी संख्या में हत्याओं का कारण उस पल में उपजा गुस्सा ही होता है। ध्यातव्य है कि कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रोड रेज़ की घटनाओं के कोई आंकड़े ही नहीं रखता था। पहली बार साल 2016 में इस श्रेणी में आने वाले आंकड़े जुटाए गए। या यूं कहें कि जुटाने पड़े क्योंकि गली-मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक ऐसी घटनाएं होने लगीं। अब तो तात्कालिक गुस्से के कारण सड़क से लेकर सामाजिक-पारिवारिक समारोहों तक, आए दिन ऐसे दर्दनाक मामले देखने में आ रहे हैं।वस्तुतः, यह क्षणिक दिशाहीनता समग्र समाज के लिए चिंता का विषय है। वैचारिक मतभेद के प्रति असहिष्णु होने, अहंकारी सोच और सोशल मीडिया के कारण वर्चुअल छवि को देखने-जीने के आदी होते लोग मामूली कहासुनी के कारण अपराध कर रहे हैं।

हालांकि बाद में पछतावा ही हाथ आता है। अहमदाबाद के मामले में घटना के बाद पत्नी ने स्वयं अपने देवर को बताया कि झगड़े के दौरान उसने अपने पति के सीने में चाकू मार दिया है। साथ ही वह बेहोश हुए पति को इलाज के लिए अस्पताल भी ले जा रही है। समझना कठिन नहीं, आवेग का ज्वार उतरते ही हर इंसान को अपनी भूल समझ आती है पर कई घटनाओं में भूल सुधारने का कोई रास्ता नहीं बचता। निस्संदेह, छोटी सी बात को लेकर हत्या और बर्बरता से मारपीट करने के दिल दहलाने वाले आपराधिक आंकड़े बदलते मानवीय व्यवहार को लेकर कई प्रश्न उठाते हैं। बात परिस्थिति की हो या कोई विशेष कारण। हर जगह अपनी बात कहने-मनवाने के व्यवहार का जड़ें जमाना वाकई दुःखद है। ऐसे में संयम, सहज बर्ताव और सधा संवाद ही ऐसी घटनाओं पर लगाम लगा सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती हैं




संकलित

दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

सटाका



आज की पाती

विज्ञान का ज्ञान मानव हित के लिए प्रयोग हो

10 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात शांति और विकास के कामों में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञान ने इनसान की जिंदगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत सी भौतिकतावादी वस्तुएं जो विज्ञान की तरफ से हमें मिली हैं, वो हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमें से बहुत सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नई तकनीक का प्रयोग उचित तरीके से किया जाए तो वो वरदान है, अन्यथा वो अभिशाप बनेगी। - *शालु सभरवाल, पानीपत*

ट्रेंड

मुफ्त एलपीजी सिलेंडर



दिल्ली की मेरी लाखों माताओं और बहनों को दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का उपहार मिलने पर हार्दिक बधाई। आज 15 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक परिवारों के बैंक खातों में सीधे 142 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई, ताकि उन्हें मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मिल सके।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण के मामले में 'विश्वगुरु' क्यों बनते जा रहे हैं? अधूरे उपाय, दिखावे के काम, झूठे वादे और एक-दूसरे पर आरोप लगाना - यही तो भाजपा की पहचान बन गई है! पीएम मोदी ने इसे एक "बड़ी चुनौती" बताया था, लेकिन उनकी सरकार ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया है!

- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

जनता का समर्थन



आज, जब भारत दुनिया के मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और तमाम बाधाओं व तूफानों को पीछे छोड़ रहा है, तो कांग्रेस पार्टी जिसने जनता का समर्थन खो दिया है, इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है

- **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, भाजपा

हालात बदतर




यह दुखद और निंदनीय है कि केंद्र और दिल्ली सरकार उस प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है, जो दिल्ली का दम घोंट रहा है। हालात हमेशा से खराब थे। एक दशक में ये और भी बदतर हो गए हैं।

- **पी. चिदंबरम,** सांसद, राज्यसभा

करंट अफेयर


रूस के अखबार ने तीन दशक बाद मॉस्को कार्यालय किया बंद



रूस के सबसे चर्चित स्वतंत्र समाचार पत्रों में शामिल 'नोवाया गजेटा' ने सरकारी अधिकारियों के लगातार दबाव का हवाला देते हुए सोमवार को मॉस्को स्थित अपना कार्यालय बंद कर दिया। यह रूस में क्रेमलिन की आलोचना करने वाला आखिरी सक्रिय प्रमुख स्वतंत्र मीडिया संस्थान था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन में सैनिक भेजे जाने के बाद अन्य स्वतंत्र मीडिया संस्थान या तो बंद हो गए थे या अपना कामकाज विदेशों से करने लगे। अखबार ने 30 अक्टूबर को जारी एक बयान में कहा कि रूस के अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने उसके संपादकीय दल को कामकाज बंद करने के लिए मजबूर किया है। 'नोवाया गजेटा' ने कहा, 'इस देश में मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया है और अब उनका बचाव करने को अपराध माना जाता है। चुनाव और निर्वाचित संस्थाओं को प्रभावी रूप से खत्म कर दिया गया है, नागरिक संस्थानों का सफाया हो चुका है और अंतरात्मा की स्वतंत्रता तथा मानवीय गरिमा को पैरों तले कुचल दिया गया है। 'नोवाया गजेटा' 1993 में शुरू हुआ था और जल्द ही अपनी पत्रकारिता और रूस में मानवाधिकारों के उल्लंघन व भ्रष्टाचार को उजागर करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने लगा।

ऑफ बीट

कैंसर की शुरुआती पहचान 'गैलरी' जांच से संभव



गैलेरी जांच शुरुआती अवस्था में एक साथ कई प्रकार के कैंसर का पता लगाने वाली जांचों की एक नयी श्रेणी में शामिल है। ये जांचें कैंसर का निश्चित निदान नहीं करतीं। यदि जांच में कैंसर होने का संकेत मिलता है, तो इसकी पुष्टि करने के लिए आगे की जांच जरूरी होती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति को वास्तव में कैंसर है या नहीं और यदि है, तो वह किस प्रकार का है। इसे बीमारी की शुरुआती पहचान के लिए की जाने वाली जांच के रूप में पेश किया जाता है। इसकी तुलना स्तन कैंसर की पहचान के लिए मैमोग्राफी या प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए जांच से की जा सकती है। गैलेरी का संभावित लाभ यह है कि इससे एक ही बार में कई तरह के कैंसर का पता लगाने की कोशिश की जाती है। गैलेरी जांच खून में मौजूद डीएनए के उन छोटे-छोटे अंशों की तलाश करती है, जिनका संबंध कैंसर से होता है। जब किसी व्यक्ति के डीएनए में गड़बड़ी आती है, तो इसकी वजह वंशानुगत उत्परिवर्तन या पर्यावरण से जुड़ा कोई कारक हो सकता है। ऐसी गड़बड़ी से कोशिकाओं के विभाजन को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप कोशिकाओं का अनियंत्रित विभाजन शुरू हो सकता है और कैंसर कोशिकाएं पनपने लगती हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com

पर भेज सकते हैं।

सरस्वती मंदिर छठ घाट पर आवंटन के प्रथम दिन 558 छठ वेदियों का निर्माण


सरस्वती देवी मंदिर छठ घाट में छठ पूजा की तैयारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महापर्व छठ पूजा के भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों के क्रम में बिहार सांस्कृतिक परिषद द्वारा सरस्वती देवी मंदिर छठ घाट, बरखेड़ा, भोपाल में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को संस्था के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार के नेतृत्व में परिषद के कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा पांचों छठ कुंडों, प्राचीन कुएं तथा संपूर्ण परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापर्व छठ पूजा के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए व्रतियों को बैठने, पूजा की वेदी बनाने, डलिया एवं सूप रखने तथा पूजा-अर्चना करने हेतु स्थानों का आवंटन किया गया। आवंटन के प्रथम दिन ही पूरे दिन में 558 से अधिक छठ पूजा वेदियों का निर्माण किया गया। स्वच्छता अभियान एवं आयोजन की तैयारियों में सूर्य कुमार सिंह, संजीव कुमार, संजय साह, रामनंदन सिंह, एस.के. चौधरी, नरेंद्र सिंह, राकेश सिंह, कमलेश सिंह, राजकुमार प्रसाद, कृष्ण कुमार, अक्षय कुमार, विकास कुमार, अरुण शर्मा सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु सक्रिय रूप से शामिल रहे।

छठ महापर्व का चार दिवसीय कार्यक्रम

महापर्व छठ 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। 14 नवंबर को दूसरे दिन खरना (लोहंडा), 15 नवंबर रविवार को तीसरे दिन सायंकाल अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा तथा 16 नवंबर सोमवार को प्रातःकाल उदयाचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर महापर्व का विधिवत पारण किया जाएगा।

भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजेगा छठ घाट

आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण में छठी मइया के जयघोष, लोकगीत, पद्य गायन एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 नवंबर को सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक तथा 16 नवंबर को प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक आयोजित होंगे। बिहार एवं पूर्वांचल की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत करने के उद्देश्य से पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति भोजपुरी साहित्य अकादमी के सहयोग से पटना की लोकप्रिय गायिका रीना कुमारी के म्यूजिकल ग्रुप द्वारा दी जाएगी।

रामेश्वर शर्मा ने किया घाटों का निरीक्षण, बोले- श्रद्धालुओं को गंगा घाट जैसी सुविधाएं देने का प्रयास

छठ घाटों पर तैयारियां तेज, स्वच्छ जल और सफाई की व्यवस्था पर जोर

भोपाल। छठ महापर्व नजदीक आते ही भोपाल में घाटों को तैयार करने की कवायद तेज हो गई है। श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए घाटों पर साफ-सफाई, स्वच्छ जल और अन्य सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। मंगलवार को हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी काम समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान घाटों पर चल रहे निर्माण कार्यों, सफाई व्यवस्था और पानी की उपलब्धता को देखा गया। विधायक ने विशेष रूप से घाटों पर स्वच्छ जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा में पानी की शुद्धता और घाटों की साफ-सफाई का विशेष महत्व है। ऐसे में श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।



संपूर्ण सनातन समाज की आस्था का पर्व

विधायक शर्मा ने कहा कि छठ महापर्व अब किसी एक प्रदेश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे सनातन समाज की आस्था का पर्व बन चुका है। देश के साथ विदेशों में भी इसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। सूर्य उपासना और मां छठी की आराधना के इस पर्व पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भोपाल में गंगा नदी नहीं है, लेकिन यहां के घाटों पर श्रद्धालुओं को गंगा घाट जैसी सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए स्वच्छ पानी और घाटों की बेहतर व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक शर्मा ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में सभी घाट पूरी तरह तैयार हो जाएंगे।

भोजपुरी समाज के लोगो ने की तैयारियां, घाटों पर होंगे आयोजन

नहाय खाय के साथ 13 नवंबर से शुरू होगा छठ महापर्व, 15 को डूबते सूरज को व्रती देंगे अर्घ्य

भोपाल। चार दिवसीय छठ महापर्व का 13 नवंबर से नहाय खाय के साथ शुभारंभ होगा। राजधानी भोपाल में करीब दो दर्जन से अधिक जगहों पर साढ़े तीन लाख से अधिक भोजपुरी समाज के लोग छठ पर्व को मनाएंगे। मां चामुडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे के अनुसार ऐसी धार्मिक मान्यता है कि घर में सुख-समृद्धि और संतान को लेकर ये पूजा की जाती है। छठ पूजा करने वाले को सुख-समृद्धि और वैभव की प्राप्ति होती है और व्रती की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। भेल क्षेत्र में पिपलानी, बरखेड़ा व अन्ना नगर, हथाईखेड़ा डैम में बहुत बड़ा आयोजन होता है। 13 नवंबर को नहाय खाय के साथ छठ पर्व की शुरूआत होगी।



कमला पार्क घाट पर चला स्वच्छता अभियान

भोजपुरी एकता मंच की ओर से शीतल दास की बगिया स्थित कमला पार्क घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि छठ पूजा का चार दिवसीय पर्व 13 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। इस दौरान व्रतधारी 14 नवंबर को पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगे और शाम को खीर व गेहूं की रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। 15 नवंबर को डाला छठ पर व्रती महिलाएं और पुरुष डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे।

खबर संक्षेप

राम मंदिर में बनाई 21 फीट की गोवर्धन प्रतिमा



भोपाल। श्री राम मंदिर प्रांगण में कोटरा कमला नगर में ठाकुर भगवान गिरिराज गोवर्धन का पूजन कर भक्तों ने परिक्रमा की। सहज समाधान शिक्षा समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग और समिति के प्रवक्ता रमेश राठौर ने बताया कि मंगलवार को भगवान गोवर्धन की 10 क्विंटल गोबर से 21 फीट की प्रतिमा बनाकर छप्पन भोग लगाया गया। भगवान गिरीराज का पूजन कर परिक्रमा करके पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेकर जनकल्याण की कामना गिरिराज भगवान से की। भगवान गिरिराज भगवान के पूजन के बाद आतिशबाजी की गई। वहीं उन्होंने बताया कि छप्पन भोग के बाद अन्नकूट भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। भगवान गोवर्धन पूजन पंडित विष्णु राजोरिया और पंडित गोपी वल्लभ द्वारा कराया गया। गोवर्धन पूजन में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी शामिल हुए।

आज कायस्थजन करेंगे भगवान चित्रगुप्त पूजा



भोपाल। राजधानी में कायस्थ समाज बुधवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा करेगा। भोपाल के चित्रगुप्त मंदिरों में हुई विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक भाईदूज का पर्व को परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जवाहर चौक, 1100 क्वाटर्स, नेवरी मंदिर, साकेत नगर, नेहरू नगर, भवानी धाम सहित अन्य मंदिरों में भगवान चित्रगुप्त की पूजा धाम में की जाएगी। चित्रांश समाज भोपाल के प्रवक्ता दीप श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त के जयकारे के साथ कलम-दवात पूजन होगी। भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर, 1100 क्वार्टर में सुबह 10:30 बजे, इरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास, चित्रगुप्त नगर कोटरा में दोपहर 12:30 बजे पूजन होगा। वहीं जवाहर चौक मंदिर में शाम 4 बजे, कोलार में शाम 5 बजे और प्रियंका नगर मंदिर में शाम 7 बजे मुख्य आयोजन किए जाएंगे।

गोवर्धन पूजा पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, घरों में भी लोगों ने की पूजा

गोवर्धन पर्वत अपनी अंगुली पर रखकर श्रीकृष्ण ने किया इंद्र का अहंकार नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की गोवर्धन पूजा, 5 सौ से अधिक गौवंश के संरक्षण का हो रहा संवर्धन

गायत्री परिवार ने मंगलवार को शक्तिपीठ परिसर एमपी नगर में गोवर्धन पूजा की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान गोशाला में मौजूद गायों का भी श्रृंगार कर उनकी पूजा की गई। इस अवसर पर प्रदेश समन्वयक गायत्री शक्तिपीठ प्रकोष्ठ आर के गुप्ता ने बताया कि लीलाविहारी भगवान श्री कृष्ण ने इन्द्र को उनके पद, वैभव के द्वारा प्राप्त अभिमान को बाल लीलाओं में ही मिटा दिया था तथा प्रत्यक्ष देवताओं - पर्वत, नदियों की निष्काम सेवा के लिए पूजन, सम्मान, संरक्षण का संकल्प कराया था।

वहीं, गायत्री परिवार मप्र के वरिष्ठ परिजन महाकालेश्वर श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान ने यहां केवल इन्द्र का अहंकार नष्ट किया न कि इन्द्र की महत्ता या देवत्व। ओपी गुप्ता संचालन सहयोगी माता भगवती देवी गौशाला ने इस अवसर पर बताया कि गायत्री परिवार ने आज से 26 वर्ष पूर्व एक बछिया के साथ डॉ. शंकर लाल पाटीदार के मार्गदर्शन में इमलिया में गौशाला प्रारंभ की थी। इसके अगले वर्ष 6 गायों के साथ गायत्री शक्तिपीठ पर गौशाला आरंभ हुई। अब दोनों गौशालाओं में अब पांच सौ से अधिक गौवंश का संरक्षण संवर्धन हो रहा है। इस अवसर पर सूरज परमार,आर पी हजारी, रमेश नागर, डॉ दयानंद समेले ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। गौ पूजन, गोवर्धन पूजा के बाद गौशाला में सेवा देने वाले 6 गौ सेवकों का अभिनंदन किया गया।




गायत्री शक्तिपीठ में गोवर्धन पूजा।

इस्कॉन मंदिर में भगवान को लगाया 56 भोग, मांगी देश की खुशहाली

राजधानी में कई जगहों पर सार्वजनिक गोवर्धन पूजा

भोपाल। मंगलवार को राजधानी में कई जगह-जगह गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम छोला दशहरा मैदान पर हुआ। जहां सार्वजनिक गोवर्धन पूजा एवं परिक्रमा का आयोजन किया गया। यहां पर 11 फीट लंबे गोवर्धन की प्रतिमा बनाई गई थी। भक्तों ने गोवर्धन पूजा कर भगवान से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम की शुरूआत 5 प्रख्यात ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समिति पदाधिकारियो द्वारा गोवर्धनजी की पूजा अर्चना कर किया गया। इसके के बाद गगन भेदी जयकारों के साथ गिरिराजजी की परिक्रमा की गई।



इस्कॉन मंदिर में पहली बार हुई गोवर्धन पूजा

कोलार इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से गोवर्धन पूजा की गई। इस अवसर पर गोशाला प्रांगण में चावल, हलवा, सब्जियां, मेवे, केक, मिठाइयों व अन्य प्रसाद सामग्री से गिरिराज गोवर्धन का प्रतिरूप तैयार किया गया।

गोशाला में हुई गायों की पूजन एवं गोपालकों का सम्मान

बृजमोहन रामकली गो संरक्षण केंद्र के द्वारा हलाली डैम स्थित गौशाला में गौ एवं गोवर्धन का विशेष पूजन अर्चन किया गया अध्यक्ष प्रहलाद दाइस्कॉन मंदिर में पहली बार हुई में गोवर्धन पूजा स मंगल सचिव प्रमोद नेमा गोल्डन अग्रवाल ने यहां मौजूद 1500 से अधिक गोवंश को गुड़, पशु आहार, गेहूं - चने का दाना एवं हरा चारा खिलाकर कार्यरत सभी गोपालक व कर्मचारियों को वस्त्र आदि भेंट कर सम्मान किया।

बाइबल महोत्सव के दूसरे दिन उमड़े श्रद्धालु

गलतियों को स्वीकार करने से ही मिलता है क्षमा और मुक्ति का मार्ग : फादर अलेक्जेंडर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा कॉलोनी स्थित असम्शन चर्च में आयोजित कैथोलिक ईसाई समुदाय के बाइबिल महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह 9 बजे से शुरू हुए आयोजन में बाइबिल का पाठ, मनन, स्तुति और आराधना के साथ प्रवचन हुए। मुख्य वक्ता फादर अशोक अलेक्जेंडर ने अपने संदेश में लोगों को पाप और बुराइयों से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जो पाप करता है, वह ईश्वर की संतान नहीं है। जो मनुष्य पाप से दूर रहता है, उसी के जीवन में ईश्वर का दिव्य तत्व क्रियाशील होता है। पाप कर्म व्यक्ति को ईश्वर से दूर कर देते हैं और उसे सही मार्ग से भटका देते हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने पाप और गलतियों को छिपाता है, वह जीवन में कभी वास्तविक उन्नति नहीं कर सकता। जीवन में शांति और उन्नति का मार्ग तभी खुलता है, जब व्यक्ति अपनी गलतियों को स्वीकार करता है। इससे उसे क्षमा और मुक्ति की प्राप्ति होती है। दोपहर बाद चर्च में पवित्र संस्कार की आराधना और मेल-मिलाप संस्कार संपन्न हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने अपने पापों और बुराइयों से दूर रहकर सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। शाम को वीजी फादर ईश्वरदास मिंज के नेतृत्व में पवित्र मिस्सा का आयोजन किया गया।

आज होगा महोत्सव का समापन

फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने बताया कि बुधवार को बाइबिल महोत्सव का अंतिम दिन होगा। इसकी शुरुआत स्तुति और आराधना से होगी। महोत्सव का समापन आर्चडायोसिस के तीन फादरों के पुरोहिताई जीवन की रजत जयंती (सिल्वर जुबली) के समारोह के साथ किया जाएगा।

भोजपुरी उत्सव समिति की बैठक

सोनू पाण्डेय और सोनाली राज देंगी भजनों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोजपुरी उत्सव समिति खटलापुरा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा कर समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष भी समिति द्वारा 15-16 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक सोनू पाण्डेय और यूपी की भोजपुरी गायिका सोनाली राज छठ मैया की भजनों की प्रस्तुति देगी। इस अवसर पर आतिशबाजी के साथ दीपदान भी किया जाएगा।

डॉ. शेन्डे ने सत्र में सह-अध्यक्ष के रूप में निभाई भूमिका

पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण एवं वैज्ञानिक प्रसार सम्मेलन में डॉ. शेन्डे ने किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषदः राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला नई दिल्ली में पारंपरिक ज्ञान के संचार एवं प्रसार विषय पर तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पारंपरिक ज्ञान का संचार एवं प्रसार का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास शेन्डे ने मप्र से एकमात्र प्रतिभागी के रूप में सहभागिता कर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।



एनसीआईएसएम ने परीक्षा के संबंध में जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एनसीआईएसएम ने एनटीईटी-26 की द्वितीय परीक्षा को लेकर सार्वजनिक सूचना जारी की है। विद्यार्थियों मांग को ध्यान में रखते हुए आयोग ने दिसंबर 26 में द्वितीय परीक्षा आयोजित करने की संभावित योजना बनाई है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने आयोग के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि देशभर के आयुर्वेद पीजी विद्यार्थियों से एनटीईटी संबंधी समस्याओं एवं मांगों के अनेक आवेदन प्राप्त हुए थे। नीमा ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके पक्ष एवं मांगों को संबंधित उच्च अधिकारियों एवं विभागों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया।

एम्स के डॉ. प्रांजल जैन ने दी तुरंत जांच कराने की सलाह

पटाखों के बाद कम सुनाई दे तो अगले 72 घंटे बेहद महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पटाखों का तेज धमाका कान के भीतरी हिस्से को चोट पहुंचा सकता है और सुनने की क्षमता अस्थाई या स्थाई रूप से घट सकती है। कान में घंटी या सीटी बजना, कान बंद लगना, आवाजें धीमी सुनाई देना और चक्कर आना खतरे के शुरूआती संकेत हैं। ऐसे में ऑडियोलॉजिस्ट से जांच और ईएनटी विशेषज्ञ से परामर्श तुरंत कराना जरूरी है। कम सुनाई देने को सामान्य बात समझकर नजरअंदाज न करें। यह सलाह एम्स भोपाल के ईएनटी विभाग के डॉ प्रांजल जैन ने दी। डॉ प्रांजल ने बताया कि शुरुआती 72 घंटे इलाज के लिए 'गोल्डन पीरियड' माने जाते हैं, इसलिए लक्षण दिखते ही जांच कराएं। समय पर इलाज से सुनने की क्षमता बचाई जा सकती है, पर 72 घंटे बाद भी जांच और इलाज जरूर कराएं। पटाखों के बाद अचानक कम सुनाई देना आपात स्थिति हो सकती है। ऐसे में बिना देर किए ऑडियोलॉजिस्ट (सुनने की जांच करने वाले विशेषज्ञ) से जांच और ईएनटी विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है।

कान के पास पटाखा फोड़ने से हेयर सेल को पहुंच सकती है चोट

डॉ प्रांजल ने कहा कि खासकर कान के पास पटाखा फोड़ने से भीतरी कान की नाजुक संरचनाओं (हेयर सेल) को चोट पहुंच सकती है। इससे सुनने की क्षमता कुछ समय के लिए या हमेशा के लिए कम हो सकती है। पटाखों के धमाके के बाद कान में घंटी या सीटी बजना, कान बंद लगना, आवाजें धीमी सुनाई देना या चक्कर आना खतरे के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। अचानक सुनने की क्षमता घटने की एक गंभीर स्थिति को सडन सेंसरिन्यूरल हियरिंग लॉस कहा जाता है। इसमें आमतौर पर 72 घंटे के भीतर एक कान से, और कभी-कभी दोनों कानों से, सुनाई देना कम हो जाता है। तेज धमाकों से लगने वाली ध्वनिक चोट (एकॉस्टिक ट्रॉमा) भी अचानक सुनने की क्षमता घटा सकती है। इसके अलावा कान के पर्दे में छेद, कान में दर्द और लगातार सीटी बजने जैसी परेशानियां भी हो सकती हैं।

इन उपायों से रहे सुरक्षित

- कानों की सुरक्षा के लिए तेज आवाज वाले पटाखों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
- बच्चों और बुजुर्गों को अत्यधिक शोर से बचाएं और जरूरत हो तो ईयर प्लग का उपयोग करें।
- पटाखों के बाद कम सुनाई देने, कान में लगातार सीटी बजने या दर्द होने पर इसे सामान्य बात समझकर नजरअंदाज

शक्ति सदन में दिवाली पर बच्चियों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रोशनी के पर्व पर निर्भया फाउंडेशन के निर्भया महिला आश्रय गृह शक्ति सदन में उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। आश्रय गृह की महिलाओं और बच्चियों ने एक परिवार की तरह मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। परिवार से दूर महिलाओं के भावुक पल को संभालकर उनके साथ आश्रम की महिलाओं ने त्यौहार की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम में निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष शेर अफजल खान और डायरेक्टर समर खान ने आश्रय गृह को आकर्षक रोशनी, दीपों और सजावट से सजाया।

एक-दूसरे का सहारा बना रहीं महिलाएं

शक्ति सदन में रहने वाली महिलाएं एक दूसरे का सहारा बनकर साथ दे रही हैं। यहां रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके हुनर भी सिखाए जाते हैं, जिससे वह आश्रम से बाहर जाने पर अच्छा जीवन गुजार सकें। आश्रम की महिलाएं शहर में रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं

कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में 54 लोगों ने दिए शिकायती आवेदन

लोन के लिए युवक को दिए ब्लैंक चैक, दस लाख रुपए राशि डालकर करा लिए बाउंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिवाली के तीसरे दिन कलेक्टोरेट में जनसुनवाई ठंडी रही। त्यौहार के दौरान 54 लोगों ने पहुंचकर शिकायती आवेदन पेश किए। एक महिला ने बताया कि उसने लोन के लिए परिचित को ब्लैंक चैक दिए थे, लेकिन उसने उसमें राशि डालकर दस लाख रुपए का चैक बाउंस करा लिया है। अपर कलेक्टर पीसी शाक्या ने शिकायती आवेदन सुनकर अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

शाहपुरा निवासी सुमंत्रा बाई अहिरवार ने शिकायत में बताया कि मोहल्ले में कबाड़ी की दुकान चलाने वाला राहुल अहिरवार से लोन के लिए बात हुई थी। जिसके लिए उसने मुझसे ब्लैंक चैक लिए थे। लोन तो नहीं दिलवाया, बल्कि राहुल ने उसके दोस्त सत्यनारायण विश्वकर्मा को चैक देकर बैंक से बाउंस करा लिया है। राहुल का कहना है कि मेरा मकान उसके नाम करुं, नहीं तो वह और चैक लगाकर कोर्ट में केस लगा देगा। अपर कलेक्टर पीसी शाक्या ने मामले की जांच एसीपी हबीबगंज को सौंपी है।

अपर कलेक्टर शाक्या ने मामले की जांच एसीपी हबीबगंज को सौंपी



वृद्धा को बहू ने खाना-पीना देना किया बंद

नई बस्ती टीला जमालपुरा निवासी सुमन बाई पत्नी कंछेदीलाल ने शिकायत में बताया कि उनके पति का देहांत हो चुका है। मकान में मेरा पुत्र पूरनचंद और बहू शिवानी मेरे साथ रहते हैं। मकान किराये और वृद्धावस्था पेंशन से मेरा गुजारा चलता है। बहू और उसकी माता शिवानी ने जोर जबरदस्ती से मेरा सामान सेकंड फ्लोर पर रख दिया है। जबकि फर्स्ट फ्लोर पर बहू की मां ने अपने भाई को रहने के लिए दिया है। इसके साथ बहू ने खाना पीना देना भी बंद कर दिया है। महिला ने पुत्र और बहू पर कार्रवाई की मांग की है।

बहू और उसकी मां ने वृद्धा का कमरा अपने रिश्तेदार को रहने के लिए दिया

युवक का सोलर पैनल निकालकर ले गए

यूनियन कार्बाइड रोड निवासी रमेशचंद्र प्रजापति ने शिकायत में बताया कि उन्होंने कोहेफिजा निवासी सचिन कटारिया से दस किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाया है। जिसके लिए 3 लाख 60 हजार रुपए दिए गए थे। 78 हजार रुपए सब्सिडी आने पर वापस देने की बात कही गई थी। लगाने के बाद सचिन ने मेरी गैर मौजूदगी में सोलर पैनल निकाल लिया है। कहा जा रहा है कि सोनर पैनल महंगा हो गया है। सोलर पैनल चालू नहीं होने की वजह से मुझे रोजाना करीब सात सौ रुपए का नुकसान हो रहा है।

खबर संक्षेप

पटाखे फोड़ने की बात पर दो पक्षों में विवाद

औबेदुल्लागंज। वार्ड 10, गली नंबर 1 में दीपावली पर पटाखे फोड़ने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में झड़प में बदल गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मामले की जानकारी ली। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गए, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और मामले की जांच शुरू की। एसडीओपी सलिल शर्मा एवं थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्व. पटवा की जयंती की कार्यक्रम तिथि में बदलाव

औबेदुल्लागंज। विधायक सुरेंद्र पटवा ने हरिभूमि प्रतिनिधि को फोन पर बताया कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्मविभूषण स्वर्गीय सुंदरलाल



पटवा की 103वीं जयंती पर 11 नवंबर को मंडीदीप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में प्रतिमा अनावरण एवं विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं भूमिपूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित था। मुख्यमंत्री की शासकीय व्यस्तता एवं राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त करने दिल्ली प्रवास के कारण कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन किया गया है। पटवा ने बताया कि अब यह कार्यक्रम 17 नवंबर को मंडीदीप में होगा।

कोलार थाना क्षेत्र के ललिता नगर इलाके की घटना

तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही महिला को रौंदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में कराया था महिला को भर्ती

चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए रीना को चपेट में ले लिया



कोलार थाना क्षेत्र के ललिता नगर इलाके में सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार कार शोरूम ने रौंद दिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद आरोपी चालक अपनी कार लेकर घटनास्थल से फरार हो गया था।

पुलिस के मुताबिक पहाड़ी मंदिर के पास ललिता नगर निवासी रीना पंजरिया घरों में काम करने जाती थी। पति मजदूरी करता है। दो नवंबर की रात रीना पंजरिया ललिता नगर के पास रोड क्रॉस कर रही थी। उसी दौरान तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए रीना को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से महिला को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। बीती रात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक और कार की तलाश की जा रही है। कैमरा फुटेज में एक साथ कई गाड़ियां नजर आने से आरोपी का सुराग नहीं लग सका।

फॉरेस्ट के आउटसोर्स कर्मचारी को चाकू से गोदा

छह नंबर स्टॉप के पास अंकुर कॉम्प्लेक्स के पीछे दिवाली की रात चार युवकों ने मिलकर फॉरेस्ट के आउटसोर्स कर्मचारी पर चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे नर्मदा ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना का कारण दुर्गा विसर्जन के दौरान होने वाला विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शिवाजी नगर निवासी आशीष परमार प्राइवेट काम करता है। दिवाली की रात करीब दो बजे वह अपने दोस्त वीरेंद्र भावर के साथ अंकुर कंपलेक्स के पीछे से गुजर रहा था। इस दौरान उनका सामना ऋषभ वर्मा, राज चौहान, आदित्य चौहान और शिवम परमार से हो गया। दुर्गा विसर्जन के दौरान ऋषभ का वीरेंद्र से विवाद हुआ था। तभी से वह रंजिश पाले हुए था। रंजिश के चलते ही ऋषभ और उसके दोस्तों ने घेराबंदी कर वीरेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ही आरोपियों ने चाकुओं से हमला कर दिया और फरार हो गए। वीरेंद्र के सिर के पीछे चाकू का गहरा और लंबा घाव आया है। पुलिस का कहना है कि वीरेंद्र एकांत पार्क में ड्यूटी करता है।

चार्जर गुमने को लेकर हुआ विवाद पुजारी ने सारथी को मारी कुल्हाड़ी

कमलानगर इलाके में चार्जर गुमने की बात को लेकर हुए विवाद के चलते पुजारी ने सारथी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। सिर पर किए वार को सारथी ने अपने हाथ से रोक लिया, जिससे हाथ की दो अंगुलियां कटने से वह बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक नेहरू नगर निवासी चंद्र प्रकाश एक मंदिर की समिति के सदस्य हैं। पुजारी जितेंद्र पांडे भी समिति के सदस्य हैं। मोबाइल का चार्जर गुमने की बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर चंद्र प्रकाश ने जितेंद्र पांडे को थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ मारने से गुस्साए जितेंद्र ने अपनी गाड़ी की डिक्की से छोटी कुल्हाड़ी निकाल कर चंद्र प्रकाश पर हमला कर दिया। फरियादी का कहना है कि आरोपी ने उसके सर को निशाना बनाकर वार किया था। यदि वह कुल्हाड़ी का वार अपने हाथ से नहीं रोकता, तो उसकी जान भी जा सकती थी। उसकी दोनों अंगुलियों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

फांसी लगाकर दो युवक और एक महिला ने की खुदकुशी

कोलार और शाहपुरा इलाके में दो महिला समेत एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। किसी भी मामले में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम परिजनों के बयान दर्ज कर खुदकुशी के कारणों की जांच कर रही है। कोलार पुलिस के मुताबिक जेके टाउनशिप निवाली अभिषेक सोनी प्राइवेट नौकरी करते थे। उन्होंने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं बासखेड़ी कोलार निवासी 25 वर्षीय बलवीर गौर मजदूरी का करता था। वह काम नहीं मिलने के कारण कुछ दिनों से तनाव में था। सोमवार शाम युवक ने फांसी लगा। परिजनों से उसे फंदे पर झूलता हुआ देख पुलिस को सूचना दी। इधर शाहपुरा इलाके के ईश्वर नगर में रहने वाली 35 वर्षीय प्रिती बंसल ने फांसी लगा ली। सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

बाग सेवनिया थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

टैटू आर्टिस्ट ने तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर कारोबारी से लिए कार, कैश और जेवरात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

15 लाख रुपए के साथ दुकान से लिए सोने के आभूषण

बागसेवनिया पुलिस ने टैटू आर्टिस्ट समेत दो व्यक्तियों के खिलाफ हनी ट्रैप करने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित आभूषण कारोबारी है जिससे आरोपियों ने हुंडई कार, करीब पंद्रह लाख रुपए नकद और लाखों रुपए के जेवरात ऐंठ लिए। इसके बावजूद आरोपियों की तरफ से बदनाम करने और बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज कराने का झांसा देकर पैसा मांगा जा रहा था।

पुलिस के अनुसार पीड़ित परिवार कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में रहता है। थाने में रिपोर्ट आभूषण कारोबारी नितिन सोनी की पत्नी ने दर्ज कराई है। आरोपियों में रीना चौहान का नाम सामने आया है जो टैटू आर्टिस्ट है। हनी ट्रैप में उसका साथ देने वाली नेल आर्टिस्ट की भी संदिग्ध भूमिका पता चल रही है।

पीड़िता की पत्नी का आरोप है कि उनका बागसेवनिया इलाके में आभूषणों का कारोबार है। इससे पहले पीड़ित परिवार अयोध्या नगर में रहता था। उस वक्त उनके पड़ोस में रीना चौहान रहती थी। पति को उसने भाई बनाया था। इसलिए वह घर आती-जाती थी। उन्हें कोई शंका भी नहीं थी। लेकिन कुछ अरसे से पति मानसिक तनाव में रहने लगे तो पूरी सच्चाई उन्होंने बताई। आरोपी रीना चौहान करीब पंद्रह लाख रुपए कई किस्त में ऐंठ लेने के बाद दुकान से भी जेवरात ले चुकी है। उसका भी भुगतान नहीं किया गया। वह सहेलियों के साथ पति से पैसा लेकर पार्टी भी कराती थी। रीना चौहान के दो पति हैं। वह उनके साथ अलग-अलग समय में लिव इन में भी रही।

तस्वीर को सोशल मीडिया में वायरल करने दी धमकी

पुलिस ने बताया कि रीना चौहान पीड़ित परिवार को धमका रही थी कि वह शराब पीने के बाद ली गई तस्वीर को सोशल मीडिया में वायरल कर देगी। इस बात से सामाजिक बदनामी के भय में वह रीना चौहान की मांगों को पूरा कर रहे थे। उसके पास सोशल मीडिया के सारे पासवर्ड भी मौजूद हैं। परिवार ने उसके दुरुपयोग की संभावना जताई है। अब वह पांच लाख रुपए की मांग कर रही है। आरोपी की तरफ से 30 सितंबर तक का मौका दिया गया था। पुलिस को जांच में पता चला है कि उसके पास एक हुंडई कार भी है। यह कार भी पति से ऐंठ ली है।

जिलाबदर होने के बाद भी गांव में घूम रहा था बदमाश, गिरफ्तार

भोपाल। शाहपुरा पुलिस ने जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को भोपाल पुलिस आयुक्त न्यायालय द्वारा एक साल के लिए जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद वह अपने गांव में घूम रहा था। पुलिस के मुताबिक गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि जिलाबदर आरोपी घवल सिंह सियोते बावड़िया गांव में मस्जिद के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया।

सात दिन के रिमांड के बाद जेल पहुंचा राकेश अग्रवाल का हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल की हत्या के मामले में पुलिस की सात दिन की पूछताछ पूरी हो गई है। हत्या के आरोप में गिरफ्तार केयरटेकर वरुण कुमार वाल्मीकि को अब जेल भेज दिया गया है।

पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात की कड़ियां जोड़ने के लिए घटनास्थल पर करीब दो घंटे तक सीन रीक्रिएशन कराया। इस दौरान आरोपी ने वारदात को किस तरह अंजाम दिया, इसकी जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल सर्जिकल ब्लेड, वारदात के समय पहने कपड़े और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जब्त किए हैं। जांच के दौरान पुलिस का फोकस सिर्फ हत्या तक सीमित नहीं रहा। राकेश अग्रवाल के घर में लूट और गैस विस्फोट की साजिश से जुड़े पहलुओं को भी खंगाला गया। पुलिस ने आरोपी के पूछताछ में दिए बयानों का घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के साथ मिलान किया। साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

कोच में मची चीख-पुकार, यात्रियों ने बीच-बचाव कर बचाई जान फर्श से सीटों तक फैला खून

चलती ट्रेन में फिर चाकूबाजी, उद्योग नगरी एक्सप्रेस में तीन अवैध वेंडरों ने साथी पर किया चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वारदात को रेलवे ने गंभीरता से लिया, एक एसआई और दो आरपीएफ जवान सस्पेंड होने की खबर



खाद्य सामग्री बेचने को लेकर हुए विवाद में तीन अवैध वेंडरों ने एक अन्य अवैध वेंडर पर चाकू से हमला कर दिया। घटना मंगलवार देर शाम उद्योग नगरी एक्सप्रेस में सुखी सेवनिया और भोपाल स्टेशन के बीच की बताई जा रही है। घायल वेंडर ने यात्रियों की मदद से किसी तरह अपनी जान बचाई। चलती ट्रेन के कोच में अचानक चीख-पुकार मच गई। यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और कोच में चारों ओर खून नजर आने लगा। चलती ट्रेन में हुई इस वारदात ने एक बार फिर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, अजय नाम का एक अवैध वेंडर उद्योग नगरी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में खाद्य सामग्री बेच रहा था। इसी दौरान कुछ अन्य अवैध वेंडर भी उसी कोच में पहुंच गए और खाने-पीने का सामान बेचने लगे। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट तक पहुंच गया।

घायल अजय ने आरोप लगाया कि सनी, बदल और रोहित नाम के तीन अवैध वेंडरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गया। अजय के अनुसार, उसने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान कोच में मौजूद यात्रियों ने बीच-बचाव किया। घटना के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई और कोच में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूत्रों के अनुसार, घटना को गंभीरता से लेते हुए आईजी ने भोपाल रेल मंडल में पदस्थ एक सब इंस्पेक्टर सहित दो आरपीएफ जवानों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, इस कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं, घटना के संबंध में आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी कुछ भी कहने से बचते नजर आए। चलती ट्रेन में अवैध वेंडरों के बीच मारपीट और चाकूबाजी की यह पहली घटना नहीं है। करीब पांच महीने पहले जुलाई में अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस में भी अवैध वेंडरों ने चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया था। उस घटना में ट्रेन के पेंटी कर्मचारियों पर हमला किया गया था, जिसमें कुछ कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसके बावजूद ट्रेनों में अवैध वेंडरों की आवाजाही और उनके बीच विवाद की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

जैन मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान, भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाए

भगवान महावीर का भक्तिभाव से मनाया मोक्ष कल्याणक



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

ऐलक श्री दयासागर महाराज के सानिध्य में आयोजन



औबेदुल्लागंज जैन समाज ने ऐलक श्री दयासागर महाराज के सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी का मोक्ष कल्याणक और उनके प्रथम गणधर गौतम स्वामी का ज्ञान महोत्सव मनाया।

औबेदुल्लागंज स्टेशन रोड पार्श्वनाथ मंदिर में मेन रोड के दिगंबर जैन मंदिर में तामोट के मंदिरों में प्रातः काल से ही धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिनेंद्र देव का अभिषेक, शांति धारा पूजन और विधान हुए। भक्तों ने निर्वाण कांड का पाठ किया और भगवान महावीर स्वामी को निर्वाण लड्डू चढ़ाए। तामोट में अरुण जैन, अजीत जैन, अरविंद जैन, मनोज जैन, सुमन जैन, प्रतिभा जैन, पिंकी जैन, रीना जैन आदि ने आयोजन किया। पुराने दिगंबर जैन मंदिर मेन रोड पर रितेश पवन जैन नीति अनुराग जैन नानू जैन विनय जैन टिल्लू जैन ऋषभ जैन स्टेशन रोड पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अध्यक्ष सुनील तामोट पंडित लक्ष्मी चंद मुकेश जैन एल. सी जैन सुनील समता वर्धमान जैन विजय सीमा जैन दिनेश गुड्डन जैन प्रदीप शिरोमणि आशा रानी इंदिरा जैन तरुण जैन आकाश मयूरी नरेश जैन अंशुल जैन आदि लोगों ने पूजा पाठ की। इस अवसर पर ऐलक श्री दयासागर महाराज ने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर है। उनके संदेशों में अहिंसा, संयम और वैराग्य को महत्व दिया गया है।

श्रद्धालुओं ने गो माता की आरती की

आनंदमयी आश्रम में गोमाता की हुई पूजा-अर्चना भगवान गोवर्धन को लगाया माखन मिश्री का भोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ भोपाल श्री श्री मां आनंदमई आश्रम में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा के अवसर पर गोमाता की पूजा एवं भगवान गोवर्धन को माखन मिश्री का भोग लगाया गया। इस अवसर पर भक्तगण शामिल हुए। आचार्य पंडित अशोक शर्मा एवं आचार्य लेखराज शर्मा द्वारा विधि-विधान से गोवर्धन पूजा कराई गई एवं गो माता की आरती की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राम बंसल, राजेंद्र गर्ग, बसंत चेलानी, सुशील वासवानी, विष्णु बंसल, कमल प्रेमचंदानी, कन्हैया लाल मोटवानी, रायचंदानी, ओपी सोनी, दिलीप, महेश, राकेश मनसुखानी, राकेश जैन, अशोक गोयल, मनोज आदि उपस्थित रहे।

श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गोवर्धन पूजा

नगर में गोवर्धन पूजा का पर्व परंपरागत श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व पर घरों में गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। गोवर्धन की आकृति को फूलों और रंग-बिरंगे पुष्पों से सजाया गया। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों ने एकत्रित होकर भगवान गोवर्धन की पूजा की तथा सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। घरों में धार्मिक माहौल बना रहा और नई पीढ़ी को भी भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का संदेश दिया गया।

हर्षोल्लास से मनाया दीपावली पर्व, मिठाई वितरित की

दीपों की रोशनी से जगमगाया औबेदुल्लागंज रंगोली से सजे घर-आंगन, आतिशबाजी हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

दीपावली नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दीपावली पर नगर दीपों की रोशनी और रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से जगमगा उठा। घरों के आंगन और मुख्य द्वार रंगोलियों से सजाए गए। शुभ मुहूर्त में लोगों ने विधि-विधान के साथ मां महालक्ष्मी, भगवान गणेश एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजन के बाद शुरू हुई आतिशबाजी का दौर देर रात तक चलता रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में दीपावली को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया।

देवी लक्ष्मी की हुई पूजा-अर्चना, लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन से पचौरी ने सौजन्य भेंट की



दीपोत्सव पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास में पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी पचौरी को बधाई दी।

शोधकर्ताओं ने जलवायु नेटवर्क और जटिल तंत्रों के सिद्धांत को परखा

मिलेगी मानसून की सही जानकारी, आईआईटी मद्रास ने 84 साल के आंकड़ों का किया विश्लेषण, अब देशभर के किसान नहीं होंगे परेशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी मद्रास के अनुसार शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में 84 वर्षों के बारिश के आंकड़ों का विश्लेषण किया। इसके आधार पर पता चला कि औसतन पूर्वोत्तर भारत में बड़े स्तर पर मानसून की शुरुआत 15 मई के आसपास होती है, जबकि प्रायद्वीपीय भारत में यह समय लगभग 9 जून होता है। अध्ययन में सामने आया कि मानसून की शुरुआत के दौरान बारिश से बने सबसे बड़े समूह का आकार अचानक बढ़ता है। इसके बाद यह समूह लगातार भौगोलिक रूप से फैलता है और उत्तर की ओर बढ़ता जाता है। यही प्रक्रिया मानसून के देशभर में आगे बढ़ने का संकेत देती है। इससे पता लगाया जा सकेगा कि किसी स्थान पर मानसून की वास्तविक और बड़े स्तर पर शुरुआत कब हुई है। इसकी खास बात यह है कि इसमें केवल किसी एक जगह पर हुई बारिश को आधार नहीं बनाया गया है।

मौसम से जुड़ी वास्तविक स्थिति का पता लगेगा



शोध के नतीजे हो चुके प्रकाशित



आईआईटी मद्रास के मुताबिक इस शोध के नतीजे अमेरिकन मेटियोरोलॉजिकल सोसाइटी की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका 'जर्नल ऑफ क्लाइमेट' में प्रकाशित हुए हैं। इसके सह-लेखकों में योगेनराज पाटिल, गौरव चोपड़ा, श्रुति टंडन, प्रो. आरआई सुजीत और प्रो. बीएन गोस्वामी शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने देश के अलग-अलग भौगोलिक स्थानों को एक नेटवर्क की तरह माना है। इसमें हर स्थान को एक केंद्र के रूप में देखा गया है। इन केंद्रों के बीच संबंध वहां होने वाली बारिश की शुरुआत के आधार पर तय किए गए हैं।

मानसून में अंतर करना होगा सरल

शोधकर्ताओं ने जलवायु नेटवर्क और जटिल तंत्रों के सिद्धांत का इस्तेमाल करते हुए यह समझने की कोशिश की कि अलग-अलग इलाकों में शुरू हुई बारिश कब एक बड़े और आपस में जुड़े मानसूनी तंत्र का हिस्सा बन जाती है। इससे स्थानीय स्तर पर कुछ समय के लिए हुई बारिश और लगातार सक्रिय होने वाले बड़े मानसून के बीच अंतर करना आसान हो सकता है। यह तरीका बुवाई का सही समय तय करने, जल संसाधनों व बाढ़ की तैयारी करने में मददगार साबित हो सकता है।

सक्रिय बड़ा मानसूनी तंत्र भी प्रभावकारी

प्रो. आरआई सुजीत ने बताया कि किसी स्थान पर मानसून का पहुंचना वहां हुई पहली बारिश से तय नहीं होता। जब किसी स्थान पर बारिश की शुरुआत देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश से जुड़े सबसे बड़े समूह का हिस्सा बन जाती है, तभी वहां बड़े स्तर पर मानसून की शुरुआत मानी जाएगी। इसका मतलब है कि उस स्थान पर होने वाली बारिश अब केवल स्थानीय मौसम की वजह से नहीं हो रही, बल्कि वह देश में सक्रिय बड़े मानसूनी तंत्र से जुड़ चुकी है।

प्रबंधन करने में मिलेगी मदद

शोधकर्ता इस बदलाव को जलवायु नेटवर्क में एक बड़े परिवर्तन के रूप में देखते हैं। प्रो. सुजीत ने बताया कि इस तरीके से मानसून की गलत शुरुआत का अनुमान लगाने से बचा जा सकता है। इससे बुवाई के लिए बेहतर समय मिल सकता है। खाद्य सुरक्षा और जल संसाधनों के प्रबंधन की योजना तैयार करने में मदद मिलेगी।

खबर संक्षेप

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज थूथुकुडी जाएंगे


नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी का दौरा करेंगे। इस दौरान



उपराष्ट्रपति थूथुकुडी में तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड के 105वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। वे अपने पूर्व संस्थान वीओ चिदंबरम कॉलेज के प्लैटिनम जुबली समारोह और छात्रों के मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

हैदराबाद में 13 को कांग्रेस का 'शिखर सम्मेलन'

नई दिल्ली। कांग्रेस दुनिया में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात, नई वैश्विक व्यवस्था के उभार और



भारत की रणनीतिक प्रतिक्रिया पर चर्चा के लिए कांग्रेस 13 और 14 नवंबर को हैदराबाद में 'भारत समिट' आयोजित करेगी। इसमें करीब 70 देशों के विशेषज्ञों और लगभग 1,000 प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

टाटा की फोन फैक्ट्री में हादसा, 3 की मौत

होसुर। तमिलनाडु के होसुर के पास टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ है। सोमवार शाम



वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट टैंक की मरम्मत और रखरखाव के दौरान 3 कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों की जान जहरीली गैस की चपेट में आने से गई है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो सकेगी।

ओवैसी ने यूसीसी को हिंदू सिविल कोड बताया

मुंबई। महाराष्ट्र में यूसीसी लागू करने की तैयारी को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन



ओवैसी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया फडणवीस सरकार यूसीसी लागू करने का फैसला कर चुकी है। हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली को लेकर एक भी सवाल नहीं है। इससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं।

दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

तुरंत एक्शन लें राज्य सरकारें, 2 हफ्ते में वे किए गए उपायों की पूरी डिटेल भी पेश करें

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को लगाई कड़ी फटकार

मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को बढ़ते प्रदूषण को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे उन उपायों की पूरी जानकारी दें, जो ओवर-एज और नियमों के खिलाफ चल रहे वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में घुसने और चलने से रोकने के लिए किए गए हैं।

इस मामले में सख्ती दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि वाहनों से होने वाला प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इस पर तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है।कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारें, साथ ही म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) और दिल्ली पुलिस से इस पूरे मामले में जवाब मांगा है। कोर्ट ने सभी पक्षों को 2 हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है।

वाहनों पर भी चिंता जताई

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने यह निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली-एनसीआर में न सिर्फ स्थानीय वाहन प्रदूषण फैला रहे हैं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से आने वाले भारी-भरकम कमर्शियल और प्राइवेट वाहन भी स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं।

अदालत ने किए ये सवाल

- **प्रदूषण मानक और पीयूसी:** *जो गाड़ियां तय प्रदूषण मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, उनकी पहचान कैसे की जाती है और पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट के नियमों को कैसे लागू किया जा रहा है?*
- **अब तक क्या कार्रवाई हुई:** *अधिकारियों को यह बताना होगा कि नियमों तोड़ने वालों पर क्या एक्शन लिया गया? कितने वाहनों की जांच हुई, कितने चालान काटे गए, कितनों की एंट्री रोकी गई या अन्य कानूनी कार्रवाई की गई।*
- **आपसी तालमेल-** *इसके अलावा दिल्ली और पड़ोसी राज्य मिलकर अंतर-राज्यीय वाहनों के आने-जाने को कैसे कंट्रोल कर रहे हैं?*
- **सीएक्यूएम और न्यायमित्र के सुझाव:** *कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) और कोर्ट के न्यायमित्र द्वारा दिए गए सुझावों पर इन राज्यों की क्या राय है और वे इसके अलावा क्या कदम उठाएंगे।*

पराली जली कम, पर गाड़ियों का धुआं बढ़ा

गौरतलब है कि यह मामला 6 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान सामने आया। कोर्ट ने माना कि दिल्ली, यूपी, हरियाणा और पंजाब/ राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है, जो कि एक राहत की बात है। इसके साथ ही कोर्ट ने चिंता जताई कि जैसे-जैसे पराली के मामले घटे हैं, वैसे-वैसे गाड़ियों के धुएं से होने वाला प्रदूषण तेजी से बढ़ गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी पर कहा

रोकने के कदमों की जानकारी दें डिजिटल प्लेटफॉर्म



उच्चतम न्यायालय ने वाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म चलाने वाली कंपनियों से कहा है कि वे देश में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी और उससे जुड़े साइबर अपराधों को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दें। 29 अक्टूबर को हुई सुनवाई से संबंधित आदेश में न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने वाट्सएप और अन्य संबंधित कंपनियों को अपने प्रस्ताव भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) को भी एक साथ सौंपने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तारीख तय की है। वाट्सएप की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया था कि प्लेटफॉर्म ने बचाव के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें 9,400 अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई भी शामिल है। उन्होंने कहा था कि कंपनी अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए हलफनामा दाखिल करेगी। उन्होंने बताया था कि प्लेटफॉर्म एक ऐसे सॉफ्टवेयर पर काम कर रहा है, जो संदिग्ध अकाउंट की पहचान करके उपयोगकर्ताओं को सतर्क करेगा।

खरगे ने कसा तंज

वायु प्रदूषण में हम 'विश्वगुरु' क्यों बन रहे?



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली 'विश्वगुरु' क्यों बनती जा रही है और क्या प्रधानमंत्री मोदी देश को 'हवा का हिसाब' देने का साहस दिखाएंगे? दिल्ली में दीपावली के बाद प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने को भी इसकी एक प्रमुख वजह माना जा रहा है।

सोनिया की किताब पर सवाल

केवल मुसलमानों के वोट के लिए वे बहाती रहीं आंसू: गिरिराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण ने उनका यह असली चेहरा सामने ला दिया कि उनके आंसू सिर्फ मुसलमानों के वोट के लिए बहते हैं,लेकिन



जब पाकिस्तानी आतंकवादी भारतीयों की हत्या करते हैं और नक्सली 'सनातनियों का नरसंहार' करते हैं, तब उनके आंसू सूख जाते हैं। सिंह ने गांधी के संस्मरण में की गई इस टिप्पणी के लिए भी उन पर निशाना साधा कि प्रधानमंत्री जब भी उनके सामने आते हैं, तो अक्सर नजरें फेर लेते हैं। सिंह ने कहा कि वे कितने लोगों से नजरें मिलाएंगे? वे अपने दुश्मनों से सीधे उनकी आंखों में देखकर बात करते हैं। वे पाकिस्तान और देश के दुश्मनों की आंखों में आंखें डालकर बात करते हैं। सेनिया के आंसू वोट और मुसलमानों के लिए बहते हैं।



विहिप ने 'हिंदू विरोधी' पर की माफी की मांग

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोनिया गांधी पर हिंदू भावनाओं को आहत करने और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए, उनसे माफी मांगने की मांग की। विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने आरोप लगाया कि वे मुस्लिम वोट बैंक को रिझाने के लिए दुख जताने का दिखावा कर रही हैं और 'मगरमच्छ के आंसू' तथा 'चुनाव के समय के आंसू' बहा रही हैं।

क्या महत्वाकांक्षी होना अपराध है?



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी और लेखिका शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपने पिता की प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा को लेकर सोनिया गांधी के दावों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ कहा है कि राजनीति में शीर्ष पद की इच्छा रखना कोई गुनाह नहीं है, खासकर तब जब उसके पीछे दशकों का लंबा अनुभव और असाधारण कार्यक्षमता हो।

पटाखे चलाने को लेकर विवाद

राष्ट्रपति के अंगरक्षक को मारी सिर में गोली, भर्ती

एजेंसी ▶▶ बागपत

दिवाली की रात हादसों की भी रात थी। यूपी के बागपत में पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने राष्ट्रपति के अंगरक्षक को सिर में गोली मार दी। घायल अवस्था में पीड़ित को मेरठ के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वे आईसीयू में भर्ती हैं।

बच्चे की आंखें झुलसीं

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर के सोनिवली आवासीय सोसाइटी के बाहर बच्चों के



पटाखे फोड़ने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक हो गया और इस दौरान 3 लोगों ने एक व्यक्ति से गाली-गलौज की और कथित तौर पर उसकी पिटाई कर दी। मामला दर्ज हो गया है। वहीं अलवर शहर के एनईबी थाना क्षेत्र के एनईबी चार बटा में मंगलवार सुबह पटाखे के बारूद में अचानक विस्फोट होने से 5वीं कक्षा में पढ़ने वाला 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी दोनों आंखें बुरी तरह झुलस गईं।

केरल में कार्यक्रम भाजपा ने घेरा

स्वास्थ्य मंत्री 'वंदे मातरम' पूरा होने से पहले ही कुर्सी पर बैठ गए

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरलम में मंत्री आधिकारिक कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' पूरा होने से पहले ही अपनी कुर्सी पर बैठ गए, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। केरलम के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कासरगोड में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के पूरा होने से पहले ही अपनी सीट पर वापस बैठ गए। यह घटना जिले के मुलेरिया फैमिली हेल्थ सेंटर में एक प्रयोगशाला के उद्घाटन के दौरान हुई।



सांसद और जिला कलेक्टर भी लौटे सीट पर

इस कार्यक्रम में उन्नीथन, वमाहिन और कलेक्टर श्रीधन्या सुरेश भी मौजूद थे। ये तीनों भी वंदे मातरम का गायन पूरा होने से पहले ही अपनी सीटों पर लौट आए।

क्या है पूरा मामला?

जब 'वंदे मातरम' बजना शुरू हुआ, तो मंत्री के. मुरलीधरन, सांसद राजमोहन उन्नीथान, विधायक के. माहीन और कलेक्टर, गीत के पहले दो पद गाए जाने के बाद अपनी सीट पर बैठ गए। अन्य नेता, जिनमें विधायक के. नीलकंदन और डीसीसी अध्यक्ष पीके फैसल शामिल थे, पूरा गीत खत्म होने तक खड़े रहे। इस घटना को लेकर इनकी आलोचना की है। मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें देशभक्ति का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।

गोवर्धन पूजा



जयपुर। मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में 'गोवर्धन पूजा' के दौरान लोग गाय को खाना खिलाते हुए।

एनसीपी विलय की अटकलों पर बोले सीएम फडणवीस

हमारे बिना नहीं हो सकता दोनों गुटों का मर्जर, किसी ने कुछ नहीं बताया

इस मामले में अटकलें गरम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केवल एनसीपी नेता शरद पवार और सुनेत्रा पवार ही यह स्पष्ट कर सकते हैं कि नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुट आपस में विलय करेंगे या नहीं।



मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' पर द्वाली मिलन समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत में फडणवीस ने कहा, अगर शरद पवार और सुनेत्रा पवार विलय करने का फैसला करते हैं, तो वे खुद आकर हमें बताएंगे, क्योंकि हमारी सहमति के बिना विलय नहीं हो सकता। अभी तक उनमें से किसी ने भी हमें कुछ नहीं बताया है। यह बयान ऐसे समय में आया कि जब एनसीपी के दोनों गुटों के फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गई हैं। हाल ही में, सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के कई नेताओं ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। सीने में संक्रमण के कारण शरद पवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पार्थ ने तुरंत मर्जर से किया इनकार

पार्थ पवार और शरद पवार के बीच लगातार हो रही मुलाकातों



के बाद महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के मर्जर को लेकर नई अटकलें तेज हो गई। लेकिन अजीत गुट के पार्थ खेमे ने तुरंत मर्जर से साफ इनकार कर दिया है। पार्थ के करीबी सूत्रों के हवाले से बताया कि फिलहाल वे शरद पवार की लीडरशिप वाली एनसीपी के साथ मर्जर करने को तैयार नहीं हैं।

4 किमी में क्रूज और फेरी सेवाएं शुरू, मंत्री सोनोवाल और रेखा रहे मौजूद

यमुना में करें क्रूज, म्यूजिकल फाउंटेन और फूड कोर्ट की सैर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्लीवासियों को अब यमुना में क्रूज और नौका विहार का आनंद लेने के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

■ अब दिल्ली में लें गोवा सा आनंद

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और सीएम रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सोनिया विहार में 'नमो यमुना रिवर क्रूज सेवा' का शुभारंभ किया। राजधानी में नदी आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की नई पहल शुरू हो गई है। परियोजना के तहत सोनिया विहार से जगतपुर तक करीब 4 किलोमीटर के क्षेत्र में क्रूज और फेरी सेवाएं विकसित की गई हैं।



दिल्ली के पर्यटन को पहचान मिली

गुप्ता ने कहा कि नमो यमुना रिवर सफारी केवल क्रूज या नौका सेवा नहीं, बल्कि मां यमुना के प्रति आस्था, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इससे दिल्लीवासी नदी के प्राकृतिक परिवेश को करीब से महसूस कर सकेंगे। उन्होंने परिवार के साथ यहां आने और बच्चों को यमुना के प्राकृतिक वातावरण से परिचित कराने की अपील की। गुप्ता ने कहा कि यह पहल दिल्ली के पर्यटन को नई पहचान देने के साथ राजधानी की सकारात्मक छवि मजबूत करेगी।

एक जुलाई से 30 सितंबर तक बंद रहेगी सेवा

परियोजना के तहत फिलहाल 30 यात्रियों की क्षमता वाला एक इलेक्ट्रिक क्रूज संचालित किया गया है। इसी क्षमता का दूसरा क्रूज फरवरी-मार्च 2027 तक शुरू करने की योजना है। पूरी यात्रा में करीब 35 से 45 मिनट लगेंगे। पर्यटक निर्धारित मार्ग पर नौका विहार के बाद शुरुआती स्थान पर लौट सकेंगे।

परिवार के मनोरंजन के लिए भी होंगी सुविधाएं

पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि रिवर सफारी दिल्ली में पर्यटन का नया अनुभव देगी। यहां म्यूजिकल फाउंटेन के जरिए भगवान श्रीकृष्ण की गाथा और यमुना की महिमा प्रस्तुत की जाएगी। बच्चों के लिए प्ले जोन, गेमिंग गतिविधियां, क्रिएटिव जोन और फूड कोर्ट भी विकसित किए गए हैं। यमुना किनारे इकोलॉजिकल ट्रेल्स और वॉकिंग ट्रेल्स बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए तटवर्ती टर्मिनल, दो फ्लोटिंग जेट्टी, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, पार्किंग और व्यावसायिक दुकानें बनाई गई हैं।

मुश्किलों में घिरे एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग

एक दिन में 69.5 हजार करोड़ रुपए घटी दौलत, शेयरधारकों ने किया मुकदमा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग की संपत्ति में एक ही दिन में 7.4 अरब डॉलर (69.5 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आई है। कंपनी के शेयरों में दबाव के बीच उनकी कुल संपत्ति घटकर 154.7 अरब डॉलर (14.53 लाख करोड़ रुपए) रह गई। इसके साथ ही वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में आठवें स्थान से फिसलकर दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हुआंग ने अपनी पत्नी लोरी हुआंग के प्रति बेवफाई की बात स्वीकार की है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को संदेह था कि हुआंग की महिला मित्र एलिस हुआंग चीनी खुफिया एजेंसी के लिए काम करने वाली एक एजेंट थीं। वह चीन के लिए सूचनाएं जुटा रही थी।

अमेरिकी खुफिया एजेंसी को संदेह की हुआंग की महिला मित्र चीन के लिए जासूसी कर रही थी

एनवीडिया बोर्ड ने स्वतंत्र जांच कराने की घोषणा की | हुआंग सीईओ बने रहेंगे, जांच में सहयोग की बात कही

कर्मचारियों को भेजे संदेश में परिवार को दुख पहुंचाने के लिए माफी मांगी


एलिस हुआंग और जेन्सेन हुआंग

एनवीडिया बोर्ड ने हुआंग के साथ कथित विदेशी खुफिया गतिविधि से जुड़े मामले की खबरों के बाद स्वतंत्र जांच कराने की घोषणा की है। हुआंग ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में अपनी पत्नी और बच्चों को दुख पहुंचाने के लिए माफी मांगी और जांच में सहयोग करने की बात कही। हालांकि, उन्होंने एलिस हुआंग का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया। वहीं, एनवीडिया के बोर्ड ने कहा है कि उसके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि कंपनी की गोपनीय जानकारी या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचनाओं से समझौता हुआ है। हुआंग फिलहाल कंपनी के प्रमुख बने हुए हैं। जेन्सन हुआंग और एलिस को पहली बार जून 2024 में ताइपे के एक बार में टेक क्षेत्र के अधिकारियों के साथ देखा गया था। इसके बाद मई 2025 में भी दोनों एक साथ नजर आए। इन मुलाकातों को लेकर सामने आई जानकारी अब जांच का हिस्सा बताई जा रही है।

एनवीडिया में 3.5 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी

हुआंग के पास एनवीडिया की 3.5 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। वह कंपनी के सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक हैं। उनकी संपत्ति का बड़ा हिस्सा वेतन के बजाए कंपनी में उनकी हिस्सेदारी के मूल्य से जुड़ा है। यही वजह है कि एनवीडिया के शेयरों में उतार-चढ़ाव का असर उनकी कुल संपत्ति पर तेजी से पड़ता है। शेयरों की कीमत बढ़ने पर उनकी संपत्ति में फिर इजाफा हो सकता है, जबकि गिरावट जारी रहने पर उन्हें और नुकसान उठाना पड़ सकता है।

शेयर बाजार में 32 लाख करोड़ स्वाह

सोमवार को हुआंग के अफेयर विवाद की आंच एनवीडिया के बाजार मूल्य तक भी पहुंची। अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्टेड एनवीडिया का शेयर सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान शुक्रवार के 186.64 डॉलर के बंद भाव से 8% तक टूटकर 172.75 डॉलर पर आ गया। इससे कंपनी की बाजार पूंजी 340 अरब डॉलर (करीब 31.8 लाख करोड़ रुपए) घटकर 4.16 ट्रिलियन डॉलर रह गई, जो शुक्रवार को बाजार बंद होने पर 4.5 ट्रिलियन डॉलर थी।

शेयरधारकों को गुमराह करने का आरोप

जेन्सेन हुआंग के खिलाफ प्रस्तावित क्लास एक्शन मुकदमा दायर किया गया है। सोमवार को कैलिफोर्निया के सैन जोस स्थित संघीय अदालत में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एनवीडिया और जेन्सेन हुआंग ने इस संबंध और उससे जुड़े राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का खुलासा नहीं किया। शेयरधारकों का दावा है कि इससे कंपनी की प्रतिष्ठा और भविष्य की कारोबारी संभावनाओं को नुकसान पहुंचने का खतरा पैदा हुआ।

मेगास्पीड इंटरनेशनल और एलिस हुआंग

एलिस हुआंग का मूल नाम हुआंग ले है। वह चीन की नागरिक है। एलिस हुआंग ने करीब आठ महीने तक मेगास्पीड की मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। हालांकि, उनका कार्यकाल अक्टूबर 2023 में खत्म हो चुका है। मेगास्पीड इंटरनेशनल सिंगापुर स्थित क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। जो दुनिया की अन्य कंपनियों को उनके एआई मॉडल ट्रेन करने के लिए महंगे कंप्यूटर और जीपीयू की ताकत किराये पर मुहैया कराती है। मेगास्पीड की मलेशियाई सहयोगी इकाई ने जून 2024 से फरवरी 2026 के बीच एनवीडिया तकनीक वाले 4.8 अरब डॉलर यानी करीब 40 हजार करोड़ रुपए के अत्याधुनिक एआई उपकरण और चिप्स खरीदे। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय और खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, ये चिप्स मध्यस्थों के जरिए चीन भेजे जाने की आशंका थी।


खबर संक्षेप

दुबई में 21 साल की भारतीय छात्रा की मौत




दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शहर दुबई में एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय भारतीय छात्रा की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब उसकी कार का टायर पंचर हो गया था। कैनेडियन यूनिवर्सिटी दुबई में आर्किटेक्चर की फाइनल ईयर की छात्रा, नाइफा बल्कीस हमीद, अपनी कार के बाहर खड़ी होकर मदद मांग रही थी, तभी अल खवानीज स्ट्रीट पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। गाड़ी के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

बुल्गारिया में सड़क हादसा, 12 की मौत



सोफिया। बुल्गारिया में मंगलवार को घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजधानी सोफिया को काला सागर के बंदरगाह शहर बर्गास से जोड़ने वाले हाईवे पर 86 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 46 घायल हुए हैं। हाईवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया। हादसे के कारण बुल्गारिया की राष्ट्रपति इलियाना योतोवा ने भी अपना विदेश दौरा बीच में छोड़ दिया। वह पेरिस पीस फोरम में शामिल होने के लिए पेरिस गई थीं।

ऑस्ट्रेलिया में मेयर बने अभिषेक अवस्थी



विक्टोरिया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के निवासी अभिषेक अवस्थी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के ग्रेटर बेंडिगो शहर में डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब वह मेयर बन गए हैं। इसके साथ ही वह इस शहर के महापौर बनने वाले पहले मूल भारतीय बन गए हैं। 9 नवंबर को ग्रेटर बेंडिगो स्थित द कैपिटल थिएटर में आयोजित समारोह में अभिषेक अवस्थी ने मेयर पद की शपथ ली। उन्होंने आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। उनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा।

रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाएगा भारत, संवाद और शांति का रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से की बात हर संभव सहायता देने का फिर दिया भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत इस पूरी प्रक्रिया में अमेरिका को भी लगातार जानकारी दे रहा | दोनों देशों को आपसी रूप से लाभ पहुंचाने पर हुई बातचीत

रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध को खत्म कराने की कोशिशों में भारत एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहा है। एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की, तो दूसरी तरफ विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से संपर्क साधा। इन दोनों कूटनीतिक बातचीत को काफी अहम माना जा रहा है।

इससे संकेत मिल रहे हैं कि भारत दोनों देशों के बीच संवाद और शांति का रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने जारी संघर्ष पर चर्चा की। भारत और यूक्रेन के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी बात हुई। पीएम कार्यालय (पीएमओ) के बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जारी संघर्ष से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया।

आपसी सहयोग और मजबूत करेंगे


राष्ट्रपति जेलेंस्की और पीएम मोदी फाइल फोटो

बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने भारत के 'मानव-केंद्रित दृष्टिकोण' को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत का लगातार यही रुख रहा है कि इस संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिये होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए होने वाले हर प्रयास में भारत योगदान देने को तैयार है। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में भारत और यूक्रेन के बीच आपसी सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की। इसका मकसद दोनों देशों के लोगों को आपसी रूप से लाभ पहुंचाना है।

शांतिपूर्ण समाधान के लिए तैयार भारत

फोन पर बातचीत के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ फोन पर उपयोगी बातचीत करके खुशी हुई। हमने अपने व्यापक द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। भारत और यूक्रेन के संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई। उन्होंने आगे लिखा कि जारी संघर्ष, इसके मानवीय पहलुओं और शांति बहाल करने के लिए किए जा रहे अलग-अलग प्रयासों पर अपना नजरिया साझा करने के लिए मैंने राष्ट्रपति जेलेंस्की का धन्यवाद किया। शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में हरसंभव तरीके से योगदान देने की भारत की मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई।

भारत मध्यस्थता के लिए तैयार

बातचीत के बाद जेलेंस्की ने कहा कि कहा कि खाद्य सुरक्षा ऐसा ही एक क्षेत्र हो सकता है। हमने काला सागर के रास्ते अनाज के निर्यात को रूस की ओर से रोके जाने पर चर्चा की। भारत खाद्य गलियारे बनाने में मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। हम उम्मीद करते हैं कि ये प्रयास जारी रहेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस को समझना चाहिए कि समुद्री रास्ते बंद होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था और दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, हम इस बात पर सहमत हुए कि हमारी टीमें इन और दूसरे द्विपक्षीय मुद्दों पर संपर्क में रहेंगी।

जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से की बात

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार शाम रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से फोन पर बातचीत की। इस दौरान यूक्रेन संघर्ष और युद्ध समाप्त करने के लिए जारी कूटनीतिक पहलों पर विस्तार से चर्चा हुई। जयशंकर ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि



रूसी विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत का मुख्य केंद्र यूक्रेन संघर्ष और उससे जुड़े मौजूदा कूटनीतिक प्रयास रहे। जयशंकर ने बताया था कि पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ दिल्ली और उससे पहले बिश्केक में बातचीत की थी। इसके अलावा, वह स्वयं पहले मॉस्को जा चुके हैं और रूसी विदेश मंत्री लावरोव के साथ लगातार संपर्क में हैं। विदेश मंत्री के अनुसार, भारत इस पूरी प्रक्रिया में अमेरिका को भी लगातार जानकारी दे रहा है। उन्होंने कहा था कि अमेरिकी प्रशासन अपनी ओर से शांति मध्यस्थता की पहल कर रहा है और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी है। भारत का उद्देश्य विभिन्न पक्षों के साथ संपर्क बनाए रखते हुए ऐसे व्यावहारिक रास्ते तलाशना है, जिनसे युद्ध के प्रभावों को कम किया जा सके।

तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

17 की मौत, 12 घायल, 6 अरेस्ट राष्ट्रपति ने 'जांच' के दिए आदेश

एजेंसी ▶▶ अंकारा

तुर्किये के पश्चिमी हिस्से में सोमवार को एक स्टील प्लांट में भीषण धमाका होने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। धमाके के बाद प्लांट में भीषण आग लग गई और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। हादसा इजमिर प्रांत के अलियागा में स्थित हाबास (एचएबीएएस) आयरन एंड स्टील प्लांट में हुआ। यह फैक्ट्री हबास डेमिर सेलिक कंपनी की है, जो तुर्किये की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल है। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोगों को भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। घटना के बाद आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय गवर्नर सुलेमान एल्बान ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। प्लांट में एक बॉयलर बदलने का काम चल रहा था। इसी दौरान एक क्रेन भट्ठी में गिर गई। इसके कारण पास की स्टील मिल में जोरदार धमाका हो गया।


तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

राहत और बचाव कार्य जारी

एल्बान ने कहा कि कुछ लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसे के समय 300 कर्मचारियों की जगह करीब 200 कर्मचारी थे। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने कैबिनेट बैठक के बाद हादसे में हुई मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और बचाव दल लगातार राहत और बचाव के काम में जुटे हैं। धमाके की न्यायिक और प्रशासनिक जांच शुरू कर दी गई है। एर्दोआन ने कहा कि यह दुखद घटना पूरे देश के लिए गहरे दुख का कारण बनी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हादसे की वजह, परिस्थितियों और इसमें किसी की लापरवाही या जिम्मेदारी की पूरी जांच की जाएगी।

कई घायल अस्पताल में भर्ती

गृह मंत्री मुस्तफा चिफ्तची ने बताया कि आपातकालीन टीमें आग बुझाने और हताहतों की तलाश में जुटी रहीं। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है। न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार सरकारी अभियोजकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। धमाके के सिलसिले में 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

रिजिजू ने सऊदी में किए हस्ताक्षर

हज-2027 के लिए भारत का कोटा 1,75,025 तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 6 से 9 नवंबर 2026 तक सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा की। इस दौरान भारत और सऊदी अरब ने हज-2027 की तैयारियों की समीक्षा की और भारतीय हज यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम तथा आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने पर सहमति जताई।

दोनों देशों के बीच हज-2027 के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए। इसके तहत भारत का हज कोटा 1,75,025 निर्धारित किया गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक


किरेन रिजिजू और डॉ. तौफीक

कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव (हज) और हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ शामिल रहे। 9 नवंबर को रिजिजू ने जेद्दा सुपरडोम में सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्री डॉ. तौफीक बिन फवजान अल-रबियाह के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें सऊदी अरब में भारत के राजदूत और संयुक्त सचिव (हज) भी शामिल हुए। बैठक में हज-2027 की तैयारियों की समीक्षा की गई।

इजराइली राष्ट्रपति का आइजेनकोट को न्योता

नई सरकार बनाने 28 दिन की दी मोहलत, सियासी जोड़तोड़ तेज

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने रविवार (8 नवंबर) को सरकार गठन को लेकर फैसला लिया। उन्होंने आइजेनकोट को नई सरकार बनाने का आधिकारिक जिम्मा सौंपा। इसके लिए उन्हें 28 दिन का समय दिया गया है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति उन्हें 14 दिन का अतिरिक्त समय भी दे सकते हैं। नई सरकार बनाने के लिए संसद में 120 में से कम से कम 61 सदस्यों का समर्थन जरूरी है।

इजराइल में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पूर्व सेना प्रमुख और विपक्षी नेता गादी आइजेनकोट ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के


आइजेनकोट और राष्ट्रपति हर्जोग

सहयोगी दलों से संपर्क कर अपनी सरकार में शामिल होने का न्योता दिया है। आइजेनकोट ने अपनी पार्टी याशर के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की ओर से नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच की दक्षिणपंथी पार्टी 'रिलीजियस जायोनिज्म' को भी साथ आने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, उनकी शर्त है कि गठबंधन सरकार का नेतृत्व वह स्वयं करेंगे।

फ्रांस के विदेश मंत्री बैरोट का ईरान पर बड़ा आरोप

सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर हैक किए प्रतिबंध लगाने की दी कड़ी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस ने ईरान को साइबर हमले के लिए कड़ी कार्रवाई और प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। फ्रांस विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ईरान की सेना की एक साइबर यूनिट ने अक्टूबर में देश के 700 सुपरमार्केट को निशाना बनाया था। हैकर्स ने दुकानों के फ्रिज और फ्रीजर का सिस्टम हैक कर उनका तापमान बढ़ा दिया था।

इससे खाने-पीने का सामान खराब हो गया और दुकानदारों को बड़ी मात्रा में सामान फेंकना पड़ा। बता दें, फ्रांस में 11 और 12 अक्टूबर को हुए साइबर हमले में सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर सिस्टम हैक किए गए थे।



आईआरजीसी के खिलाफ जांच शुरू

फ्रांस के सरकारी वकील लॉर बेकुओ ने ईरान की सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की साइबर यूनिट शाहिद कावेह के खिलाफ जांच शुरू की है। इसी यूनिट पर हमले के पीछे होने का आरोप है। इस यूनिट से जुड़े दो अधिकारियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग भी की है।

जवाबी कार्रवाई के सभी विकल्प खुले


बैरोट ने कहा कि ईरान के राजदूत को तलब किया जाएगा। फ्रांस इस मामले में यूरोपीय संघ (ईयू) से ईरान पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी करेगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस जवाबी कार्रवाई के सभी विकल्प खुले रखेगा। इसमें ऐसे कदम भी शामिल हैं, जिनकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। बैरोट ने कहा कि फ्रांस का मकसद ईरान या किसी दूसरे देश को भविष्य में ऐसे हमले करने से रोकना है। उन्होंने इस हमले को फ्रांस की धरती पर अब तक का सबसे बड़ा और आक्रामक साइबर हमला बताया।

ईरान युद्ध पर ट्रंप का यू-टर्न

कतर के पीएम थानी से मुलाकात बाद बोले- हमले की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के साथ आठ महीने से जारी युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि सैन्य रूप से ईरान के खिलाफ लड़ाई प्रभावी तौर पर खत्म हो चुकी है लेकिन अमेरिकी सेना अलर्ट पर रहेगी। फिलहाल अमेरिका मौजूदा स्थिति बनाए रखना चाहता है और दोबारा बड़े हमले करने की जरूरत नहीं दिख रही है। ट्रंप ने सोमवार को कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी से मुलाकात के बाद कहा कि ईरान सैन्य रूप से प्रभावी तौर पर खत्म हो चुका है। हम फिलहाल


डोनाल्ड ट्रंप और शेख अल थानी

मौजूदा स्थिति बनाए रख रहे हैं। ईरान का नेतृत्व बुरी तरह कमजोर हुआ है। हालांकि, अमेरिका की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय तक निष्क्रिय रहे और वह परमाणु हथियार बनाने की स्थिति में न पहुंचे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में सकारात्मक प्रगति हो रही है।

विदेश मंत्रालय की अमेरिका को दो टूक, प्रवक्ता रणधीर जायसवाल बोले

आतंकी पन्नू का मुकदमा निराधार, यह पूरी तरह अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू से जुड़े दीवानी मुकदमे के मामले में अमेरिका की एक संघीय अदालत ने पिछले महीने भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल, पूर्व रॉ अधिकारी विक्रम यादव और निखिल गुप्ता को जारी किए गए समन को लेकर मंगलवार को भारत ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका में किए गए मुकदमे निराधार हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह से अस्वीकार करता है। साथ ही हम अपने वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ किए गए मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण हमलों को भी सिरे से खारिज करते हैं। हमारे देश में न्यायिक दस्तावेजों की तामील कराने का आग्रह सिर्फ और सिर्फ भारत द्वारा नामित केंद्रीय प्राधिकरण यानी कानून एवं न्याय मंत्रालय के मार्फत ही संभव है।

भारतीय दूतावास को भेजा डिप्लोमेटिक नोट


रणधीर जायवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

बता दें, ये मामला पन्नू द्वारा 2024 में दायर किए गए एक मुकदमे में भारतीय अधिकारियों पर उसकी 2023 में न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश रचने के आरोपों से जुड़ा हुआ है। अदालत ने बीते 9 नवंबर को दिए अपने एक आदेश में पन्नू की याचिका को स्वीकार किया है। लेकिन अब उसे नोटिस भेजने की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए 30 नवंबर तक महत्वपूर्ण दस्तावेज अदालत के समक्ष जमा कराने होंगे। वहीं, इन सबके बीच अमेरिका के विदेश विभाग ने बीते सोमवार को वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास को एक राजनयिक नोट भेजने की पुष्टि की है। जिस पर 30 सितंबर की तारीख दर्ज है। अमेरिकी पक्ष हालांकि इस तथ्य की भी पुष्टि कर चुका है कि नोट भेजने का यह अर्थ कतई नहीं है कि अदालत में जारी मुकद्दमे का वह किसी भी प्रकार से पक्ष ले रहा है या उसके समर्थन में खड़ा है।

शेख हसीना का प्रत्यर्पण 'कानूनी मामला'

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की भारत से स्वेच्छा से जारी घर वापसी की कोशिशों और पूर्व में ढाका की सरकार द्वारा नई दिल्ली से की गई उनके प्रत्यर्पण की मांग के मामले पर जायसवाल ने पुनः भारत का पक्ष मजबूती के साथ दोहराते हुए कहा कि पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मामला एक कानूनी मामला है। जिसमें कानून के मुताबिक ही आगे बढ़ा जाएगा यानी निपटा जाएगा। उन्होंने ये भी बताया कि पूर्व पीएम द्वारा अपनी देश वापसी के लिए बांग्लादेश के उच्चायोग के समक्ष की गई नया पासपोर्ट और राष्ट्रीयता प्रमाणपत्र जारी करने की मांग किसी भी तरह से अनुचित नहीं है। वह ऐसा कर सकती हैं।

चीनी इन्फ्लुएंसर्स की हरकतें दुर्भाग्यपूर्ण, कड़ी कार्रवाई हो

चीन के इन्फ्लुएंसर्स ने हाल ही में बांग्लादेश की राजधानी ढाका के कुछ झुग्गी झोपड़ी वाले इलाकों का दौरा कर वहां कुछ वीडियो शूट किए। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर जानबूझकर ढाका के इलाकों को नई दिल्ली का बताकर भारत की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। इस पर जायसवाल ने कहा कि किसी दूसरे देश के बारे में इस प्रकार से सोशल मीडिया में गलत तस्वीर प्रस्तुत करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ढाका को नई दिल्ली की तरह से दिखाना एक प्रकार का गलत और झूठा प्रचार था। जिसमें इन्फ्लुएंसर्स के पीछे छिपी हुई असल ताकतों की अपनी विश्वसनीयता समाप्त होती है। भारत की यह मांग है कि इस मसले को लेकर चीन के संबंधित अधिकारी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

सबालेंका की विजयी शुरुआत, एक घंटे 53 मिनट में मुचोवा को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

एरिना सबालेंका ने कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेट में 7-6 , 7-5 से हराकर 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

पूर्व विश्व नंबर एक सबालेंका ने 1 घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा से होगा। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका 2022 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंडस्लैम खिताब के सत्र का समापन करेंगी। वह डब्ल्यूटीए की साल के अंत की नंबर एक रैंकिंग की दौड़ से भी बाहर हो चुकी हैं। उनकी प्रतिद्वंद्वी एलेना रिबाकिना के वायरल बीमारी के कारण डब्ल्यूटीए फाइनल्स से हटने के बावजूद सबालेंका शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सकेंगी। हालांकि 28 वर्षीय सबालेंका के पास पहली बार सत्र के अंतिम टूर्नामेंट का खिताब जीतने का मौका है। वह इससे पहले 2022 और 2025 में उपविजेता रही थीं।

बारिश ने बिगाड़ा बुमराह-जडेजा का खेल भारत-न्यूजीलैंड 'ए' सीरीज 0-0 से ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लिंकन

जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को लंबे ब्रेक के बाद मैच अभ्यास हासिल करने का मौका नहीं मिल सका क्योंकि भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे और अंतिम दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के कारण ड्रॉ समाप्त हुआ। मैच के तीसरे दिन सोमवार को भी बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। इस तरह तीन मैच की शृंखला के सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ए ने यशस्वी जायसवाल के शृंखला के लगातार दूसरे शतक और साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, तिलक वर्मा तथा वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से 5 विकेट पर 464 रन बनाकर पारी घोषित की थी। न्यूजीलैंड ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट पर 36 रन बनाए थे।

19 नवंबर से वेलिंगटन में टेस्ट सीरीज

भारतीय टीम के नजरिए से यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि ब्रेक के बाद वापसी कर रहे बुमराह और जडेजा को मैच अभ्यास का मौका मिलने की उम्मीद थी। बुमराह ने अपना पिछला मैच तीन अक्टूबर को जापान के आइची-नागोया में पाकिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में खेला था। उन्हें न्यूजीलैंड दौरे के सीमित ओवरों के चरण से विश्राम दिया गया था, जिससे कि 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए वह तरोताजा रह सकें। इस मुकाबले में बुमराह को केवल छह ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 11 रन दिए। वह टेस्ट शृंखला से पहले कई स्पैल गेंदबाजी करके अच्छी लय हासिल करना चाहते थे लेकिन खराब मौसम ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया।



तीसरे नंबर पर पडिक्कल की जगह लगभग पक्की

पडिक्कल ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में 199 रन बनाए थे, जिससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। सुदर्शन ने भी कुछ अर्धशतक जड़कर अपनी उपयोगिता साबित की। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद आकाश दीप भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा चौथे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करते हैं या नहीं। आकाश दीप उपयोगी बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं।

जडेजा को मिला बल्लेबाजी का मौका

विदेशी परिस्थितियों में आमतौर पर प्रमुख बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले जडेजा को बल्लेबाजी का मौका मिला। उन्होंने 71 गेंद का सामना करते हुए 25 रन बनाए और एक घंटे 20 मिनट तक क्रीज पर रहे। हालांकि जडेजा को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि भारत ए की टीम केवल 14 ओवर ही गेंदबाजी कर सकी।

8 प्लेयर होंगे वेलिंगटन रवाना

बुमराह, जडेजा के अलावा जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप अब वेलिंगटन रवाना होंगे, जहां भारतीय सीनियर टीम की नजरें बारिश नहीं होने की स्थिति में छह अभ्यास सत्र के जरिए तैयारी करने पर होंगी।भारत ए की शृंखला की बात करें तो जायसवाल के लगातार दो शतक और पडिक्कल का शानदार प्रदर्शन टीम के लिए दो बड़ी सकारात्मक चीजें रहीं।

खबर संक्षेप



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे भरत

अबुधाबी। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने कहा कि उनकी नजरें फरवरी 2027 में अनिवार्य ब्रेक का समय (कूलिंग ऑफ पीरियड) समाप्त होने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राष्ट्रीय टीम के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर टिकी हैं। भरत ने 2023 से 2024 के बीच भारत के लिए 7 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने इस साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, जिसके बाद वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के पात्र हो गए थे। अबुधाबी टी10 में एमिरेट्स ईगल्स की ओर से खेल रहे भरत ने कहा, ''देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना सबसे शानदार एहसास होता है। इसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर आप सिर्फ खेलना चाहते हैं। मैं पिछले कई वर्षों से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं।'

12 नवंबर को न्यूजीलैंड रवाना होंगे पंत



नई दिल्ली। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट शृंखला से पहले बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से फिटनेस मंजूरी मिलने की उम्मीद है। पंत फिटनेस संबंधी मंजूरी मिलने के बाद गुरुवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी टेस्ट टीम को मजबूती प्रदान करेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'पंत पूरी तरह फिट हैं। वह आज सीओई में मैच सिमुलेशन (मैच जैसी परिस्थिति) अभ्यास कर रहे हैं। बुधवार को उनका एक और सिमुलेशन सत्र निर्धारित है। दोनों सत्र सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद पंत 12 नवंबर को वेलिंगटन के लिए रवाना हो जाएंगे।'

शतरंज में भारत का शतक पूरा, 22 साल के श्रीवात्री बने 100वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुज श्रीवत्री को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज में यह शतक पूरा करना देश के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। मोदी ने कहा कि भारत में 100 ग्रैंडमास्टर होना खिलाड़ियों की अपार प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ ही देश के युवाओं के बीच इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत ने शतरंज में शतक पूरा कर लिया है! है ना यह असाधारण उपलब्धि? भारत अब 100 शतरंज ग्रैंडमास्टर वाला देश बन गया है। भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवत्री को बधाई! यह कितनी शानदार उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि यह उपलब्धि कई और युवाओं को शतरंज अपनाने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।'

मध्यप्रदेश के निवासी है अनुज श्रीवत्री

मध्यप्रदेश के अनुज श्रीवत्री ने फिलिपीन्स के सिनाकाबान में सातवीं आसियान प्लस व्यक्तिगत ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे।

भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज बारिश की भेंट चढ़ा तीसरा मैच

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन



भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को सेडन पार्क में खेला जाने वाला तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। भारत पांच मैच की शृंखला में 2-0 से आगे है। दोनों टीम अब अंतिम दो मुकाबलों के लिए टाउरंगा रवाना होंगी, जहां 13 और 15 नवंबर को मैच खेले जाएंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लगातार तीसरी बार टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पिछले दो मुकाबलों में उतरी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। हालांकि 40-40 ओवर के मैच के लिए मैदान से कवर्स हटाए जाने के दौरान एक बार फिर बारिश शुरू हो गई। 20-20 ओवर के मुकाबले के लिए स्थानीय समयानुसार शाम 7 बजकर 50 मिनट की निर्धारित समय सीमा में कम से कम 70 मिनट शेष होने के बावजूद दोनों अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया।

कुमामोतो मास्टर्स : प्री क्वार्टर फाइनल में गायत्री-त्रीसा

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो



गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की भारत की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में स्थानीय दावेदार हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस साल नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री और त्रीसा की भारतीय जोड़ी ने जापान की जोड़ी के खिलाफ 42 मिनट में 21-17, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा की जोड़ी को क्वालीफाइंग के पहले दौर में चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी ने 21-16, 21-15 से हराया।

विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप

टीम को गोल्ड मेडल, पदक से चूकी ईशा और मनु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में मंगलवार को दोहा में चल रही महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में स्टार निशानेबाज मनु भाकर और ईशा सिंह पदक के साथ ही 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का मौका चूक गईं। व्यक्तिगत फाइनल में ईशा सिंह आठवें और अंतिम स्थान पर रहीं, जबकि मनु भाकर मामूली अंतर से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहीं।

क्वालीफिकेशन दौर में ईशा और मनु का शानदार प्रदर्शन

ईशा और मनु ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। ईशा तीसरे और मनु छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। दोनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में अपना प्रदर्शन बरकरार नहीं रख सकीं। इस चैंपियनशिप में लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कुल 36 कोटा दांव पर हैं। ईशा का प्रदर्शन फाइनल में निराशाजनक रहा। वह चार सीरीज में क्रमशः एक, पांच, तीन और दो निशाने ही साध सकीं। इस तरह 20 में से केवल 11 हिट के साथ उन्हें सबसे पहले बाहर होना पड़ा। मनु ने कई शूटऑफ में जगह बनाकर पदक की उम्मीदें कायम रखीं, लेकिन आखिरकार वह चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने कुल 27 हिट हासिल किए। भारत अब तक केवल एक ओलंपिक कोटा हासिल कर सका है। यह कोटा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय ने दिलाया है।

अंडर 19 एशिया कप : आर्यवीर ने यूएई के खिलाफ ठोका शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| अल अमीरात



आर्यवीर सहवाग ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई के खिलाफ विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने पिता वीरेंद्र सहवाग के अंदाज ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 168 गेंदों में 7 छक्कों और 17 चौकों के साथ 160 रन कूटे। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड (मिनिस्ट्री टर्फ 2) में जारी इस मुकाबले में भारत ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी चुनी। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के साथ आर्यवीर बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे। इस जोड़ी के बीच 83 गेंदों में 62 रन की साझेदारी हुई। लक्ष्य रायचंदानी 32 गेंदों में 2 चौकों के साथ 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद आर्यवीर ने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 183 गेंदों में 193 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 255 के स्कोर तक पहुंचा दिया। टीम को आर्यवीर सहवाग के रूप में दूसरा झटका लगा, जिन्होंने 168 गेंदों में 7 छक्कों और 17 चौकों के साथ 160 रन की पारी खेली, जबकि वीके विनीत ने 69 गेंदों में 67 रन बनाए।

क्रेग ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेली नाबाद 206 रन की पारी

इरविन ने रचा इतिहास, 41 साल की उम्र में ठोका दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶| हरारे



जिम्बाब्वे के दिग्गज बल्लेबाज क्रेग इरविन ने कमाल कर दिया। वह 75 सालों में टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 206 रन बनाकर इतिहास रचा।

उनसे पहले 40 साल से अधिक उम्र के जिस पछिले खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाया था, वह ग्राहम गूच थे। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने 1994 में यह कारनामा किया था। इरविन ने अफगान टीम के खलिाफ 279 गेंदों पर 206 रन बनाए, जिससे टीम का कुल स्कोर 523/5 तक पहुंच गया और सीरीज का पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

इरविन से आगे रोवन और हॉब्स

इरविन ओवरऑल टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे और पछिले 75 सालों में पहले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। इस सूची में इरविन से आगे एरिक रोवन और जैक हॉब्स हैं। 1951 में हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए खेलते हुए रोवन ने 236 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 42 साल और 6 दिन थी। 1924 में लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड के लिए खेलते हुए हॉब्स ने 211 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 41 साल और 195 दिन थी। जब मैच शुरू हुआ, तब इरविन की उम्र 41 साल और 78 दिन थी और उन्होंने 41 साल और 82 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया। अपने-अपने मैचों की शुरुआत के समय वे हॉब्स से 117 दिन छोटे थे, इसलिए वे इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।





सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

मुंबई। सिक्योरिटी थ्रेट और खराब सेहत से जुड़ी खबरों के बीच बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपना वर्षों पुराना संडे ट्रेडिशन जारी रखा। रविवार शाम अभिनेता अपने जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के बाहर पहुंचे और वहां मौजूद प्रशंसकों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हर रविवार की तरह इस बार भी शाम करीब 5:30 बजे अमिताभ बच्चन अपने घर से बाहर निकले। हालांकि, इस बार उनके बाहर आने का अंदाज पिछले सप्ताह से अलग रहा। पिछले रविवार जहां बिग बी सुरक्षा कारणों से बुलेटप्रूफ फ्रेम के पीछे नजर आए थे, वहीं इस बार वह बिना किसी बुलेटप्रूफ फ्रेम के प्रशंसकों के सामने आए।
इस दौरान उनके बेटे और अभिनेता अभिषेक बच्चन भी उनके साथ दिखाई दिए।



हॉलीवुड मसाला



जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर्स का स्क्रीन टेस्ट

नई दिल्ली। जेम्स बॉन्ड की अगली कड़ी में डेनियल क्रेग की जगह लेने के लिए 5 हॉलीवुड एक्टर्स ने स्क्रीन टेस्ट दिया है। उनमें रॉबर्ट पैटिनसन, निकोलस हॉल्ट), जैक लोडेन, जोश ऑ कॉर्नर और कैलम टर्नर का नाम शामिल हैं। निर्माताओं की मानें तो जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए इन्हीं पांच अभिनेताओं में से एक को चुना जा सकता है। 007 को पसंद करने वाले कई इंडियन फैंस का ये भी मानना है कि जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे ऋतिक रोशन को भी एमआई6 एजेंट बनाने पर विचार कर सकते हैं।

लाइफ Style

अनीत

अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

एजेंसी ⏭ मुंबई

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने इस बार अपने को-एक्टर अहान पांडे के परिवार के साथ दिवाली मनाई। अहान की मां डीन पांडे ने इस सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाले अहान पांडे अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

फिल्म की रिलीज के बाद से ही अहान अपनी को-स्टार अनीत पड्डा के साथ अपनी खास बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों अनीत ने अहान पांडे और उनके परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और अब दिवाली भी उन्होंने पांडे फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट की। अहान पांडे की मां डीन पांडे ने सोशल मीडिया पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। अनीत पड्डा अक्सर अहान पांडे के परिवार के साथ नजर आती रहती हैं और अब दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान भी वह पांडे परिवार के साथ नजर आईं। डीन पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं, जिसमें उनके साथ अनीत भी पोज देती दिखीं। एक सेल्फी में जहां अनीत सिर पर दुपट्टा ओढ़े मुस्कुराती नजर आ रही हैं, जबकि डीन ने पाउट बना रखा है। वहीं एक अन्य तस्वीर में गुलाबी रंग का सूट पहने अनीत, डीन और अन्य महिलाओं के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पिछले दिनों अनीत पड्डा अहान की बहन अलाना पांडे के बेबी शावर में भी शामिल हुई थीं, जहां पांडे परिवार के सदस्यों के साथ उनकी जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली।

विदेश में भी नही भूलीं भारतीय संस्कृति



नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने भी बाकी सेलेब्स की तरह ही दिवाली मनाई। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक्ट्रेस ने दिवाली की ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। विदेश में भी वो अपनी भारतीय संस्कृति को नहीं भूली हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आयोजित एक पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति निक जोनस और अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने बरगंडी और सुनहरे रंग का स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जिस पर जरदोजी, मोतियों का काम और सुनहरे धागों की कढ़ाई की गई थी। इसके साथ उन्होंने एक छोटी सी कुंदन की मांग-टीका, बड़े सुनहरे झुमके और उनसे मेल खाती चूड़ियां पहनी थीं। उन्होंने अपने बालों को एक स्लीक लो बन (जूड़े) में बांधा था, जिसमें ताजा सफेद गजरा लगा हुआ था। 'बर्फी' फेम इस एक्ट्रेस ने बेरी शेड की लिपस्टिक और स्मोकी आईज के साथ अपना लुक पूरा किया। निक जोनस ने क्रीम और सफेद रंग का कढ़ाई वाला कुर्ता सेट पहना था। अपने पिता से मेल खाते हुए, नन्ही मालती ने सफेद रंग का लहंगा पहना था।

टीवी मसाला



कॉफी विद करण 9 में सिद्धार्थ कियारा ने खोले कई राज

नई दिल्ली। बॉलीवुड के पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वजह है करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9', जहां दोनों अगले एपिसोड में एक साथ दिखने वाले हैं। शादी के बंधन में बंधने और अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के अनाउंसमेंट के बाद यह इस जोड़ी का पहला ऑन-स्क्रीन टीवी अपीयरेंस है। सामने आए वीडियो में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने पहली बार किसी टॉक शो में बतौर पेरेंट्स-टू-बी एक साथ खुलकर अपने दिल की बात रखी है। सबसे पहले कियारा आडवाणी बताती दिखीं कि उनकी शादी में करण जौहर ने किस गाने में डांस किया था। वो बताती हैं कि शाहिद ने सोचा कि तुम्हे कंपनी देंगे और तुमने उसे धक्का मार कर वहां से हटा दिया। जिसके बाद करण जौहर अपना चेहरा छिपाते हुए दिखे। रोल प्ले को लेकर सिद्धार्थ ने कहा कि हम अपना काम घर पर नहीं लाते हैं। खासकर बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं लाते। प्रोमो की शुरुआत से ही कियारा का स्टनिंग लुक और उनका ग्रेसफुल अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रेग्नेंसी के फेज में कियारा का यह ग्लैमरस अवतार फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। शो के दौरान दोनों ने अपनी शादी की कुछ अनसुनी यादें ताजा कीं। और एक-दूसरे के छोटे-छोटे सीक्रेट्स सबके सामने रखे। सोशल मीडिया पर यह प्रोमो आते ही ट्रेंड करने लगा है। और दर्शक इस पूरे एपिसोड के टेलीकास्ट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कप्तानी टास्क के दौरान हाथापाई!

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ हंगामा बढ़ता ही जा रहा है। कप्तानी टास्क के दौरान घर के दो मजबूत कंटेस्टेंट्स स्काउट और यंग डीएसए के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कप्तानी टास्क के दूसरे राउंड में उदिति रोबोट चेयर पर बैठी थीं। टीम-ए का मकसद उदिति को रुलाना था। उदिति को इमोशनल करने के लिए स्काउट ने उनकी पारिवारिक तस्वीर के कोने को हल्का सा जला दिया। इस टास्क के दौरान गुल्लू और यंग लगातार स्काउट के परफॉर्मेंस के बीच में आ रहे थे और कमेंट्स कर रहे थे। स्काउट ने दोनों को बार-बार दूर रहने की चेतावनी दी, लेकिन यंग ने कमेंट करना बंद नहीं किया।



कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी में कफ्तान पहनकर पहुंचीं बेबो



नई दिल्ली। सोनी राजदान ने हाल ही में कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी की झलक शेयर की, जिसमें पूरा परिवार साथ-साथ दिवाली सेलिब्रेट करता दिखा। लेकिन, हर किसी की निगाहें करीना कपूर के लुक पर ठहर गईं, जो दिवाली पार्टी पर एक नया ही अवतार फ्लॉन्ट करती दिखीं। दिवाली पर बॉलीवुड सेलेब्स के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिले। आलिया भट्ट ने जहां पिस्ता ग्रीन लहंगे में सुर्खियां बटोरीं तो वहीं श्रद्धा कपूर ने बटरी येलो अनारकली सूट में अपनी सादगी से सबके दिल जीत लिए। अब करीना कपूर ने भी अपने दिवाली लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और अपने अलग अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



भाई-बहन के प्यार का खूबसूरत गीत, 41 साल पहले बेबी लता ने गाया था 'भैया दूज सुहानी'

नई दिल्ली। दिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद अब भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज मनाया जाएगा। इस खास दिन पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई-बहन के इसी खूबसूरत रिश्ते को भारतीय सिनेमा ने भी कई गीतों के जरिए पर्दे पर उतारा है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है, जो आज से 41 साल पहले रिलीज हुआ था और आज भी भैया दूज के मौके पर याद किया जाता है।

1983 में आई थी फिल्म नवरात्रि

भैया दूज के महत्व और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाला यह गाना साल 1983 में आई फिल्म नवरात्रि का है। 'भैया दूज सुहानी' बोल वाले इस गीत में त्योहार की परंपराओं और उससे जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज देने वाली गायिका हेमलता हैं। दिलचस्प बात यह है कि हेमलता को हिंदी सिनेमा में 'बेबी लता' के नाम से भी पहचाना जाता है। दरअसल, उनकी आवाज में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जैसी समानता महसूस की जाती थी। यही वजह रही कि कई लोग उनकी गायिकी को लता जी की आवाज से जोड़कर देखते थे। फिल्म 'नवरात्रि' का यह गीत भी हेमलता की मधुर आवाज की वजह से श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा।



रवींद्र ने लिखे थे खूबसूरत बोल : इस सदाबहार गीत को यादगार बनाने में संगीतकार और गीतकार रवींद्र जैन की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने ही 'भैया दूज सुहानी' के बोल लिखने के साथ इसकी धुन भी तैयार की थी। हेमलता की आवाज और रवींद्र जैन के संगीत का यह मेल गीत को एक अलग पहचान देता है। रिलीज के 43 साल बाद भी यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भैया दूज की परंपरा को याद दिलाता है।

लोकधुन और त्योहार की परंपरा का सुंदर मेल

'भैया दूज सुहानी' की खासियत सिर्फ इसके बोल या गायिकी तक सीमित नहीं है। इस गीत में भैया दूज से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकसंगीत की झलक भी देखने-सुनने को मिलती है। इसकी धुन और शब्द त्योहार के पारंपरिक रंग को जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि इसे महज एक फिल्मी गाना नहीं, बल्कि भैया दूज की भावना से जुड़ा पारंपरिक गीत भी माना जाता है।

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ आ रहा है वापस

ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज, लगेगा मनोरंजन का मेला

नई दिल्ली। दिवाली के बाद अब ओटीटी पर धमाका होने वाला है। त्यौहार के सीजन के बाद बिल्कुल भी बोरियत नहीं होगी, क्योंकि इस हफ्ते घर बैठे आप कई फिल्मों और शोज का आनंद ले सकते हैं।

पारिवारिक मनोरंजन

पंकज त्रिपाठी और अदिती राव हैदरी स्टारर पारिवारिक मनोरंजन इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

बांद्रा

एक उभरता हुआ फिल्म निर्माता 1990 के दशक की बॉलीवुड स्टार तारा जानकी (तमन्ना भाटिया) की संदिग्ध मौत की जांच करता है। फ्लैशबैक के जरिए हमें पता चलता है कि वह अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक क्रूर प्रोड्यूसर के चंगुल से बचकर केरल भाग गई थी, जहां उसने आला (दिलीप) नाम के एक प्रभावशाली व्यवसायी के यहां शरण ली थी। यह फिल्म 13 नवंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।



इथोस सीजन 2

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ वापस आ रहा है, जो पहले सीजन की घटनाओं के छह साल बाद की कहानी दिखाते हैं। यह अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिनकी राहें अनजाने में एक-दूसरे से टकराती हैं और जिनकी कहानियां एक थेरेपी रूम में आकर मिलती हैं। यह सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

द एंप्रेस सीजन 3

लोकप्रिय हिस्टोरिकल ड्रामा द इंप्रेस का तीसरा सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस सीजन में टोटल 6 एपिसोड होंगे।

जेलर 2 : रजनीकांत की जेलर 2 थिएटर के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। कहानी केरल में छिपे बैठे रिटायर्ड जेलर 'टाइगर' मुथुवेल पांडियन को तब बाहर आना पड़ता है, जब मूर्तियों की तस्करी करने वाला एक बेरहम गिरोह उसके पीछे पड़ जाता है। अपने परिवार को बचाने के लिए, वह इस गिरोह के कामकाज को निशाना बनाता है और गोवा के ताकतवर 'कल्पक' क्राइम परिवार का सामना करने के लिए अपने पुराने साथियों के साथ हाथ मिला लेता है। फिल्म 12 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 3

एरेगियन के पतन के पांच साल बाद, मिडिल-अर्थ युद्ध की चपेट में है, क्योंकि सौरॉन की सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। खजाद-डूम, लिंडन और रिवेंडेल अपने तीन रिंग्स की सुरक्षा में हैं और ये उन कुछ गढ़ों में से हैं जो डार्क लॉर्ड और उसकी पूरी तरह से जीत के बीच अभी भी डटे हुए हैं। सीजन 3 प्राइम वीडियो पर 11 नवंबर को रिलीज होगा।

ब्लाइंड गेम

जब एक दोस्त की नाकाम डकैती और एक आत्महत्या कई परेशान करने वाले सवाल खड़े कर देते हैं, तो सस्पेंड हो चुके ऑफिसर सिकंदर सिंह खुद को लालच और धोखे के एक खतरनाक जाल में फंसा हुआ पाते हैं। मनाली में सेट यह सस्पेंस थ्रिलर सिकंदर की कहानी है, जो गायब हुए खजाने का पता लगाने और इस रहस्य के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को बेनकाब करने के मिशन पर निकलता है। यह फिल्म जी5 पर 11 नवंबर को रिलीज होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930